सेंसेक्स 73,961.31 ↑ +75.71
डॉलर 83.438 ↑ +0.122
रांची सर्राफा
10 ग्राम 68,100
01 किलो 98,000

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
ईश्वर में हमारा विश्वास
सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 03 जून 2024, वर्ष-25, अंक-121, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



एग्जिट पोल फर्जी है, पीएम साबरमती आश्रम में...

## एक नजर

### पश्चिम बंगाल में दो निर्वाचन क्षेत्रों में फिर से चुनाव की मांग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल भाजपा ने रविवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से संपर्क कर दो लोकसभा क्षेत्रों में कुछ बूथों पर फिर से चुनाव कराने की मांग की। यहां लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में एक जून को वोटिंग हुई थी। सूत्रों ने कहा, भाजपा की राज्य इकाई ने 412 मतदान केंद्रों पर फिर से चुनाव कराने की मांग की है। इसमें 400 डायमंड हार्बर निर्वाचन क्षेत्र में और 12 मथुरापुर निर्वाचन क्षेत्र में हैं। भाजपा ने दावा किया,इन 412 मतदान केंद्रों पर फर्जी वोटिंग समेत बड़े पैमाने पर चुनावी गड़बड़ियां हुईं। कुछ गड़बड़ियां सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड भी हो गईं हैं। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा, चुनाव में गड़बड़ी का ऐसा ट्रेंड पहले बिहार और हरियाणा में देखने को मिला था। इस ट्रेंड को अब तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भी अपना लिया है।

### सीएम चंपाई सोरेन से बोले बाबूलाल मरांडी, मिठाई बांट लें

**रांची ।** टीवी चैनलों पर एग्जिट पोल जारी होने के बाद से ही झारखंड की राजनीति गर्म हो गयी है। कोई इस एग्जिट पोल को सिरे से नकार रहा है तो कोई इसे सही मानकर जीत का जश्न मना रहा है। सभी के अपने अलग अलग दावे हैं। सीएम चंपाई सोरेन ने भी दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए 295 से अधिक सीट जीतने का दावा कर दिया। अब उनके इस जवाब का बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर वे अपनी जीत को लेकर इतने आश्वस्त हैं कि तो कल ही मिठाई बांट लें। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एग्जिट पोल तो एग्जिट पोल होता है। एग्जिट पोल बताने वाली एजेंसी भी कहती है कि यह पूरी तरह से एग्जैक्ट नहीं है। इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। अब रही बात मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की जीत के दावे की, तो हम कहेंगे कि वह कल जीत की मिठाई भी बांट लें।

## आज | कल




# कल सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतों की गिनती

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा की 543 सीटों के लिए सात चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है। इसके साथ ही कई राज्यों में विधानसभा चुनाव भी संपन्न हुए हैं। अब उम्मीदवारों का सियासी भविष्य ईवीएम में कैद है। इस बीच, चुनाव आयोग ने कहा कि आंध्र प्रदेश और ओडिशा के विधानसभा उपचुनावों के लिए मतगणना चार जून को सुबह 8 बजे से शुरू होगी। लोकसभा चुनाव के साथ-साथ सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती रविवार सुबह छह बजे शुरू हुई, जिसके परिणाम दो बजे तक आ गए। **मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे नतीजे** : मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन अधिकारियों के साथ मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। चुनाव आयोग ने कहा कि मतगणना के रुझान और नतीजे आयोग की वेबसाइट के साथ-साथ मतदाता हेल्पलाइन ऐप आईओएस और एंड्रॉयड मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होंगे। वोटर हेल्पलाइन ऐप को गूगल प्ले स्टोर या एप्पल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यूजर्स मतदाता हेल्पलाइन ऐप से निर्वाचन क्षेत्र-वार या राज्यवार परिणामों के साथ-साथ विजेता या आगे या पीछे चल रहे उम्मीदवारों के विवरण का पता लगाने के लिए फिल्टर का इस्तेमाल कर सकते हैं। **निर्वाचन अधिकारियों-मतगणना एजेंट के लिए पुस्तिका जारी** : आयोग ने निर्वाचन अधिकारियों और मतगणना एजेंट के लिए एक पुस्तिका भी जारी की है, जो चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मतगणना की व्यवस्था, मतगणना की प्रक्रिया और ईवीएम/वीवीपैट के भंडारण के लिए आयोग के निर्देश पहले ही चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। लोकसभा की 543 सीटों के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, ओडिसा, सिक्किम और आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी कराए गए। सात चरणों में चली मतदान प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हुई।

## अरुणाचल : भाजपा ने रचा इतिहास, 60 में 46 सीटें जीतीं

**इटानगर।** साठ सदस्यीय अरुणाचल विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एतिहासिक जीत दर्ज की है। भाजपा ने 46 सीटें जीत कर विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत प्राप्त कर लिया है। भाजपा ने अपनी पिछली जीत का रिकार्ड तोड़ कर इतिहास रच दिया है। विधानसभा चुनाव की मतगणना रविवार सुबह शुरू हुई और दोपहर तक स्थिति काफी स्पष्ट हो गई। चुनाव आयोग ने सभी 60 सीटों के परिणाम जारी कर दिए हैं। 60 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 46 सीट पर जीत दर्ज की है। कांग्रेस राज्य विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट पर जीतकर दर्ज कर सकी है। इसके अलावा एनपीईपी ने पांच, पीपीए ने दो, एनसीपी ने तीन और तीन सीटों पर निर्दलियों ने जीत दर्ज की है। भाजपा लगातार दूसरी बार अपने बल पर स्पष्ट बहुमत के साथ राज्य की सत्ता पर काबिज होने में सफल हो गयी है। चुनाव परिणाम के अनुसार इस बार भाजपा को 54.58 प्रतिशत यानी 3,32,414 वोट मिले हैं, जबकि कांग्रेस को 5.56 प्रतिशत यानी 33877 मत, एनसीपी को 10.43 प्रतिशत यानी 63630, नोटा 0.66 प्रतिशत यानी 4010 मत, एनपीईपी 16.11 प्रतिशत यानी 98.254, पीपीए 7.24 प्रतिशत यानी 44176 मत एवं अन्य 5.26 प्रतिशत यानी 32103 मत मिले हैं।

**कांग्रेस मात्र एक सीट पर जीत दर्ज कर सकी**
**भाजपा को मिले वोट 54.58%**

## सिक्किम : एसकेएम ने 32 में 31 सीटों पर जीत दर्ज की

**गंगटोक।** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) प्रचंड बहुमत के साथ अपने दूसरे कार्यकाल के लिए सरकार में वापसी की है। एसकेएम ने विधानसभा चुनाव 2024 में 32 में से 31 सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। विपक्षी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) पार्टी को केवल एक सीट मिली है। राज्य में 11वें विधानसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। रविवार सुबह 6 बजे से वोटों की गिनती शुरू हुई। वोटों की गिनती शुरू होने के दो घंटे से भी कम समय में यह स्पष्ट हो गया था कि एसकेएम मजबूती के साथ सत्ता में वापसी कर रहा है। 2019 के चुनाव में एसकेएम पार्टी ने सिर्फ 17 सीटें जीतकर सरकार बनाई थी। मुख्यमंत्री एवं एसकेएम पार्टी के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने भी दो निर्वाचन क्षेत्रों से जीत हासिल की। इसी तरह मुख्यमंत्री की पत्नी कृष्णा कुमारी राई भी नाम्ची सिंगिथांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीत गई है। वहीं राज्य के प्रमुख विपक्षी दल एसडीएफ के केवल एक उम्मीदवार तेंजिंग नर्बु लाम्टा ने जीत हासिल की। पूर्व मुख्यमंत्री एवं एसडीएफ अध्यक्ष पवन कुमार चामलिंग ने दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा, लेकिन वह दोनों जगह से हार गए। पिछले 40 साल से लगातार चुनाव जीत रहे और 25 साल तक मुख्यमंत्री रहकर देश में इतिहास रचने वाले चामलिंग को इस बार हार का सामना करना पड़ा है।

**पूर्व सीएम चामलिंग दोनों सीटों से चुनाव हारे**
**बीजेपी और सीएपी का खाता भी नहीं खुला**

## प्रधानमंत्री ने दी जीत की बधाई



*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को मिले प्रचंड बहुमत के लिए राज्य की जनता का आभार जताया है और पार्टी कार्यकताओं को उनके परिश्रम के लिए धन्यवाद दिया है। साथ ही सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की दोबारा सत्ता में वापसी पर बधाई देते हुए राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को दोनों राज्यों में हुई मतगणना के नतीजे सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर कहा धन्यवाद अरुणाचल प्रदेश। इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है।*

# स्पा सेंटर में छापेमारी

## विदेशी युवतियों व संचालक सहित 14 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** लालपुर थाना क्षेत्र में स्पा सेंटर के नाम पर जिस्मफरोशी का धंधा करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। मामले में आठ युवतियों और छह युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवतियों में तीन थाईलैंड की हैं, उसका सत्यापन किया जा रहा है। साथ ही अन्य युवतियों में दो दिल्ली, दो बंगाल और एक रांची की बतायी जा रही है। जबकि मामले में संचालक गौरव अग्रवाल दिल्ली के रहने वाला है। अन्य पांच युवक रांची के रहनेवाले है। कुल 14 लोगों गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिटी डीएसपी के नेतृत्व में की गई छापेमारी में शनिवार देर रात 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से कंडोम, शिलाजीत, दर्द की दवा, शराब और बीयर जब्त किया गया है। यह स्पा 2022 से चल रहा है। छापेमारी में पुलिस ने लालपुर इलाके में स्पा सेंटर के आड़ में चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे का खुलासा किया है। एससपी के निर्देश पर सिटी डीएसपी के नेतृव में पुलिस ने रांची के लालपुर स्थित ली डिजायर मॉल स्थित बम्बू इंटरनेशनल स्पा सेंटर में छापेमारी की। पुलिस के देखते ही स्पा सेंटर में अफरा-तफरी मच गई। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक स्थिति में 14 लड़के-लड़कियां पकड़े गए। साथ ही स्पा सेंटर से कई आपत्तिजनक चीजें भी बरामद की गई हैं। रांची पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां मसाज सेंटर की आड़ में लंबे समय से सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा था।




- थाईलैंड की तीन, दिल्ली की दो, बंगाल की दो और रांची की एक युवती गिरफ्तार
- टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड से लड़कियों को बुला करवाई जा रही थी जिस्मफरोशी



*स्पा सेंटर की आड़ में लालपुर इलाके में सेक्स रैकेट का संचालन किया जा रहा था। सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई है। इसमें कुल 14 लोग पकड़े गए हैं। इनमें से अधिकांश लड़कियां हैं। इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। लालपुर स्थित स्पा सेंटर से थाईलैंड की तीन लड़कियों को भी पकड़ा गया है। तीनों लड़कियां जिस्मफरोशी के धंधे में लिप्त थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि टूरिस्ट वीजा पर थाईलैंड से लड़कियों को बुलाकर उनसे रांची में जिस्म का धंधा करवाया जा रहा था। फिलहाल जांच की जा रही है। 14 को जेल भेज दिया गया है। थाईलैंड की तीन गिरफ्तार युवतियों के एंबेसी को भी सूचना दे दी गई है।* -**राजकुमार मेहता,** सिटी एसपी, रांची

# जमशेदपुर में बुजुर्ग की हत्या के बाद कटा सिर लेकर घूमता रहा युवक

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कुदालम गांव में एक व्यक्ति ने 60 वर्षीय बुजुर्ग निताई महतो का सिर धारदार हथियार से काट दिया। इसके बाद वह कटा सिर लेकर गांव में घूमता रहा। उसके घरवालों ने किसी तरह उसे काबू में किया और एक पेड़ में रस्सी से बांध दिया। गांव के लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की। बाद में वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हत्या की वजह क्या है, यह साफ नहीं हो पाया है।

आरोपी का नाम मिथुन महतो है। बताया गया है कि निताई महतो सुबह-सुबह गांव के बगीचे में आम चुनने गए थे। उसी वक्त मिथुन वहां पहुंचा। उसने निताई महतो को हथियार का भय दिखाकर पहले कपड़े उतरवाए और इसके बाद गला रेत डाला। इसकी खबर मिली तो गांव के लोग दौड़े, लेकिन, मिथुन महतो के हाथ में कटा सिर और हथियार देखकर लोग पीछे हट गए। मिथुन कटा सिर लेकर काफी देर तक गांव में घूमता रहा। इसके बाद वह अपने घर पहुंच गया। कुदालम गांव जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। थाना प्रभारी राम बाबू मंडल ने बताया कि मृतक का सिर और धड़ बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मृतक निताई महतो के पुत्र प्रह्लाद महतो के अनुसार, उसके पिता या परिवार की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। वह सब्जी बेचकर परिवार चलाते थे। उनकी हत्या क्यों की गई, यह समझ से परे है। मृतक के पुत्र के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि हत्या के पीछे की वजह अंधविश्वास हो सकता है। बता दें कि इस इलाके में डायन, जादू-टोना के नाम पर हर साल कई हत्याएं होती हैं।




- अहले सुबह घर से आम तोड़ने निकले थे बुजुर्ग निताई महतो
- गांव के ही युवक मिथुन महतो ने सिर धड़ से अलग किया
- मिथुन के घर वालों ने उसे रस्सी से बांध पुलिस को दी सूचना

# इंडी गठबंधन राज्य की दस सीटों पर जीतेगी : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक के बाद सीएम चंपाई सोरेन और पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन रविवार को वापस रांची लौट आए हैं। एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने दावा किया कि झारखंड में इंडी गठबंधन 10 से अधिक सीटों पर जीत दर्ज करेगी। सीएम ने कहा कि झारखंड में इंडिया ब्लॉक ने अच्छा परफॉर्मेंस किया है। वहीं कल्पना सोरेन ने कहा कि चुनाव खत्म हो गए हैं। अब चार जून को नतीजों का इंतजार है।मतगणना का इंतजार कीजिये। सबको पता चल जाएगा कि देश में किसकी सरकार बनेगी।इससे पहले दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडी गठबंधन की बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव और इससे आगे भविष्य में गठबंधन की क्या रणनीति होगी, इसपर मंथन किया गया।

# चाईबासा में नदी किनारे से 3.15 करोड़ रुपये का डोडा जब्त

**चाईबासा।** चाईबासा पुलिस ने टेबो थाना क्षेत्र के परैया गांव के पास नदी किनारे से 2100 किलो डोडा बरामद किया गया है। बरामद डोडा की बाजार कीमत 3.15 करोड़ बतायी जा रही है। पुलिस ने एक जून की रात चाकी नदी के किनारे चेंकिग अभियान चलाया। इस दौरान चाकी नदी के किनारे जंगल की झाड़ियों के बीच 83 प्लास्टिक के बोरे में 2100 किलो डोडा बरामद हुआ।

# पाकुड़ में आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकुड़ ।** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में पांच युवकों ने शनिवार रात एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़ित ने रविवार दोपहर हिरणपुर थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही महिला का मेडिकल टेस्ट भी कराया है।

इस मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को दी गयी लिखित शिकायत में दुष्कर्म पीड़ित महिला ने कहा है कि वह पति के साथ काम से बाहर जा रही थी। इसी दौरान पांच युवक आ धमके और उसे जबरन पकड़ कर ले गए। साथ ही उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को थाने लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपितों ने बाकी के आरोपितों के नाम का खुलासा किया है, जिसके आधार पर अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गैंगरेप की पुष्टि करते ही पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि शनिवार की रात को घटना हुई थी। पीड़ित महिला ने रविवार को पुलिस को घटना की जानकारी दी है।




- पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में दुष्कर्म पीड़ित महिला ने कहा है कि वह पति के साथ काम से बाहर जा रही थी

## इंडिया



सुनील बादल

# विकसित भारत के लिए बंद हो व्यक्ति या परिवार आधारित राजनीति

सभारतीय राजनीति में भाषणों में आदर्श,गरीबों,दलितों और जहां जैसा वहां वैसा शैली में कभी अल्पसंख्यक तो कभी बहुसंख्यक या किसी बड़े नेता की चर्चा होती है पर क्या असल में ऐसा सभी करते हैं क्या ? समाजवाद की बात करने वाले सत्ता में आते ही परिवार से लेकर अपनी जाति के लिए केंद्रित राजनीति में पूरी बेशर्मी से न सिर्फ उन्हें एमपी एमएलए बनाते हैं बल्कि उनकी मनमानी या आपराधिक गतिविधियों की ओर से आंखें मूँद लेते हैं । दलित वंचित वर्ग की राजनीति करने वाले सत्ता में आते ही उसी शोषक वर्ग की तरह सामंती व्यवहार करने लगते हैं जिस प्रवृति का मुखर विरोध करते उन्होंने सत्ता की सीढ़ियाँ तय की थीं । हर बार नए फॉमूर्ले के साथ वोट लेने आने वाली पार्टियों ने अब बड़ी मार्केटिंग या रणनीतिकार एजेंसियों की सेवायें लेनी शुरू की हैं जो उन्हें भावुकता और जनता के मर्म को स्पर्श करने वाले मुद्दे सुझाते हैं । सोशल मीडिया पोस्ट या विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए मुद्दों पर दिए गए बाइट देखकर आमलोग प्रभावित हो जाते हैं पर असलियत कुछ और होती है । अपने को गरीब,आम आदमी या कट्टर ईमानदार घोषित करने वालों के व्यापक प्रचार या मार्केटिंग से परे सभी पार्टियों का लक्ष्य एक होता है सत्ता प्राप्त करना ।इसी तरह ऐसा माना जाता है कि राजनीतिक दलों में आंतरिक लोकतंत्र होता है, जिसमें नेता स्वतंत्र रूप से चुने जाते हैं और वे अपनी पार्टी के सहयोगियों के प्रति जवाबदेह होते हैं। भारतीय राजनीति आज इस मॉडल से बिल्कुल अलग है। यहां राजनीतिक पार्टियां या तो व्यक्तित्व आधारित एक पारिवारिक फर्म बन गई हैं या परिवार विशेष केंद्रित संस्था । व्यक्तित्व आधारित राजनीति में नरेंद्र मोदी को दिव्य व्यक्तित्व बताने से लेकर पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पिनाराई विजयन, दिल्ली में अरविंद केजरीवाल, आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी और ओडिशा में नवीन पटनायक जैसे मुख्यमंत्री भी इसी तरह से काम कर रहे हैं। जबकि लोकतांत्रिक संस्थाओं का दिखावा करने वाली पारिवारिक पार्टियां भी इसके लिए कम जिम्मेदार नहीं हैं। कांग्रेस इसके लिए मुख्य रूप से दोषी है। उसने पार्टी के लिए दशकों तक काम करने वालों को नजरअंदाज कर प्रियंका गांधी को रातों-रात महासचिव बना दिया था । गांधी परिवार से पीछे न रह जाएं, इस वजह से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुलबर्गा की अपनी पुरानी सीट अपने दामाद को दे दी, जबकि उनका एक बेटा पहले से ही कर्नाटक में कैबिनेट मंत्री है। इसी तरह लालू परिवार वाली राष्ट्रीय जनता दल बिहार में, सपा उत्तर प्रदेश में और डीएमके तमिलनाडु में ऐसी पार्टियां हैं, जो एक ही परिवार के नियंत्रण में रही हैं। जिस ब्रिटेन की राजनीतिक प्रणाली को हमने अपनाया आज उससे हम कितने अलग हैं।प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के सामने कोई धर्म-पंथ नहीं है। मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के नेता केर स्टार्मर किसी राजनीतिक परिवार से नहीं आते हैं। वे दोनों आज जिस मुकाम पर हैं, वहां अपनी मेहनत और पार्टी के सहयोगियों के समर्थन से हैं। जब भी वे समर्थकों का विश्वास खो देंगे, बिना किसी हंगामे के अपना पद छोड़ देंगे और उनकी जगह पर ऐसे व्यक्ति को चुना जाएगा, जो किसी राजनीतिक वंशावली से नहीं होगा।



समय की मांग है कि विकसित भारत के लिए राजनीतिक पार्टियां भी नीति आधारित हों व्यक्ति या परिवार आधारित नहीं क्योंकि उससे पुरानी सरकार की अच्छी योजनाएं बंद कर दी जाती हैं और वोट दिलाऊ नीतियां लागू होती हैं जो जनहित में न होकर पार्टीहित में होती हैं और जनता की गाढ़ी कमाई के पैसे लुटाए जाते हैं ।नई सरकार को इस दिशा में काम करना होगा ।

# जेल जाने से पहले केजरीवाल ने एग्जिट पोल को फर्जी बताया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इक्कीस दिनों की अंतरिम जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी जमानत अवधि खत्म होने के बाद रविवार को जेल में सरेंडर कर दिया। इससे पहले उन्होंने अपने आवास से निकलते समय माता-पिता का आशीर्वाद लिया, फिर राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर गए और वहां से आम आदमी पार्टी के कार्यालय जाकर कार्यकताओं को संबोधित किया। केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन की मोहल्लत दी थी। इस दौरान उन्होंने आराम नहीं किया बल्कि पूरे देश में चुनाव प्रचार किया। केजरीवाल ने कहा कि वे आज इसलिए जेल जा रहे हैं क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई है। पांच सौ से ज्यादा स्थानों पर रेड हुई, लेकिन एक भी सबूत नहीं मिले। उन्होंने कहा कि जो भी एग्जिट पोल आ रहे हैं सब फर्जी हैं। गिनती से तीन दिन पहले एग्जिट पोल कराने की क्या जरूरत थी।



*केजरीवाल ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन की मोहल्लत दी थी।*

# एक नजर

## संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के शिविर में 63 लोगों ने किया रक्तदान

**खूंटी।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान मेंरविवार को राजस्थान भवन खूंटी में रक्त दान शिविर एवं सत्संग का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल खूंटी के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में संस्था से जुड़े 63 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर गोला (रामगढ़) से आये संत पंचम दास ने अपने संदेश में रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खून नालियों मे नहीं, नाड़ियों मे बहना चाहिए। कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुए रांची सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्त दान को महादान कहा गया है, क्योंकि इससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती है।

## पुलिस ने चोरी की मिक्सर मशीन के साथ दो लोगों को पकड़ा

**रामगढ़ ।** मांडू थाना पुलिस ने गिद्दी थाना क्षेत्र से मिक्सर मशीन कर चोरी कर भाग रहे दो चोरों को पकड़ा है। साथ ही मशीन सहित एक पिकअप वैन को जप्त किया है। जानकारी के अनुसार मांडू पुलिस को सूचना मिली की गिद्दी थाना क्षेत्र से चोरों द्वारा मिक्सर मशीन की चोरी कर मांडू की तरफ ले जाया जा रहा है। जिस पर मांडू पुलिस ने छापामारी दल का गठन कर बलसगरा में धर दबोचा। पुलिस ने दो संदिग्ध चोर हजारीबाग लोहसिंघना, मिल्लत कालोनी निवासी गुलाम मोइनुद्दीन अंसारी (24) और कटकमदाग निवासी बबलू साव (27) को धर दबोचा। साथ ही मिक्सचर मशीन की चोरी में उपयोग किया गया पिकअप वैन को जब्त किया है। मांडू पुलिस ने दोनों चोर सहित जब्त सामानों को गिद्दी पुलिस को सुपुर्द कर दिया। छापामारी दल में मांडू थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव, अविनाश कुमार यादव और चालक राहुल कुमार सिंह शामिल थे।

## पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में झामुमो के तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष पार्टी से निष्कासित

**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने पार्टी के तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार को पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया। जिलाध्यक्ष की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कर ने छह मई को भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के साथ सोशल मीडिया में एक फोटो पोस्ट किया था, जो पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है। इधर, पार्टी से निष्कासन के बाद संतोष कुमार कर ने भी बयान जारी कर कहा कि झामुमो के वरीष्ट नेता मनमाने ढंग से पार्टी को चला रहे हैं। इसके कारण उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। ज्ञात हो कि संतोष कुमार कर तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से पार्टी नहीं चलती है।

### बेड़ो के पड़हा जतरा में बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र व बिंदेश्वरी दुबे भी भाग लेते थे

# काठ के घोड़े, हाथी व मगरमच्छ सहित विभिन्न प्रतीक चिह्नों में दैवीय शक्ति होती है : पहान

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो एवं बारीडीह में तीन जून को लगने वाले ऐतिहासिक पड़हा जतरा समारोह की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कभी बेड़ो के पड़हा जतरा में बिहार राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र, बिन्देश्वरी दुबे और चंद्रशेखर जैसे लोग भाग लेते थे। करमचंद भगत के कहने पर उन्हें काठ के घोड़े एवं हाथी में बैठाया जाता था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री करमचंद भगत ने बताया था कि पड़हा जतरा में पड़हा के प्रतीक चिन्हों क्रमशः काठ के घोड़े, काठ के हाथी, रम्पा चल्पा, टेंगरा छाता, पड़हा झंडा, ढोल-नगाड़ा, गाजा-बाजा सहित विभिन्न खोड़हा नृत्य दलों के साथ चढ़ने वाली घोल आकर्षण का केंद्र होती है। पहान ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि पड़हा के प्रतीक चिन्हों क्रमशः काठ के घोड़े, हाथी, मगरमच्छ सहित विभिन्न



प्रतीक चिन्हों में दैवीय शक्ति होती है। गांव के पाहन, पुजार, महतो मिलकर जतरा के पूर्व विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। 1967 ई. में तीन जून को पड़हा जतरा लगाने की परम्परा का शुभारंभ बिहार सरकार के पूर्व मंत्री करमचंद भगत ने की थी। जबकि 1990 ई में जतरा टूटकर दो भागों में बेड़ो एवं बारीडीह के रूप में विभक्त हो गई। बारीडीह में पड़हा जतरा का शुभारंभ तत्कालीन विधायक विश्वनाथ भगत ने की थी। उन्होंने पड़हा जतरा के दौरान गैर आदिवासियों के काठ के घोड़े एवं हाथी पर बैठाए जाने का विरोध किया और बारीडीह में 1990 से अलग पड़हा जतरा लगाए जाने लगा। पहले करमचंद भगत और बाद में विश्वनाथ भगत ने जतरा के माध्यम से आदिवासी पड़हा परम्परा, संस्कृति और रीति-रिवाज को पूरे क्षेत्र में एक नई पहचान दी। उन्होंने मांडर

**तीन जून के पड़हा जतरा पर विशेष**

विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से पड़हा के प्रतीक चिन्हों काठ के घोड़े, हाथी, मगरमच्छ, टेंगरा छाता, पड़हा झंडा, रम्पा चल्पा को जतरा में शामिल कराया और पड़हा की परम्परा को एक नई बुलंदी दी। बताया जाता है कि जब करमचंद भगत पहली बार विधायक बने तब उनके स्वागत में बेड़ो में पड़हा जतरा का शुभारंभ किया गया। अपने समय में दिवंगत करमचंद भगत बताया करते थे कि पड़हा व्यवस्था का प्रचलन तत्कालीन हड़प्पा मोहनजोदड़ो सभ्यता में भी कायम थी। हालांकि इतिहास में लिखित रुप से पड़हा के संदर्भ में जानकारी उपलब्ध नहीं है लेकिन लोकगीतों एवं गांवों में प्रचलित दंतकथाओं में पड़हा के प्रचलन का समावेश मिलता था।

## जल, जंगल, जमीन और जानवर की रक्षा को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**कोडरमा।** समर्पण की आरे से चलाए जा रहे वॉइस फॉर ग्रीन अर्थ कैंपेन के तहत बेंदी पंचायत के कुम्भियातरी गांव एवम बंगाखलार में जल, जंगल, जमीन व जानवर की रक्षा को लेकर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इसके तहत युवाओं के साथ डिबेट कार्यक्रम एवं सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। युवाओं ने कहा कि आए दिन गर्मी और ग्लोबल वार्मिंग बढ रहा है। यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है। इसे देखते हुए आज यदि बुद्धिजीवी वर्ग एवं पूंजीपति वर्ग अपनी आंखें एवं अपना दरवाजा बंद कर लेंगे तो आने वाली पीढ़ी उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। करीना कुमारी ने कहा कि पेड़ों की जो कटाई धड़ल्ले से हो रही है उसे रोकना होगा। मुखिया शिव शंकर राय ने कहा कि ये बड़े लोग आज 300 से 600 फीट तक बोरिंग कर पानी निकाल ले रहे हैं मगर वे हम गरीबों का 30 फीट पर मिलने वाले कुओं के बारे में नहीं सोच रहे हैं। डीप बोरिंग से हमारा जलस्तर दिनों-दिन नीचे चला जा रहा है। समर्पण के जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि हम पेड़ लगा सकते हैं, मगर जंगल नहीं।

# एस्बेस्टस व लोहे की शीट वाली छत की दुकानें चोरों के निशाने पर



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी में एक बार फिर से एस्बेस्टस व लोहे के सीट वाले छत के दुकान चोरों के निशाने पर हैं। शनिवार रात खलारी के श्रीजानकीरमन मंदिर के निकट लोकनाथ अग्रवाल के राशन दुकान को चोरो ने निशाना बनाया। इससे पूर्व 29 मई की रात खलारी बैंक चौक स्थित ओमप्रकाश राय के पशु चारा दुकान के छत का एस्बेस्टस तोड़कर चोरी हुई। लोकनाथ अग्रवाल के राशन दुकान में लोहे के सीट के छत व प्लाई निर्मित सीलिंग को तोड़कर चोरी हुई। चोर केवल पैसे की खोज में दुकानों में धुस रहे हैं। दोनो ही घटनाओं में दुकान में पैसा रखने के अलमारी को खंगाला गया। लोकनाथ अग्रवाल के दुकान से करीब एक हजार रूपए व चार किलो काजू की चोरी हुई। सूचना पाकर खलारी थाना पुलिस पहुंची और घटना से अवगत हुई। मालूम हो कि पूर्व में भी कई बार हुई इस तरह की चोरी में कुछ नाबालिगों की संलिप्तता सामने आई थी। उन्हें पकड़कर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के माध्यम से सुधारगृह भेजा गया था। ये लोग नाबालिगों के साथ कानून की नरमी का फायदा उठाकर क्षेत्र में घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। वहीं चोरी का सामान खरीदने वाले क्षेत्र के कई कबाड़ दुकान भी ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेवार हैं। इधर खलारी थाना पुलिस चोरों को चिन्हित करने में जुट गई है।

### रांची में बगैर परमिट ऑटो का हो रहा परिचालन

# ऑटो चालकों ने साझा की मजबूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किसी भी राज्य की परिवहन व्यवस्था को अहम माना जाता है. खासकर शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट लोगों के लिए लाइफ लाइन माना जाता है. इसका मुख्य कारण यह है कि गरीब और मध्यम वर्ग के लोग सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट के भरोसे ही सफर करते हैं, लेकिन राजधानी रांची में सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट की स्थिति भगवान भरोसे है. क्योंकि राजधानी रांची में हजारों ऑटो बिना परमिट के सड़कों पर दौड़ रहे हैं. इधर, इसके पीछे की मुख्य वजह जिला एवं क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से परमिट जारी करने पर रोक को बताया जा रहा है. इस संबंध में डीजल ऑटो संघ के नेता दिनेश सोनी बताते हैं कि जब परमिट जारी करने पर ही रोक लगा दी गई है तो फिर गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन क्यों किया जाता है. आरटीओ और डीटीओ ऑफिस में गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से किया जा रहा है, लेकिन परमिट जारी करने के नाम पर शहर के बाहर के परमिट देने की बात कही जाती है. सीएनजी ऑटो संघ के नेता राम कुमार बताते हैं कि प्रतिदिन नई गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो रहा है, लेकिन परमिट जारी करने के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र का परमिट देने की बात कही जाती है. राम कुमार ने कहा कि लाखों रुपए खर्च कर के ऑटो चालक ऑटो खरीदते हैं. जब उसका रजिस्ट्रेशन हो जाता है और वह सड़क पर ऑटो चलाते हैं तो ऑटो चालकों को परमिट के नाम पर रोक दिया जाता है और उनसे अवैध वसूली की जाती है. वहीं इस संबंध में ऑटो चालक भीम सिंह ने बताया कि जब परमिट जारी करने की अनुमति परिवहन विभाग से ही नहीं है तो फिर ऑटो चालक परमिट बनाकर सड़क पर कैसे चल पाएंगे. वहीं उन्होंने कहा एक तो सरकार परमिट नहीं जारी करती और दूसरा सरकार परमिट के नाम पर अवैध वसूली भी करती है. ऐसे में ऑटो चालक अपना जीवन-यापन कैसे कर पाएंगे, जब उनकी आधी कमाई फाइन देने में ही चली जाएगी. सभी ऑटो चालकों ने एक स्वर में कहा कि सरकार नई गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन बंद कर दें या फिर सभी का परमिट जारी किया जाए.

## सिल्ली विधायक ने दिवंगत भाजपा नेता विनोद साहू के परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**

झारखंड सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो शनिवार के दिन बांसारूली निवासी दिवंगत भाजपा नेता विनोद साहू के परिजनों से मुलाकात की और पूरे परिवार को ढांढस बंधाया। मुलाकात कर पूरे घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं कहा कि उनके आकस्मिक निधन से मैं काफी मर्माहत हूं और इस दुख की घड़ी में मैं आप लोगों के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि यह एक अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। बताते चले की दिवंगत विनोद साहू भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष पद पर तथा सांसद प्रतिनिधि के रूप में विगत कुछ वर्षों से कार्य कर रहे थे। 29 मई के दिन बुढाम और कीता के बीच स्वर्गीय रघुनाथ महतो चौक के समीप सड़क दुर्घटना में उनकी आकस्मिक मौत हो गई थी। मौके पर सिंगपुर नर्सिंग होम के निदेशक रमणेश प्रसाद, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू समेत आसपास के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# मुरतो में भोक्ताओं ने बरसाए पुष्प, श्रद्धालु महिलाओं ने आंचल में समेटे श्रद्धा के फूल

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के मुरतो गांव में नवयुवक संघ मंडा पूजा आयोजन समिति मुरतो के तत्वावधान में तीन दिवसीय ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। मंडा पूजा के अंतिम दिन भोक्ताओं ने पूरी भक्ति और श्रद्धा पूर्वक झूलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और श्रद्धा के फूल बरसाए। सैकड़ो महिलाओं ने अपने आंचल में फूलों को समेटा। झुलन कार्यक्रम के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। इस मौके पर उन्होंने भोक्ताओं की अद्भुत शिव भक्ति की सराहना किया और कहा कि शिव की भक्ति का वास्तविक स्वरूप मंडा पूजा के दौरान दिखती है। उन्होंने कहा कि जलते अंगारों में नंगे पांव चलकर भोक्ताओं की भक्ति की शक्ति प्रदर्शित होती है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक मंडा पूजा पूर्वजों की



धरोहर है हमें ऐसी परंपरा और धार्मिक अनुष्ठानों को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत है। इस मौके पर प्रसिद्ध लोक कलाकारों पवन राजा ज्योति साहु, पूनम खलखो सरिता बडाईक ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को बांधे रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष सुदर्शन साहु, कोषाध्यक्ष आनंद गुप्ता, सचिव ईश्वर मंटु साहु, संजीत कुमार साहु, राजेश साहु, विष्णु साहु, सचिन्द्र गोप, तपेश्वर ठाकुर, अवधेश ठाकुर, बजरंग गोप, सुखसागर साहु, रविंद्र साहु,नंदा आनंद साहु, रामलखन साहु, आशीष ठाकुर, आशीष गुप्ता, अजय सिंह समेत कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**आक्रोश**

### बिजली पोल क्षतिग्रस्त होने से नाराज ग्रामीणों ने कोयला ट्रकों को रोका

# टैंकर से डीजल लेने के दौरान हो जाती है सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

हजारीबाग-बिजुपाड़ा रोड में खलारी जी-टाइप के निकट घाटी से उतर रहा एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली पोल से टकरा गया। धक्का लगने से जेबीवीएनएल के 11 हजार ट्रांस्मीशन लाइन का लोहे का पोल क्षतिग्रस्त होकर एक ओर झुक गया। जिससे ट्रांस्मीशन तार सहित इंसुलेटर टूटकर जमीन पर आ गिरा। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक कोयला ट्रक पहले से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को धक्का मारते हुए निकल गया। घटना रविवार सुबह सात बजे की है। इससे पूरे जी-टाइप इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। नाराज ग्रामीण सड़क पर



एकत्रित हो गए और कोयला ट्रकों का आवागमन रोक दिए। ग्रामीणों का कहना था कि छोटे टैंकर से डीजल लेने के लिए चालक मुख्य सड़क पर ही ट्रकों की कतार लगा देते हैं। टू लेन सड़क के एक लेन पर ट्रक होते हैं और केवल एक लेन ही आने जाने के लिए बचता है। सड़क के एक ओर घाटी है तथा दूसरी ओर आबादी है। घाटी से उतरते वाहन कई बार अनियंत्रित हो जाते हैं। ऐसे में एक लेन पर

**छोटे टैंकर से ट्रकों को डीजल मुहैया कराने के दौरान मुख्य सड़क पर ट्रकों का जमावड़ा न लगे**

परिचालन दुर्घटना संभावित रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि पेट्रोल पंप मालिक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि छोटे टैंकर से ट्रकों को डीजल मुहैया कराने के दौरान मुख्य सड़क पर ट्रकों का जमावड़ा न लगे। करीब दो घंटे बाद कोयला ट्रकों को जाने दिया गया। इधर जेबीवीएनएल के लोगों ने नया पोल लगाकर व ट्रांस्मीशन लाइन दुरूस्त कर अपराह्न चार बजे बिजली बहाल कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल ई-रिक्शा चालक की मौत

# आक्रोशित परिजनों ने शव रखकर किया घंटों सड़क जाम

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

दो दिन पहले दुमका में सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक चंदन मल्लाह घायल हो गया था. बीती रात रिम्स में उसकी मौत हो गई. जिसके बाद रविवार को उसका शव दुमका पहुंचा. शव पहुंचते ही परिजन आक्रोशित हो गए और नगर परिषद चौक को करीब चार घंटे तक जाम कर दिया. बाद में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद लोगों ने जाम हटाया.

**क्या है पूरा मामला :** दो दिन पहले दुमका नगर थाना क्षेत्र के हिजला रोड में एक पिकअप वैन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी थी. जिसमें ई-रिक्शा चालक चंदन मल्लाह, उसकी मां और बहन घायल हो गए थे. पहले तीनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था. चंदन मल्लाह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया, जहां बीती रात उसकी मौत हो गई. मृतक सदर प्रखंड के मोरटांग इलाके का रहने वाला था. आज सोमवार को जब उसका शव दुमका पहुंचा तो उसके परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए. उन्होंने शव को लाकर नगर परिषद चौक पर रख दिया और सड़क जाम कर दिया. लोगों की मांग थी कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था. उस पर अपनी मां, पत्नी और बच्चों के जीविकोपार्जन की जिम्मेदारी थी. अब जब वह इस दुनिया से चला गया तो उसके परिवार का गुजारा कैसे होगा।

# न्यूज बॉक्स

## ननद-भाभी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**बेड़ो।** ज्ञात हो की बीते दिन बेड़ो प्रखंड अंतर्गत ग्राम रोगो निवासी 35 वर्षीय बरती उरांव एवं 23 वर्षीय सोमेश्वरी धान की मिट्टी धसने से दर्दनाक निधन हो गई थी। दो रिश्ते में ननद -भाभी लगती थी, जिसका अंतिम संस्कार आज किया गया जिसमें पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत शामिल हुए। डॉ परमेश्वर भगत ने उक्त दोनों के परिजन से मिले, शोक व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया एवं लोगो को भरोसा दिलाया कि आपदा से संबधित वरीय पदाधिकारी से जल्द मिलकर हर सहयोग मदद हेतु अपील किया जाएगा।

## पड़हा जेठ जतरा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए डॉ परमेश्वर भगत



**चान्हो।** बीते दिन चान्हो प्रखंड अंतर्गत ग्राम ताला में 12 पाड़हा जेठ जतरा पूरी हर्षोउल्लास एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया जिसमें ताला पंचायत निवासी पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत ने भी अपना भागीदारी निभाई। डॉ परमेश्वर भगत ने जतरा का शुभकामना संदेश देते हुए अपने संबोधन में कहा कि हम सभी लोगों को मिलजुल कर प्रेम पूर्वक से जीवन यापन करना चाहिए। जतरा हमारी संस्कृति और सभ्यता का पहचान है, ये परंपरा को जीवित रख कर आनी वाली पीढ़ी को सुपुर्द करना हम सभी का कर्तव्य है। आगे इन्होंने कहा की दो रोटी कम खाए लेकिन अपने बच्चों को जरूर शिक्षित बनाए क्योंकि शिक्षा के बगैर उन्नति करना नामुमकिन है। कृषि, रोजगार, चिकित्सा एवं स्वास्थ जैसे विषयो में भी इन्होंने सभी लोगों को जागरूक किया, इन्होंने कहा की आपका स्वस्थ शरीर ही आपका असली जीवन साथी है, इसलिए बुरी चीजों से बचते हुए खूब मेहनत करे और खुशहाल जीवन यापन करना चाहिए। मौके पर आस पास के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## सिल्ली अस्पताल की पहल से लावारिस बीमार वृद्ध हुआ स्वस्थ



**सिल्ली।** आम तौर पर यह धारणा होती है कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों का इलाज ठीक से नहीं होता है। लेकिन सिल्ली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों ने एक लावारिस लाचार वृद्ध को इलाज करके मिसाल कायम किया है। अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक चिकित्सक, एएनएम एवं स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने न केवल बूढ़े मरीज की इलाज करके जान बचाई बल्कि उसके बाल और दाढ़ी काट करके उसे साफ सुथरा किया स्नान करवाया ताकि मरीज बेहतर महसूस कर सके। जिन्होंने मरीज की सेवा की उनमें एएनएम बबिता कुमारी, हिल्दा लकड़ा, तारा कच्छप, नामलेन डांग एवं सफाईकर्मी सानिया देवी, रीमा कुमारी एवं लखीदास मांझी शामिल है। ज्ञात हो कि करीब साठ वर्षीय वृद्ध जलेश्वर पासवान पिछले 26 मई को झारखंड मोड़ के समीप झाड़ी में दो दिनों से लावारिस अवस्था में पड़ा था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने इसे सिल्ली सरकारी अस्पताल में भरती किया था। डॉ विवेक के देखरेख में वृद्ध का इलाज किया गया। अभी भी यह मरीज अस्पताल में ही है। अब यह व्यक्ति लगभग स्वस्थ है। स्थानीय लोगों ने चिकित्सा कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्यों के कारण अब सरकारी अस्पतालों के प्रति लोगों की भरोसा बढ़ रहा है।

## सिल्ली पुलिस ने तलहा इंटरप्राइजेज में की छापामारी, सबकुछ सामान्य पाया



**सिल्ली।** सिल्ली पुलिस ने थाना क्षेत्र के गेडेबीर स्थित तलहा इन्टरप्राइजेज में शनिवार को छापेमारी की। पुलिस ने फर्म के कार्यालय एवं अन्य जगहों पर तलाशी ली। कार्यालय बंद था सुरक्षा गार्ड से पूछताछ की गयी। थाना प्रभारी मोहित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि फर्म में अवैध तरीके से कच्चे कोयला को जमा करके इलाके के कई जगहों पर भेजने का काम चलता है। लेकिन रविवार को फर्म के कागजात का सत्यापन किया गया तो सब कुछ सामान्य पाया गया। पुलिस ने संचालकों को चेतावनी भी दी कि अवैध तरीके से काम किए जाने की कोई भी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मांडर टोल प्लाजा के समीप अनियंत्रित होकर ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**मांडर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 39 में मांडर टोल प्लाजा के पास रविवार को रांची की ओर से आ रहे एक माल वाहक ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया, हालांकि इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत की खबर नहीं है। बताया जा रहा है कि ट्रक माल लेकर रांची से लोहरदगा की ओर जा रहा था तभी उक्त स्थान पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। इसके बाद टोल प्लाजा कर्मियों के द्वारा ड्राइवर और खलासी को ट्रक से बाहर निकल गया जो पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

# श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका निभाना हो शिक्षा का लक्ष्य : डॉ शर्मा

## मारवाड़ी ब्राह्मण सभा ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

*मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के 22 प्रतिभावान विद्यार्थी हुए सम्मानित*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची ने रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची के प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉ राज कुमार शर्मा थे। मुख्य अतिथि एवं सभा के पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।



अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा एवं मंत्री कृष्णा लाल शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट करके उनका स्वागत किया। इस समारोह में मारवाड़ी ब्राह्मण समाज के 22 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि डॉ राजकुमार शर्मा ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि डॉ राज कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा पाने का लक्ष्य केवल निजी या सरकारी विभाग में उच्च पदों पर आसीन होना नहीं है, बल्कि श्रेष्ठ समाज की रचना में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना है। समारोह के संयोजक धर्म चंद शर्मा ने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। इसलिए नई प्रतिभाओं को दिशा निर्देश देने के साथ-साथ संसाधनों की पूर्ति में सहयोग देना आवश्यक है।

निवर्तमान अध्यक्ष रविशंकर शर्मा ने मुख्य अतिथि डॉ राज कुमार शर्मा का परिचय कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को दिया। कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा ने किया। आज के कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष अरुण जोशी, अशोक पुरोहित, उपमंत्री महेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर गोवला, कार्यकारिणी सदस्य नथमल शर्मा, अनिल शर्मा, चेतन माटोलिया कमल शर्मा, सुनील शर्मा, अमित शर्मा सहित समाज के कई सम्मानित महिला एवं पुरुष सदस्य उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने की गोसेवा

**रांची।** रांची समर्पण शाखा ने हर एकादशी गोसेवा करने का मानस बनाया है । जिसके तहत आज शाखा ने एकादशी के शुभ दिन पर गोसेवा की जिसमें शाखा अध्यक्ष श्रीमती विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में आज दिनांक 2 जून हरमू रोड़ गौशाला में गौ सेवा की गई। ये सेवा कोमल झुनझुनवाला द्वारा करवाई गई। गौ माता की सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है. गौ सेवा प्रभारी आशा संथोलिया एवं संयोजिका डॉली बंसल ने गौ सेवा की सारी तैयारियाँ की। बढ़ती गर्मी को देखते हुए गौ माता को खीरा, लौकी, धूब , रोटी और हरी सब्जियां खिलाया गया । इसमें शाखा की बहनों ने साथ दिया। साथ ही मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम जीव दया के अंतर्गत गायों को रेडियम बेल्ट पहनाया गया। जिसमें गाय की सड़क दुर्घटना से उन्हें बचाया जा सके। इस रेडियम बेल्ट से रात को गायों की होने वाली सड़क दुर्घटना से उन्हें बचाया जा सकेगा।

## सीआईडी के साइबर क्राइम थाने को मिली बड़ी सफलता

# साइबर ठग हरियाणा से गिरफ्तार

*महिला से गई थी 29.94 लाख की ठगी*

*पुलिस ने फ्रीज करवाए 9.36 लाख रुपये*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना ने साइबर ठगी के एक आरोपित को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपित वीरेंद्र की गिरफ्तारी हरियाणा के कैथल जिले के रजौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत संतोख माजरा गांव से हुई है। इसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया मोबाइल और दो सिम, एसकेएम मैन्युफैक्चर प्रोपराइटर के मोंटी के नाम के आधार कार्ड के साथ पैनकार्ड बरामद किया गया है।

डीएसपी नेहा बाला ने रविवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में पीड़ित महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उससे व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया गया। महिला से कहा गया कि आपको इंस्टाग्राम पर वीडियो लाइक कर स्क्रीन शॉट भेजने का पार्ट टाईम जॉब ऑफर किया गया है। महिला ने जब यह काम करना शुरू कर दिया, तो उसे टास्क दिया जाने लगा। हर टास्क के लिए पैसे मिलने लगे। इससे महिला को आगे भी यह काम करते रहने का प्रोत्साहन मिला। इसके बाद महिला को उलझाकर उससे 29.94 लाख की ठगी कर ली गई।

डीएसपी ने बताया कि अनुसंधान के दौरान मामले में प्रयुक्त फर्जी इन्वेस्टमेंट वेबसाइट का आईपी ऐड्रेस सिंगापुर, चीन, टोक्यो और जापान का पाया गया। साथ ही, फाइनेंशियल ट्रेल एनालिसिस में फेक कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड रैंक अकाउंट दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के बैंक खाता पाया गया। इसमें करोड़ो रुपये के ट्रांजेक्शन किए गए थे। जांच में इन बैंक खाताओं से हुए ट्रांजेक्शन के आईपी ऐड्रेस का मूल स्थान हांगकांग एवं चीन में पाया गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड में सभी बैंक खाताओं में कुल नौ लाख 36 हजार को फ्रीज करवा दिया गया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में इसी मामले में रवि शंकर की गिरफ्तारी 30 मई को दिल्ली से सीआईडी की टीम ने की थी।

**टेलीग्राम आईडी @Alyssa के माध्यम से संपर्क साधा**

**साइबर ठग ने महिला को टेलीग्राम आईडी @Alyssa के माध्यम से टास्क और हाइयर रेटिंग के लिए संपर्क किया गया। इस टेलीग्राम प्रोफाइल के माध्यम से दिए गए टास्क को करने के लिए इन्हें विभिन्न बैंक खाताओ में पैसे डालने को बोला गया।**



**इसके बाद उनसे एक वेबसाइट अकाउंट बनाने बोला गया, जहां महिला के इन्वेस्टमेंट का प्रॉफिट दिखाई देता था, लेकिन महिला को प्रॉफिट नहीं मिला। इस प्रकार से महिला से कुल 29 लाख 94 हजार 50 रुपये की ठगी कर ली गई।**

### मारवाड़ी कॉलेज से स्नातक व स्नातकोत्तर फाइनल ईयर का मौका

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज से स्नातक और स्नातकोत्तर फाइनल ईयर एवम पास आउट विद्यार्थियों के लिए टेक्निकल असिस्टेंट बनने का मौका। इच्छुक विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन प्लेसमेंट सेल में ऑफिस असिस्टेंट श्रीमती रीता सिंह मैडम के पास अपना उश 3 या 4 जून को सुभा 11:30 से दोपहर 2 बजे तक मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल में आ कर जमा करवा सकते हैं। ट्रेनिंग के दौरान चयनित अभ्यार्थियों को 2.76 एलपीए साथ में रहने का व्यवस्था कंपनी के और से दिया जायेगा। इसमें जॉब रोल फील्ड सेल्स एक्जीक्यूटिव (यूजी /पीजी) और बिजनेस डेवलपमेंट एक्जीक्यूटिव एमबीए विद्यार्थियों के लिए होगा। इनका जॉब लोकेशन रांची (10), कोलकाता (10), दिल्ली/एनसीआर (10), मुंबई (10), लखनऊ (10), प्रयागराज (05) होगा। लॉजिंग फैसिलिटी रांची से बाहर के लोकेशन वालो को दिया जाएगा। सिलेक्शन प्रोसेस 5 जून को सुबह 11 बजे से मारवाड़ी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल में होगा। पंजिकृत विद्यार्थियों को ड्राइव की सूचना दे दी जाएगी।

## श्री श्याम मंदिर अग्रेसन पथ में मनाई गई अचला एकादशी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रेसन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को कृष्ण पक्ष की अचला एकादशी अत्यंत भक्तिमय वातावरण में श्रद्धा सहित आयोजित की गई। प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर लाल पीला गुलाब, बेला, रजनीगंधा, गेंदा व तुलसी दल से श्री श्याम प्रभु का अनुपम श्रृंगार किया गया। साथ ही, मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया गया।

रात्रि नौ बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर मंदिर में आए हुए भक्तगण कतारबद्ध हो पावन ज्योत में आहुति प्रदान की। श्री श्याम मंडल के सदस्यों ने गणेश वंदना के साथ संगीतमय एवं भक्तिमय संकीर्तन हुआ। इस अवसर पर श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा एवं रबड़ी का भोग अर्पण किया गया। रात्रि 12:00 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में गोपी किशन ढांढनीयां, चंद्र प्रकाश बागला, रमेश सारस्वत, धीरज बंका, सुदर्शन चितलंगिया, बालकिशन परसरामपुरिया, अरुण धनुका, जीतेश अग्रवाल, नितेश केजरीवाल, विकाश पाडिया, अजय साबू, नितेश लाखोटिया का योगदान सराहनीय रहा।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर का वार्षिकोत्सव 21 जून से

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर तिरुपति बाला जी मंदिर का 17वां वार्षिकोत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह निर्णय रविवार को स्वामी भगवानदास सत्संग हाल में मंदिर संचालन समिति की बैठक में लिया गया। इसके सफल आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों को कार्यभार भी सौंपे गए। रामअवतार नारसरिया ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि 21 जून से तीन दिनी उत्सव की शुरुआत होगी। पहले दिन कलश स्थापना और यजमान संकल्प आदि अनुष्ठान होंगे। दूसरे दिन शनिवार की सुबह नौ बजे से विविध अनुष्ठान आरंभ होंगे। तीन बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रीदेवी और भूदेवी संग पालकी पर विराजमान होकर भगवान नगर भ्रमण को निकलेंगे। अंतिम दिन 23 जून को भगवान का कल्याणोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में स्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज खास तौर से हिस्सा लेंगे। कहा कि प्रदीप नारसरिया, मुरारी मंगल, राजेश सुल्तानिया एवं उदय राठौर को शोभायात्रा, अनूप अग्रवाल, कन्हैया लोहिया एवं सुशील लोहिया को प्रसाद तथा विनय धरणीधरका को भगवान के श्रृंगार की जिम्मेदारी दी गई है।

## 1300 से ज्यादा लोगों ने ग्रहण किया श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण में स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में रविवार को 152वां निःशुल्क श्री कृष्ण भंडारा सत्संग भजन एव भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। लगभग 1300 से ज्यादा भक्तजनों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि श्री कृष्ण प्रणामी भंडारे का आयोजन प्रत्येक रविवार को होता है।

परमहंस संत शिरोमणि डॉ श्रीश्री 108 श्री सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में अशोक कुमार, मुन्नी देवी अग्रवाल, अपनी पोती नाईसा, पोते रित्विक अग्रवाल, पुत्र एवं पुत्री (अंकित एवं डिंपल अग्रवाल) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में श्री राज श्यामा महारानी को भंडारे का भोग अर्पित कर आरती की।

भोग लगे प्रसाद को अग्रवाल परिवार ने विशाल भंडारे में मिश्रित करके सर्वप्रथम मंदिर में उपस्थित पुरोहितों को प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद श्री राज श्यामा जी महाराज की जय जयकारों के साथ मंडल के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल के नेतृत्व में उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के परिवार ने श्री श्याम भंडारे का प्रसाद का वितरण किया।



इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी, वेंकट गाड़ोदिया, विष्णु सोनी, प्रमोद सारस्वत, सुरेश चौधरी, सुरेश भगत, पूर्णमल सर्राफ, सुरेश अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, शंकरलाल मोदी, चिरंजीलाल खंडेलवाल, अंजनी अग्रवाल, महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विद्या देवी अग्रवाल, उषा मोदी, रमा डोकानिया, उर्मिला पाड़िया, कविता गाड़ोदिया, सुनीता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल सहित 100 से ज्यादा सेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया। ये जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

### न्यूज बॉक्स

### रांची में सड़क दुर्घटना में एक की मौत सड़क पर लगाया जाम



**रांची।** शहर के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलता होटलिप्स रेस्टोरेंट के पास बस की चपेट में आने से रविवार को एक युवक की मौत हो गयी जबकि एक बच्चा घायल हो गया। युवक की पहचान नहीं हो सकी है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने रांची-डाल्टेनगंज मार्ग एनएच 75 पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिसकर्मी आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर सड़क जाम खुलवाने का प्रयास कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सिटी राइड बस ने उसे रौंद दिया। मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा एक बच्चा घायल हो गया। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने शव के साथ सड़क पर जाम लगा दिया। आक्रोशित लोग मुआवजा की मांग कर रहे थे। पुलिस ने बाइक और बस को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी शशि भूषण ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### सिख इतिहास से जुड़ी जानकारी बच्चों को मिली

**रांची।** 150 बच्चों को मिला प्रशिक्षणगुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रांची की ओर से 28 जून से चल रहे गुरमत ट्रेनिंग कैंप का समापन किया गया। जिसमें लगभग 150 बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रचारक गियानी गुरविंदर सिंह एवं ज्ञानी चरणजीत सिंह फानी ने गुरमत एवं सिख इतिहास की जानकारी बच्चों को दी । कैंप के दौरान धार्मिक, सिखी कविता एवं लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया गया। 10 जून को गुरु अर्जन देव जी शहीदी पूर्व के मौके पर गुरु नानक स्कूल में पुरस्कृत किया जायेगा। हसमित कौर ने कीर्तन गायन किया। सामूहिक रूप से श्री जपु जी साहिब का पाठ किया गया। प्राचार्य प्रो. हरमीन्दर बीर सिंह ने कैंप के सफल सम्पन्न होने पर सभी अभिवावको एवं बच्चों को शुभकामनायें दी। गुरुद्वारा साहिब के महासचिव गगनदीप सिंह सेठी ने सिख समुदाय की सभी संस्थाओ के प्रति आभार व्यक्त किया। गियानी गुरविंदर सिंह, ज्ञानी चरणजीत सिंह फानी, गुरचरण सिंह, मेहरवान सिंह को गुरुद्वारा साहिब की ओर से सम्मान प्रदान किया गया। कैंप के सफल संचालन में प्रीतम सिंह गोपी, गुरदीप सिंह सुरजीत सिंह तेजीन्दर सिंह इंदरजीत सिंह इन सभी का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह, रनप्रीत सिंह , सुरजीत सिंह, सलूजा गुरदीप सिंह, टिवाना हरप्रीत सिंह, दयान सिंह, हरजीत सिंह, स्विंकी परमजीत सिंह, टिंकू, रंजीत सिंह, हैप्पी, सतपाल सिंह, कुलदीप सिंह, मालकियत सिंह, राजदीप सिंह, सिधक सिंह, तविंदर सिंह, परमजीत सिंह, चन्ना, रूलदा सिंह, अजीत सिंह, रणबीर सिंह, अमृत कौर, अमरजीत कौर ,खेम कौर, बलबीर कौर आदि शामिल थे। कैंप के दौरान बच्चों की कक्षाओं के संचालन एवं देखभाल का कार्य जिन सेवादारों ने किया।

### मुक्ति संस्था ने 31 लावारिस शवों का किया सामूहिक दाह संस्कार

**रांची।** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी तट पर 31 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। फिर सभी शवों को मुखाग्नि दी। नौ सालों से लवारिश शवों का अंतिम संस्कार कर रही संस्था कई दिनों से इन शवों के दाह संस्कार की तैयारी कर रही थी। रिम्स में कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद मोर्चरी में पड़े सभी शवों को ट्रैक्टर से जुमार नदी तट पर लाया गया। इनमें से कई शव गल गये थे। इसलिए उन शवों को प्लास्टिक में सील कर दिया गया था। इसके बाद जुमार नदी के तट पर एक साथ 31 चिता सजाकर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों की कोई खोज-खबर नहीं आने के बाद लंबे समय से रिम्स में रखे गये इन शवों को सामूहिक दाह संस्कार के लिए संस्था को सौंप दिया गया।

### देश की सेवा में दें अपनी भागीदारी : फादर अजय अरुण मिंज

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची ने 2021-24 के बैच के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन समारोह में उनके द्वारा देये गये योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाया गया। वाइस प्रिंसिपल रेव्ह. फादर. अजय अरुण मिंज और एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप इस आयोजन में शामिल हुए। उन्होंने निवर्तमान कैडेटों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह में प्रथम और द्वितीय वर्ष के कैडेटों सहित 100 से अधिक कैडेटों ने विभिन्न प्रकार के प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिससे कार्यक्रम में जीवंतता और ऊर्जा आ गई। रेव्ह. फादर अजय अरुण मिंज और एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव ने कैडेटों के समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें देश की सेवा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। सीनियर कैडेट्स ने जूनियर कैडेट्स के साथ अपना ज्ञान साझा किया। अंत में समारोह का समापन कैडेटों के सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ हुआ। जिससे कि शाम की खुशी और उत्सव बढ़ गई। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव मैम के मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाया गया।

**■ सेंट जेवियर्स कॉलेज मे आयोजित हुआ विदाई समारोह**

**अनुमान**

## खत्म हुआ नौतपा का प्रकोप, करवट लेगा मौसम

# झमाझम बारिश होगी, गर्मी से भी राहत मिलेगी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नौतपा नौ दिनों तक भीषण गर्मी से तपाने के बाद आखिरकार रविवार को खत्म हो गया, मौसम ने करवट ली, सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। 48 डिग्री पहुंच चुके तापमान में भी गिरावट दर्ज की गयी। आचार्य दिव्यानंद और पंडित सुरेंद्र इंद्र गुरु ने ज्योतिषी दृष्टिकोण से बताया कि अस्त चल रहे गुरु तीन जून को उदित हो रहे हैं, इससे मौसम का मिजाज बदलेगा। झमाझम बारिश होगी, गर्मी से भी राहत मिलेगी। मॉनसून का कम डाउन भी शुरू हो जायेगा। इंद्र गुरु ने बताया कि इस बार कृष्ण पक्ष 14 दिनों का ही है। इस पक्ष की घटना शुभकारी होता है। कृष्ण पक्ष में गुरु और शुक्र तारा के एक ही राशि पर रहने से वर्षा के प्रबल योग बन रहे हैं। इस बार अच्छी खेती के साथ देश की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। मौसम विभाग का अनुमान चिंतनीय है, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार, नौतपा समाप्त होने के बाद दो-चार दिन तो गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। लेकिन इसे बाद फिर से तापमान में अत्याधिक बढ़ोत्तरी के आसार हैं। अनुमान तो यह है कि सात जून के बाद कहीं-कहीं तापमान 45 डिग्री पार भी जा सकता है, नौतपा के बाद भी यदि स्थिति नहीं बदली तो परेशानी बढ़ जायेगी। बिजली और पानी संकट के साथ स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडराने लगेगा।



**अच्छी खेती के साथ देश की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी**

**केंद्र में फिर से मोदी सरकार : दिव्यानंद**

**दिव्यानंद ने बताया कि ग्रहों का अस्त और उदय होना जातको पर गहरा प्रभाव डालता है। ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी तीन जून को पूर्व दिशा में गुरु तारा का उदित होना मंगलकारी रहेगा। राजनीतिक और आर्थिक स्थिति पर भी इसका गहरा असर दिखेगा। देश में राजनीतिक उत्थल पुत्थल तो रहेगी, लेकिन केंद्र में सत्ता परिवर्तन का योग नहीं बन रहा है। मोदी सरकार पूर्ण बहुमत से सत्ता में फिर से आयेगी।**

# पर्यावरण और अध्यात्म का गहरा संबंध : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**रांची।** ब्रह्माकुमारी संस्थान की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कहा कि पर्यावरण और अध्यात्म का गहरा संबंध है। आध्यात्मिकता हमें प्रकृति और आत्मा के संबंध का अनुभव कराती है लेकिन वर्तमान समय में प्रकृति और अध्यात्म का समन्वय बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर शांति और सदभाव का वातावरण बनायें। मौके पर बाल कलाकारों ने पर्यावरण थीम पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सबका मन मोहा। कार्यक्रम में पीसीसीएफ एनके सिंह, एमपीसीसीएफ अशोक कुमार, डॉ अविनाश, इनर व्हील क्लब की पूर्व अध्यक्षा तनूजा अधिकारी, उप आयुक्त स्टेट टेक्स विभाग मीरा कुमारी,आदि ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया।






# झारखंड के सभी 14 लोस निर्वाचन क्षेत्रों में 66. 19 प्रतिशत मतदान

*सातवें चरण में तीन संसदीय क्षेत्रों में 70.88 फीसदी मतदान*

*12 लोकसभा क्षेत्रों के मतदान में महिलाओं का रहा दबदबा*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सातवें चरण के चुनाव में तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में संपन्न मतदान के बाद सभी पोलिंग पार्टियां लौट आई हैं। सभी इवीएम स्क्रूटनी के बाद स्ट्रांग रूम में सील कर दिये गये हैं। सभी मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। रवि कुमार रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में मीडिया से मुखातिब थे। उन्होंने बताया कि राजमहल, दुमका और गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 70.88 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसमें राजमहल में 70.78, दुमका में 73.87 और गोड्डा में 68.63 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह झारखंड के सभी 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का मतदान 66.19 प्रतिशत रहा।

## आठ संसदीय क्षेत्रों में 2019 से अधिक हुआ मतदान



रवि कुमार ने बताया कि 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार 2024 के चुनाव में झारखंड के 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से आठ में अधिक मतदान हुआ है। जिन छह संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 2019 की तुलना में कम मतदान हुआ है, वह सभी बिहार राज्य की सीमा से जुड़े क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि संभावना है कि उस इलाके में पलायन आदि कारणों से ऐसा हुआ है। मतदान से जुड़ी एक रोचक जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में से 12 में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ रांची और जमशेदपुर में पुरुष मतदाताओं ने महिलाओं से अधिक मतदान किया है लेकिन उसका अंतर भी मामूली रहा है। वहीं, 14 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत पड़ने वाले 68 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। सिर्फ 13 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं से अधिक पुरुषों ने मतदान किया है। रवि कुमार ने बताया कि सभी 14 केंद्रों पर मतगणना की तैयारी जारी है। चार जून को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। नियमित अंतराल पर हर राउंड के नतीजे की घोषणा होती रहेगी। उन्होंने बताया कि संभावना है कि शाम चार बजे तक मतगणना पूरी हो जाएगी। नतीजे ऑनलाइन भी देखे जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे चुनाव के दौरान तीन पुलिसकर्मी, दो ड्राइवर और एक चुनावकर्मी की अलग-अलग कारणों से मौत हुई है। सभी के परिजनों को नियमानुसार अनुग्रह अनुदान का लाभ मिलेगा। रवि कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक झारखंड में 135 करोड़ 29 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। सातवें चरण के मतदान के दिन एक जून को भी 34.19 लाख रुपये की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।

# मतगणना में पारदर्शिता के लिए आयोग फॉर्म 17 सी सार्वजनिक करे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान ने प्रेस क्लब, रांची में प्रेस वार्ता आयोजन कर लोक सभा चुनाव में राजनैतिक दलों के रवैये, आयोग की भूमिका और जमीनी जनमत को साझा किया। अभियान लोक सभा चुनाव के परिप्रेक्ष में पिछले 1.5 साल से राज्य के कोने-कोने में लोगों के बीच तक गया। जन मुद्दों को बारीकी से समझा और चुनावी प्रक्रिया को नजदीकी से देखा। इस अनुभव के आधार पर प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। अभियान का मानना है कि झारखंड में इंडिया गठबंधन को कम से कम 7-8 सीट मिलेंगी। इस चुनाव में चुनाव आयोग की भूमिका अत्यंत निंदनीय रही है। आयोग ने अपनी निष्पक्ष भूमिका के विपरीत भाजपा के एजेंट के रूप में काम किया है। भाजपा द्वारा कई प्रकार के उल्लंघन लगातार किये गए जैसे मतदान केन्द्रों के बाहर चुनाव चिन्ह और मोदी फोटो युक्त मतदान पर्ची बांटना। शिकायतों के बावजूद आयोग द्वारा इन्हें रोकने की सक्रियता नहीं दिखाई गयी। चुनाव के दौरान आयोग के उदासीन रवैये से यह साफ है कि मतगणना के दौरान जनता को अपने जनमत की रक्षा के लिए सजग रहने की जरूरत है।

### लोकतंत्र बचाओ 2024 अभियान निम्न अपील व मांग की

1 अभियान चुनाव आयोग व सभी रिटर्निंग अफसरों से मांग करता है कि वे तुरंत फॉर्म 17सी को सार्वजानिक करें ताकि मतगणना में पारदर्शिता रहे।

2 अभियान वर्तमान चुनाव आयोग के आयुक्तों और पदाधिकारियों से मांग करता है कि वे आयोग के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लें और ईमानदारी से निष्पक्ष मतगणना सुनिश्चित करें।

3 अभियान सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे जनमत के प्रति सजग रहे और मतगणना के दिन खास निगरानी रखें. किसी भी परिस्थिति में अपने जनमत की चोरी न होने दें।

4 अभियान इंडिया गठबंधन से मांग करता है कि वे मतगणना के दिन सतर्क रहे, फॉर्म 17सी के आधार पर वोट का मिलान करें और और आयोग से नियम संगत कार्यवाई की मांग करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में झामुमो के तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष पार्टी से निष्कासित

**खूंटी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने पार्टी के के तोरपा प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार कर को पार्टी विरोधी गतिविधि के आरोप में पार्टी से छह वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया। जिलाध्यक्ष की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि झामुमो के प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कर ने छह मई को भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के साथ सोशल मीडिया में एक फोटो पोस्ट किया था, जो पार्टी के अनुशासन के खिलाफ है। इधर, पार्टी से निष्कासन के बाद संतोष कुमार कर ने भी बयान जारी कर कहा कि झामुमो के वरीष्ट नेता मनमाने ढंग से पार्टी कों चला रहे हैं। इसके कारण उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। ज्ञात हो कि संतोष कुमार कर तोरपा प्रखंड के उप प्रमुख हैं।

### कांग्रेस नेता पीएन सिंह जयंती मनाई गई



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय पी एन सिंह की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय कांग्रेस भवन में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व तुम कृतित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने व्यक्तव मे कहा की स्वर्गीय पी.एन. सिंह का राजनीतिक सफर का आगाज ही कांग्रेस की छत्र छाया में हुआ.इन्होंने राजनीतिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई और अपने राजनीतिक जीवन में सदैव दलित, शोषित और समाज के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहे। इन्होने 1980 में हटिया विधानसभा से चुनाव लड़ा और चुनाव में विजय घोषित होने के उपरांत रिकाउंटिंग में मात्र 52 वोट से पिछड़ गए।इनकी जन सेवा एवं कांग्रेस के प्रति सेवा भाव को देखते हुए 1987 में इन्हें बिहार राज्य लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। झारखंड गठन के पश्चात 2000 में झारखंड प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में इन्होने कारभार संभाला और कांग्रेसियों में ऊर्जा का संचार किया। इनकी इच्छा शक्ति और कार्य के प्रति लगनशीलता को देखते हुए इन्हें 1980 से जीवन के अंतिम काल तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। पी. एन. सिंह का सादा जीवन,सरल स्वभाव, स्पष्ट विचार जनमानस को प्रभावित करता था। पी. एन. सिंह दूरदर्शी के साथ एक ओजस्वी वक्ता थे। इनका समाजिक सेवा का भाव इनके लक्ष्य को चरितार्थ करता था।

### रांची के ब्लू पॉन्ड में डूबे छात्र का शव मिला

**रांची ।** तुपदाना ओपी क्षेत्र के बालसिरिंग स्थित ब्लू पॉन्ड में नहाने के दौरान डूबे छात्र का शव पांच दिनों बाद रविवार को मिला। बीते 28 मई को छात्र की डूबकर मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त अंश अनुग्रह किंडो (15) के रूप में की गई थी। पुलिस के मुताबिक अंश ने दो दोस्तों अमन कुमार महतो और आशीष हेंब्रम के साथ ब्लू पॉन्ड में नहाने गया था। इसी दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई थी। वह ग्रीन गार्डेन हेंसाग का रहने वाला था और ब्रिजफोर्ड स्कूल में 11वीं का छात्र था। उसके पिता की मौत छह साल पहले हो गई थी और मां केनरा बैंककर्मी है।एनडीआरएफ की टीम ने छात्र की तलाश तीन दिनों तक की थी, लेकिन उसका शव नहीं मिला था। ओपी प्रभारी दुलार महतो ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### स्वामी भावेशनंद ने रांची गोशाला में किया गोपूजन




**रांची ।** रांची गोशाला न्यास में रविवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची के सचिव स्वामी भावेशनंद ने गोपूजन एवं सेवा कर गोमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात रांची गोशाला के मुख्य द्वार पर राधाकृष्ण की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। रांची गोशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत कुमार पोद्दार एवं गोशाला ट्रस्टी चेयरमैन सह उपाध्यक्ष रतन जालान ने उनका अभिनंदन किया। पुनीत कुमार पोद्दार ने आए हुए सभी अतिथियों का भी स्वागत किया। स्वामी भावेश ने कहा कि उन्हें रांची गोशाला आने का एवं गोसेवा करने का सौभाग्य मिला। वे यहां आकर अत्यंत आनंदित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने रांची गोशाला न्यास के अध्यक्ष एवं पूरी कार्यसमिति का आभार व्यक्त किया।

### युवा आजसू रांची महानगर के चेतन प्रकाश को वार्ड 1 से 10 तक संगठन विस्तार की जिम्मेवारी



**रांची।** हरमू स्थित आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में रविवार को युवा आजसू रांची महानगर की एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता चेतन प्रकाश ने की। बैठक में रांची महानगर में युवा आजसू का प्रत्येक वार्ड में संगठन विस्तार के लिए विचार विमर्श किया गया। इसमें चेतन प्रकाश को वार्ड नंबर 1 से 10 तक संगठन विस्तार करने के लिए जिम्मेदारी दी गई। साथ ही, पूरे महानगर में संगठन विस्तार पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में गौतम सिंह, जब्बार अंसारी, वेदांत कौस्तव, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, नीरज वर्मा, नीतीश सिंह, राहुल तिवारी, अभिषेक झा, संटू कुमार आदि उपस्थित थे।

# ईडी मनीष रंजन से आज करेगी पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में टेंडर कमीशन घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईएएस मनीष रंजन से 28 मई को आठ घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी अब फिर सोमवार को मनीष रंजन से पूछताछ करेगी।
घोटाले की जांच के दौरान इसी महीने छह मई को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस रहे संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के फ्लैट से ईडी को कई दस्तावेज हाथ लगे थे। इसमें कमीशन की राशि किन-किन लोगों को जाती थी, इसका पूरा विवरण मौजूद है। ईडी ने इस संबंध में भी सवाल-जवाब किए, लेकिन मनीष रंजन ने इन सभी सवालों पर अनभिज्ञता जताई। ईडी ने मनीष को मंत्री आलमगीर आलम के समक्ष भी बैठाकर भी कई सवाल किए, लेकिन ईडी के सवालों पर दोनों ने चुप्पी साध ली। इससे पहले ईडी ने मनीष को 24 मई को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वे ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे और जांच एजेंसी से समय देने का आग्रह किया। इस पर ईडी ने उन्हें अगले ही दिन 25 मई को फिर से समन कर 28 मई को पूछताछ के लिए बुला लिया। ईडी झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव और फिलहाल राज्य में राजस्व सचिव के पद पर तैनात वरीय मनीष रंजन, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल समेत जहांगीर आलम की प्रॉपर्टी और इन्वेस्टमेंट की जानकारी इकट्ठा कर रही है।

# एग्जिट पोल और एग्जैक्ट पोल में बहुत अंतर होता है : राजेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को कहा कि एग्जिट पोल और एग्जैक्ट पोल में अंतर है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ प्रदेश अध्यक्षों की वर्चुअल बैठक में कहा, एग्जिट पोल के माध्यम से हम पर साइकोलॉजिकल हमला करने का प्रयास हुआ है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। झारखंड में हम पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़े हैं और हम पिछले बार के मुकाबले बहुत ही अच्छी स्थिति में हैं। इस बार हम 2019 के मुकाबले अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज कर रहे हैं।
ठाकुर ने बैठक में कांग्रेस उम्मीदवारों के अलावा इंडी गठबंधन के अन्य सीटों के बारे में भी विस्तृत रूप से समीकरणों सहित जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकताओं को भी निर्देश दिया गया है कि चुनाव परिणाम के दिन मतगणना केंद्र के पास भी उपस्थित रहें। साथ ही, सभी जिलों में स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में प्रदेश कांग्रेस के वार रूम में अविलंब सूचना दें, ताकि उस पर कार्रवाई की जा सके।

# ओडिशा से अपहृत नाबालिग रांची रेलवे स्टेशन से बरामद, आरोपित गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने ओडिशा के रायगढ़ा से अपहृत लड़की को रांची स्टेशन से बरामद किया है। साथ ही अपहरण के आरोपित अमित दास को गिरफ्तार किया है। ओडिशा पुलिस की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। रविवार को मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा पुलिस ने आरपीएफ के कमांडेंट पवन कुमार को जानकारी दी थी कि रायगढ़ा निवासी एक नाबालिग लड़की को नवरंगपुर जिला के उमरकोट निवासी अमित दास ने अपहरण कर लिया है। मामले को लेकर लांजीगढ़ थाना में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा के तहत 19 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सूचना पर निरीक्षक दिगंजय शर्मा को ऑपरेशन 'रेल प्रहरी' के त्वरित कार्यवाही करने को बोला गया, जिसपर निरीक्षक ने रांची स्टेशन पर तलाशी ली और आरोपित को नाबालिग लड़की के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक पर नन्हे फरिश्ते टीम के सुमन मिंज और अंजना कुमारी के साथ पकड़ा तथा सभी कानूनी औपचारिकताओं का पालन करते हुए नाबालिग लड़की को प्रेमाश्रय को सौंप दिया गया है। मामले की जानकारी नाबालिग लड़की के परिजन और ओडिशा पुलिस को दी गई। इसके बाद लांजीगढ़ थाना पुलिस रांची आरपीएफ पोस्ट पहुंची तथा आगे की कार्रवाई के लिए आरोपित को ओडिशा पुलिस को सौंप दिया गया है।

## जंगली हाथियों का झुंड पहुंचा झारखंड विधानसभा



**रांची।** रांची शहर में शनिवार आधी रात को झुंड से भटककर एक जंगली हाथी घुस आया। जंगली हाथी करीब दो घंटे तक झारखंड विधानसभा के आसपास घूमता रहा। इस दौरान स्थानीय लोग काफी दहशत में रहे। किसी तरह पुलिस ने सायरन बजाकर और पटाखे फोड़कर जंगली हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा। विधानसभा थाना प्रभारी प्रदीप ने बताया कि शनिवार रात करीब 12.30 बजे सूचना मिली कि विधानसभा के पास खेत की ओर एक जंगली हाथी आया है। स्थानीय लोग उसे भगाने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और पहले तो सायरन बजाकर हाथी को भगाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। हालांकि, देर रात होने और सड़क पर भीड़ न होने के कारण हाथी ने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया और स्थानीय लोगों ने धैर्य के साथ हाथी को भगाने में सहयोग किया।

**कोल माइंस**

## सीएमओएआई ने हर्षोल्लास के साथ मनाई 51वीं वर्षगांठ

# सीसीएल के नए सीएमडी का स्वागत करते हुए उत्साहित हैं : देवनाथ

*45 सदस्यों व 9 सब्सिडियरी मेंबर को सम्मानित किया गया*

*भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी हुआ आयोजन*



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कोल माइंस अफसर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमओएआई) की 51वीं वर्षगांठ पर रविवार को राजधानी रांची के खेलगांव स्थित टाना भगत इंडोर स्टेडियम में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों के तौर पर निदेशक (कार्मिक), सीसीएल हर्ष नाथ मिश्र एवं सीवीओ, सीसीएल, पंकज कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि निलेंदु कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में सीएमओएआई के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान लगभग 45 सदस्यों और 9 सब्सिडियरी सदस्यों को मोमेंटो, बुके, शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया था।
कार्यक्रम के अध्यक्ष सीएमओएआई एपेक्स के अध्यक्ष देवनाथ सिंह ने कहा कि यह बहुत हर्ष की बात है कि सीएमओएआई की गोल्डन जुबली उत्सव पूरे उमंग से मनाया जा रहा है। साथ ही साथ सीसीएल के नए सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के स्वागत के लिए भी हम सभी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि पदेन सीएमडी सीसीएल सीएमओएआई के संरक्षक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान ही नवनियुक्त सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह को संरक्षक पद का पदभार भी ग्रहण करवाया गया।
सभी अतिथियों ने इस अवसर पर सीएमओएआई को बधाई दी और उम्मीद जाहिर की कि संगठन अपनी इमेज के अनुरूप अपना बेहतर कार्य अधिकारियों के हित में जारी रखेगी।

## एक नजर

### डीएवी के स्थापना दिवस पर अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में हवन का आयोजन

**कुजू।** अग्रसेन डीएवी भरेचनगर में शनिवार को डीएवी के स्थापना दिवस के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन किया गया। इसका निर्देशन विद्यालय के अष्टम वर्ग के छात्र शुभम मिश्रा व षष्ठम वर्ग की छात्रा काव्या मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सह क्षेत्रीय निदेशक झारखंड जोन एफ निशिकांत कर, विद्यालय सुपरवाइजरी हेड केएम झा, शिक्षक केके अम्बाष्ठा, सुधीर मिश्रा, अवधेश साहू, मुकेश झा, के भट्टाचार्जी, नीरज पाठक, एस गोस्वामी, सुमित कुमार, सौरभ पाठक, धर्मेंद्र गौतम, नवजीत आनंद, शिक्षिका रंजन वाला सिन्हा, भूपेंद्र कौर, जेके झा शामिल हुए। विद्यालय प्राचार्य सह सहायक क्षेत्र अधिकारी झारखंड जोन एफ निशिकांत कर ने डीएवी स्थापना दिवस को एक पवित्र दिन बताया। कहा स्वामी दयानंद के सपनों को पूरा करने के लिए हंसराज ने जो त्याग और बलिदान देकर 1 जून 1886 को लाहौर में डीएवी विद्यालय की स्थापना की आज वह वट वृक्ष बन गया है।

### सौंदा डी में आंधी-पानी में चबूतरा समेत उखड़े पीपल-बरगद के पेड़

**भुरकुंडा।** सौंदा डी पंचायत में आंधी-पानी ने खूब तबाही मचाई। इसमें पेड़ गिरने से करीब आधा दर्जन घर व दुकान क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत प्रदीप कुमार अपनी पत्नी व बच्चे के साथ चोटिल भी हो गए। कुछ माह से जीपी कैंप मोहल्ले में रह रहे प्रदीप कुमार के घर पीपल का विशाल पेड़ गिर गया, जिससे उनका परिवार घर में ही फंस गया था। बाद में स्थानीय लोगों ने पेड़ की शाखाओं को काट कर चोटिल परिवार को बाहर निकाला। इसी प्रकार शक्तिनगर निवासी मुकेश तिवारी का घर भी पेड़ गिरने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं रामनगर में चबूतरा समेत पीपल के गिरने से मनोज शर्मा का घर व दुकान और सुनील सिंह का घर क्षतिग्रस्त हो गया। यहां आंधी पानी में उमेश यादव का घर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### पीड़ित परिवार वालों से मिलने पहुंचे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर, छोटकी मुर्राम, विद्यानगर में हुई दर्दनाक हादसे के पीड़ित परिवार वालों से मिलने के लिए शनिवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी उनके आवास पहुंचे। मौके पर चंद्र प्रकाश चौधरी ने पीड़ित परिवार वालों से मिल कर मृतक सुशीला देवी के प्रति शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि इस तरह की हृदय विदारक घटना ने हम सभी को झंझोर कर रख दिया है ' रामगढ़ शहर के विद्यानगर इतने शांत माहौल में यहां के लोग अपने जीवन यापन करते हैं और अपराधियों के घटना से यहां के लोगों में काफी दहशत का माहौल है। उन्होंने कहा कि मैं जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इसमें संलिप्त अपराधी किसी भी हाल में नहीं बचना चाहिए।

# मंडा पर्व हमारी आस्था का प्रतीक व प्राचीन परंपरा : सुधीर मंगलेश




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** दुलमी प्रखंड के उसरा में शनिवार की रात्रि मंडा पर्व का आयोजन किया गय। मंडा में छउ नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश विधिवत उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि मंडा पर्व झारखंड की परंपरा और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। जिसे खासकर झारखंड में लोग काफी उत्साह और जुनून के साथ लोग मनाते आ रहे है। यह पर्व अच्छी बारिश, खेत-बारी और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान भक्त आग पर चलने और ऊंचाई पर पीठ पर लगे हुक - के सहारे झूलते हैं। इस दौरान श्रद्धा और भक्ति का ऐसा नजारा दिखता है जिसमें बड़े तो बड़े नन्हे बच्चे भी अपनी भक्ति की परीक्षा देते है। इस भक्ति के परीक्षा का उद्देश होता है कि भगवान के प्रति आस्था और प्रेम को दर्शना। पर्व में सभी अच्छी बारिश की कामना करते हैं ताकि घर में सुख-शांति बनी रहे और परिवार में खुशियां आएं। मौके समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार सिन्हा, जगमोहन महतो, साजन महतो, संतोष महतो, विमल महतो, रंजीत महतो, आनंद केटियार, संदीप चौधरी, जोगेंदर ओहदार, युगल किशोर महतो, विनोद महतो, नौशाद अंसारी, बालकिशुन महतो,संजय महतो, अमरु महतो, योगेश्वर महतो आदि उपस्थित थे।

## आरोग्यम अस्पताल के सौजन्य से डीसीबी बैंक में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिले का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल आरोग्यम लोगों को पिछले 7 वर्षों से अपनी सेवा प्रदान कर रहा है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थान पर जांच शिविर लगाकर सीधा जनता की सेवा भी की जा रही है।इसी क्रम में रविवार को सिंदूर स्थित डी.सी.बी बैंक परिसर मे आरोग्यम अस्पताल के विशेष सहयोग से नेत्र जांच शिविर एवं सामान्य चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डेढ़ सौ से भी अधिक मरीजो ने जांच करवाया, जिसमे 60 से भी अधिक मरीजों ने अपना नेत्र जांच करवाया है। नेत्र जांच में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर विवेक कुमार ने आम जनता को नेत्र देखभाल के बारे में कई जानकारियां उपलब्ध करवाया है। इस शिविर में निःशुल्क पल्स, शुगर, बीपी एवं वजन की जांच किया गया। जांच के दौरान चिकित्सकों के द्वारा 50 से भी अधिक मरीजों को मुफ्त ओपीडी एवं आगे की जांच के लिए अस्पताल रेफर किया।मौके पर अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि लोग स्वस्थ रहे, इसी दृष्टिकोण से अस्पताल सदैव तत्पर है। जांच शिविर के माध्यम से जनता जनार्दन से सीधा संपर्क किया जाता है तथा जांच शिविर के दौरान मरीज को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती है। मौके पर तबरेज, विकास, पंकज, बबीता, रूपा, मशी सहित कई अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### गुरुकुल कोचिंग सेंटर का भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने किया उद्घाटन




**रामगढ़।** रविवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेहरू रोड में क्लास एक से लेकर बारहवीं तक के छात्रों के लिए गुरुकुल फन एंड लर्न नामक कोचिंग सेंटर का शुभारम्भ हुआ। कोचिंग सेंटर का उदघाटन पूर्व विधायक प्रत्याशी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काटकर किया। मौके पर संचालक पीयूष शरण व उनकी टीम को बधाई देते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने कहा इस क्षेत्र में एक अच्छे कोचिंग सेंटर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, गुरुकुल के खुलने से अब छात्रों को सहूलियत होगी।

### डीएवी ने मनाया 138वां स्थापना दिवस

### डीएवी संस्थान नहीं एक विचार है : प्राचार्य



**बरही।** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में डीएवी का 138 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी की विभूतियो के चित्र पर माल्यार्पण और साथ हवन कार्यक्रम के साथ हुआ. विद्यालय के शिक्षको ने डीएवी की स्थापना व उद्देश्य पर अपने विचार रखे. शिक्षक रवि उदय सिंह ने संस्थापक महात्मा हंसराज के योगदान पर चर्चा किया. धर्मेंद्र कुमार ने कहा की समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा देता है. अतिथि अर्जुन पांडे ने कहा कि समाज को शिक्षित करने में डीएवी की महत्वपूर्ण भुमिका रही है. प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने डीएवी को के विचार बताया. जो लोगों के मन मस्तिष्क में बस कर एक बेहतर संसार की संकल्पना को पूरा करने में जुटा हुआ है. उन्होंने सबों को महात्मा दयानंद और हंसराज के दिखाएं रास्ते पर चलने की शपथ भी दिलवाई. इसके साथ ही उपस्थित लोगो ने पर्यावरण संरक्षित करने के लिए पेड़ लगाने का भी संकल्प लिया. मंच संचालन राजेश कुमार सिन्हा ने किया. कार्यक्र सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियो ने महत्ती भूमिका निभाई.

### आंधी तूफान के कारण बरकट्ठा में विद्युत आपूर्ति बाधित




**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार दोपहर को तेज आंधी तूफान आने से मेन लाइन में खराबी आ गई ।इससे प्रखंड के सैकड़ो गांव 25 घंटे से अधिक देर तक बिना विधुत के रहने को विवश हो गये ।वहीं ग्रामीणों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ रही है ।साथ ही पानी की किल्लत,मोबाइल रिचार्ज की समस्या सबसे अधिक हो रही है ।विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की दोपहर करीब 1:30 बजे से रविवार 4 बजे समाचार लिखे जाने तक विधुत बाधित रहा ।इस निमित विद्युत विभाग के कर्मी बिजली सेवा बहाल करने को लेकर लगातार कार्य कर रहे है। ज्ञात हो की आंधी तूफान आने के कारण कई स्थानों पर बिजली के पोल गिर गए थे ।साथ ही कई लोगों के खपरैल के मकान तथा कॉर्केट उखड़ गए थे।

### सामूहिक बलात्कार के विरोध में पूर्व सैनिकों ने निकाला आक्रोश रैली




**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोशिएशन एवं अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा संयुक्त रूप से आक्रोश रैली रविवार को निकाला गया। बताते चलें कि लद्दाख में पोस्टेड सैनिक की पत्नी का नामकुम थाना क्षेत्र में अर्धनिर्मित घर में अपराधियों द्वारा सामूहिक बलात्कार किया गया था, लेकिन अभी तक अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर आक्रोश रैली निकाला गया। आक्रोश रैली में शहीद स्मारक से हजारीबाग मेन रोड सहित पूरे नगर भ्रमण कर पूर्व सैनिकों ने प्रशासन एवं सरकार के विरोध में नारेबाजी भी जताई। मौके पर पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोशिएशन प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए और दोषियों को फांसी दी जाए। अगर अपराधी जल्द गिरफ्तार नहीं होते हैं तो झारखंड के प्रत्येक जिले में धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। कैप्टन डीडी सिंह ने कहा कि एक सेवारत सैनिक की पत्नी के साथ इस तरह का घटना अत्यंत निंदनीय है, ये घटना सुनकर सभी सैनिकों/ पूर्व सैनिकों में गुस्सा है सरकार जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करवाए, अपराधी गिरफ्तार नही होने तक ऐसे ही सरकार को जगाने का काम करते रहेंगे।

### डाडी भाजपा मंडल अध्यक्ष को पितृशोक

**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डाडी भाजपा मंडल अध्यक्ष वकील महतो के पिता जगदीश महतो का करीब 85 साल की उम्र में निधन हो गया। इस की जानकारी पाते ही रविवार को विधायक मनीष जायसवाल उनके बलसगरा स्थित आवास पहुंचे और दिवंगत के पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर नमन किया। उन्होंने ईश्वर से मृत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारजनों को इस दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी की।ज्ञात हो की स्व जगदीश महतो सीसीएल से सेवानिवृत्त हुए थे। वे अपने पीछे दो पुत्र, चार पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शनिवार को अचानक घर में गिरने से उनका ब्रेन हेंब्रज हो गया। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए लेकिन चिकित्सक ने जबाब दे दिया और घर आने के दौरान रास्ते में हीं उन्होंने अंतिम सांस ली। मनीष जायसवाल ने उनके अकास्मिक निधन पर गहरा शोक जताया है।

## 82 वीं जयंती के अवसर पर याद किये गये कांग्रेसी नेता पीएन सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की 82 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी सह प्रखर समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा कि बाबु पीएन सिंह अजीवन कांग्रेसी रहे। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य तथा 1985 से 1987 तक सयुंक्त बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव और 1987 से 1990 तक लघु उद्योग निगम के अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे । कार्यकारिणी के सदस्य रविन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बिहार से झारखंड अलग होने पर वे रियाडा के चेयरमैन तथा 1999 से 2004 तक झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष रहे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, अशोक देव, मिथिलेश दुबे, अजय गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, साजिद अली खान, दिलीप कुमार रवि, रघु जायसवाल, सदरूल होद्दा, माशूक अंसारी, अफताब आलम, बाबर अंसारी, कौशल कुमार सिंह, अमृतेष रंजन, अनिल भुईया, मुस्ताक अंसारी,अर्जुन सिंह, मो. मोइनुद्दीन, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, जावेद इकबाल, विनय सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

**वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने पदमा में लगाया रक्तदान शिविर**

# रक्तदान से किसी की जान बचाना सबसे बड़ा धर्म है : निर्मल जैन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के पदमा प्रभारी पुरुषोत्तम कुमार द्वारा अपने जन्मदिन पर पदमा स्थित जेएमएम पब्लिक स्कूल में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने किया। श्री जैन ने कहा कि रक्तदान किसी के लिए भी जरूरी है और यह शुभ कार्य हर लोगों को करना चाहिए। किसी भी जरूरतमंदों के लिए रक्त का बूंद भी जीवन बदल सकता है। रक्तदान से किसी की भी जान बचाना सबसे बड़ा धर्म है, इससे बड़ा कोई धर्म नहीं, चाहिए वह किसी भी जाति का हो। इसके बीच कोई बाधा नहीं पहुंचा सकता। शिविर का शुभारंभ सूर्यदेव प्रसाद ने प्रथम बार रक्तदान किया इसके तत्पश्चात राजकुमार पांडे, दीपक कुमार, सुजीत कुमार, गौरव कुमार एवं मनोज कुमार मेहता ने भी रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। अचानक बारिश आने से अनेक रक्तदाता शिविर में नहीं पहुंच सके। पुरुषोत्तम कुमार ने आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सैकड़ो लोगों को शिविर में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा समस्त रक्तदाताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया गया, साथ ही आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

**आंधी पीड़ितों से मिली जिप सदस्य, हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

# खराब चापाकल ठीक करवाने के लिए विभागीय जेई से की बात



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बीते दिन आए चक्रवाती तूफान ने केदारूत व कजरा के कई घरों को तबाह कर दिया है। जिससे गरीबों को रहने में परेशानी हो रही है. जिसका जायजा लेने बरही पश्चिमी जिप सदस्या प्रीति कुमारी पीड़ित के गांव पहुंची. पीड़ितों से मिलकर पूरा जायजा लिया तथा हौसला अफजाई की और आपदा प्रबंधन के तहत उचित मुआवजा दिलाने की बात कही. जिप सदस्या ने आंधी के कारण सुधीर रविदास के लगभग दस लाख से बने मुर्गी फार्म एवं चंदर भूईया के सूअर खटाल के नष्ट हो जाने की सूचना बैंक प्रबंधन को देकर उचित सहयोग की बात कही. इसी क्रम में उन्होंने गांव के खराब पड़े हैंडपंप को ठीक करवाने करवाने के लिए विभागीय जेई से संपर्क किया. जिसे जेई ने यथाशीघ्र ठीक करने का आश्वासन दिया. इस दौरान विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, समाजसेवी इन्द्रदेव ठाकुर,भोला भुइंया, अजय भुइंया, दिनेश भुइंया, सुधीर राज, अनिल राम, भोला राम, सुकरादेव राम, मनोज राम, बैजनाथ राम, मुनेश्वर राम, राजू भुइंया, दिनेश भुइंया, अशोक भुइंया, किशुन भुइंया, जगदीश भुइंया, सिकंदर भुइंया आदि लोग मौजूद रहे.

## पेसरा में देवी मंडप का पुनर्निर्माण व नवीन मंदिर निर्माण के लिए किया गया पूजन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के ग्राम पेसरा में देवी मंडप के पुनर्निर्माण एवम नवीन भव्य मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों के सहयोग से रविवार को एकदिवसीय पूजन एवं प्रवचन का आयोजन किया गया। वहीं लोगों ने भव्य मन्दिर निर्माण की आधारशिला रखी। मौके पर उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद ने कहा कि देवी मंडप का बेहतर तरीके से पुनर्निर्माण एवं आकर्षक बनाया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के सहयोग से भव्य मंदिर भी बनाया जाएगा। मौके पर कथावाचक जयराम शरण शास्त्री, किसुन महतो, बैजू महतो, गांगो महतो, विनय कुमार, पुरुषोत्तम कुमार, शंकरदयाल प्रसाद, वजीर महतो, सिकन्दर प्रसाद, नरेश कुमार, छोटी महतो, जागेश्वर महतो, नारायण पासवान, शिवशंकर प्रसाद, क्षत्रधारी महतो द्वारिका महतो, श्यामलाल ठाकुर, बद्री महतो, दुलारी देवी, गिरजा देवी, कुंती देवी, झलवा देवी, मंजू देवी, मीना देवी, शकुंतला देवी, मुनिया देवी, गुड़िया देवी, रेखा देवी, विमला देवी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**नियंत्रण**

**फूड पॉयजनिंग के शिकार हुए सैकड़ों लोग, अस्पताल पहुंचकर कराया इलाज**

# चिकित्सकों के अथक प्रयास से स्थिति पर पाया गया काबू



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** बरही। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत बेन्दगी पंचायत में अखंड हरी कीर्तन में प्रसाद खाने के दौरान फूड पॉयजनिंग से शिकार लोगों का दूसरे दिन भी अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भीड़ लगा रहा। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में दूसरे दिन भी लगभग 200 की सख्या में फूड पॉयजनिंग के शिकार लोगों ने उल्टी एवं दस्त की शिकायत के बाद इलाज के लिए पहुंचे। इस दौरान अफरा तफरी का माहौल देखा गया। वही बरही अनुमंडलीय अस्पताल की टीम ने लोगों का उचित इलाज कर उन्हें घर भेजने का काम किया। वहीं कुछ लोगों को अपनी देखरेख में भी रखा गया। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। इस मामले में किसी भी मरीज को कहीं भी रेफर नहीं किया गया है। यह पूरी तरह से फूड पॉयजनिंग का मामला है जो लोगों में तेजी से फैल गई। अब स्थिति पूरी तरह सामान्य हो चुकी है लोगों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है। किसी भी मरीज को कोई समस्या होने पर तुरंत बरही अनुमंडलीय अस्पताल में अपना इलाज करवाने पहुंच सकते है। डॉ ज्ञानी ने कहा कि लोग लगातार ओआरएस का सेवन और दिए गए दवा का सेवन करते रहे।

**गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, लोगों का किया जांच**

मरीजों की संख्या में वृद्धि होता देख स्वास्थ्य विभाग की टीम बेन्दगी गांव पहुंची। बेन्दगी गांव में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी, लिपिक पंकज कुमार आजाद, मो. शमशाद पहुंचकर उनका प्राथमिक इलाज किये और स्वास्थ्य से सम्बंधित परामर्श दिया। डॉ ज्ञानी ने बताया कि सभी लोग ओआरएस का उपयोग अधिक से अधिक मात्रा में करें। साथ ही भरपूर मात्रा में पानी पिएं। गर्मी में शरीर में पानी की कमी नही होना चाहिए, इसके लिए अधिक से अधिक पानी पिएं।

### बेंदगी पहुंची खाद्य सुरक्षा टीम ने पानी सहित खाद्य पदार्थों का लिया सैंपल

**बरही ।** फुड पॉइजनिंग मामले की जांच करने जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी अपने टीम के साथ बेंदगी गांव पहुंचे. इस दौरान स्थानीय मुखिया और स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रहे. पीड़ितों से बात चीत के बाद प्रसाद में प्रयोग किए गए वस्तु की जानकारी लिया. उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में पाया गया कि ग्रामीणों ने प्रसाद बनाने के क्रम में घी कम पड़ने पर महीनों पड़े नॉन एडिबल घी (पूजा में प्रयोग में आने वाले अखाद्य घी) का भी प्रयोग किया था. जो प्रथम दृष्टया फूड पॉइजनिंग का मुख्य मामला बना है. ऐसे चीनी, सूजी और जिस नलकूप के पानी का प्रयोग किया गया था उसके पानी को भी सैंपल में लिया गया है. जिसे टेस्टिंग के लिए लैब भेजा जाएगा. जांच के बाद ही इन वस्तुओं के बारे में कुछ कहा जा सकता है.

## एक नजर

### आम तोड़ने को लेकर हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग गंभीर, तीन रेफर

**सतगावां।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटैया में आम तोड़ने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में छः लोग घायल हो गए। घटना शुक्रवार देर शाम की है। घायलों में प्रथम पक्ष के रामरक्षा प्रसाद यादव, 45 वर्ष, पिता- महावीर महतो, विपुल कुमार, 20 वर्ष, पिता- रामरक्षा प्रसाद यादव ,मीना देवी, 43 वर्ष, पति- शिवनंदन प्रसाद यादव और दूसरे पक्ष से विनोद प्रसाद यादव, 55 वर्ष, रणधीर कुमार,26 वर्ष, पिता- विनोद प्रसाद यादव, सरस्वती देवी, उम्र 50 वर्ष, पति- विनोद प्रसाद यादव सभी ग्राम कटैया निवासी बताया गया है। रामरक्षा प्रसाद यादव, रणधीर कुमार, विपुल कुमार तीनो घायलों को इलाज के बाद कोडरमा रेफर कर दिया गया है। प्रथम पक्ष रामरक्षा प्रसाद यादव और दूसरे पक्ष से विनोद प्रसाद यादव दोनों लोगों के बीच मारपीट हुई है। दोनों पक्षों में पूर्व से ही जमीनी विवाद चल रही थी।

### सर्पदंश मामले में जानकारी के आभाव में बढ़ जाता है खतरा

**रामगढ़।** अक्सर सांप काटने के बाद लोग जानकारी के अभाव में कुछ ऐसा कर देते हैं जिससे उनकी जान का खतरा और भी बढ़ जाता है। सर्पदंश के पीड़ित लोग अगर उस नाजुक समय में थोड़ा संयम रखें और तुरंत अस्पताल पहुंच जाए तो उनकी जान बच सकती है। ज्यादातर लोगों की मौत सांप काटने के बाद अंधविश्वास के कारण होती है। जो झाड़फूंक के फेरे में पड़ जाते हैं। जबकि जानकारों और डॉक्टरों की माने तो सर्पदंश के बाद पीड़ित को सबसे पहले शांत और स्थिर रहना चाहिए। ऐसा करने से जहर शरीर मे जल्दी नहीं फैलता। इसके बाद तुरंत अस्पताल ले जाने से वहां एंटीडोट की मदद से उसकी जान बचाई जा सकती है। रेफरल अस्पताल की चिकित्सा प्रभारी डॉ श्रुति ऋचा ने बताया कि सांप काटने के बाद लोग अक्सर पैनिक हो जाते हैं। जो शरीर में जहर जल्दी फैलने का कारण होता है।

### अभिभावक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें : डॉ कामना राय

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय के इतिहास विभाग में अविभावक शिक्षक संवाद शनिवार को संपन्न हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ कामना राय ने कहा कि अभिभावक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें उन्हें चाहिए कि अपने बच्चों को अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए विद्यार्थियों को अनुशासन का पालन अनिवार्य है। इसके लिए सर्वप्रथम अधिक से अधिक कक्षाएं करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा आवेदन की स्वीकृति के लिए विश्वविद्यालय की कक्षा में 75% उपस्थिति अनिवार्य किया गया है। विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो रोज उरांव ने अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों का कक्षा में निरंतर उपस्थिति दर्ज कराएं। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों को उनके बच्चों के विभागीय आंतरिक परीक्षा और बाह्य परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ खास गुर बताए।

**जल जीवन मिशन योजना की खुली पोल : करोड़ों खर्च करने के बाद भी लोगों को नसीब नहीं हो रहा है पानी**

# आज भी नदी, चुआं व डाड़ी का पानी पीने को विवश हैं लोग

**आलोक कुमार। सिमडेगा**

सिमडेगा जिले में आज भी कई ऐसे अनेक गांव व कस्बे है जहाँ पर लोगों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग आज भी नदी, चुंवा और डाड़ी का पानी पीने के लिए उपयोग करते हैं, क्योंकि सुदूर क्षेत्रों में सरकार की योजनाएं अधिकारियों के लापरवाही के कारण नहीं पहुंच पाती हैं। यदि किसी तरह योजनाएं पहुँच भी जाए तो योजना के लिए मिलने वाली राशि का बंदरबाट नीचे से ऊपर तक के अधिकारी कर्मचारी हजम कर जाते है। जिसका नतीजा यह होता है कि विभिन्न योजना से संबंधित कार्य आधे अधूरे में बंद हो जाते है। ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों के लिए सबसे बड़ी परेशानी पानी की होती है। बरसात के मौसम में किसी तरह तो पानी मिल जाता है लेकिन गर्मी के मौसम में आस-पास के डाड़ी, छोटे नाले सूख जाने के कारण लोगों को लंबी दूरी तय कर पानी की





व्यवस्था अपने परिवार के लिए करनी होती है। जिले के जलडेगा और बांसजोर में पिछले लगभग दो सालो से जल जीवन मिशन योजना के तहत घर-घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य किए जा रहे है, लेकिन इस योजना में भी आपसी मिलीभगत कर घटिया तरीके से निर्माण कार्य कराए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस योजना के तहत गांव-गांव में टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बाद उन टंकी से पानी के लिए लाईन का विस्तार करते हुए लोगों के घरों तक पानी की सप्लाई की व्यवस्था की जानी है, ताकि लोगों को आसानी से घर बैठे पानी उपलब्ध हो सके। जलडेगा और बांसजोर के कई ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत टंकी निर्माण करा लिया गया है, साथ ही गांव में निवासरत लोगों के घर में पानी के लिए टोटी भी लगा दी गई है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी पानी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। कहीं जलमिनार का स्ट्रेक्चर खड़ा कर दिया गया है तो कहीं दो साल बीतने के बाद भी सोलर नहीं लगा, कहीं बोरिंग नहीं है तो कहीं पाइप ही नहीं बिछाया गया, जिसके कारण सरकार के इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। कुछ जलमिनार पंचायत और पीएचईडी के तरफ से भी लगाए गए हैं वो भी आज बेकार पड़ा है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि ये सभी योजना पैसा कमाने का एक जरिया है। बता दें कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के कारण सही समय पर निरीक्षण नहीं किया जाता है। जिसके कारण इस कार्य को कर रहे नए ठेकेदारों के द्वारा कार्य को सही ढंग से नहीं करने के कारण कई स्थानों पर परेशानी हो रही है। यदि तकनीकी अधिकारियों का मार्गदर्शन सही समय पर उन ठेकेदारों को मिल जाता तो शायद आज कई नलो के टोटियों में से पानी की बूंद निकलने लगती।

**कहां-कहां लोगों को हो रही हैं समस्याएं**

- ☞जलडेगा कूटिंगीया डुडिंग टोली में पाइप बिछा कर छोड़ दिया गया है।
- ☞कोनमेरला बलडेगा डोमरा टोली में एक महीना से मशीन खराब है।
- ☞टाटी बरबेड़ा लेको टोली में दो वर्ष से जल मिनार का स्ट्रेक्चर खड़ा है, ना सोलर लगा है ना ही बोरिंग हुआ।
- ☞बाड़ीब्रिंगा धूचरा टोली में एक वर्ष पहले बोरिंग कर के छोड़ दिया गया है। पाइप तो बिछाया गया लेकिन जलमिनार का पता नहीं
- ☞लम्बोई तिलाईजरा डूमर टोली में संवेदक ने बिना बोरिंग किए पास के ही एक गंदे कुंवा जहां पर पानी भी कम रहता है में मोटर लगा दिया है।
- ☞लमडेगा गिरजा टोली में लगे जलमिनार का मोटर और बोर्ड पिछले सात महीने से खराब पड़ा है।
- ☞बराईबेड़ा मुंडा पूर्वी टोला में लगे जलमिनार में पानी नहीं चढ़ रहा है।
- ☞टाटी गोंझु टोली में संवेदक ने जलमीनार में मोटर लगाकर छोड़ दिया है।

**आजादी के बाद भी ढिबरी युग में जी को विवश हैं अर्जुनटोली गांव के लोग**

# मोमबत्ती और मिट्टी तेल के सहारे भविष्य गढ़ने की जद्दोजहद कर रहे हैं बच्चे

नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा गांव के युवाओं की जवानी बुढ़ापे में ढल गई पर दुर्भाग्य ऐसी कि इस गांव में न तो बिजली आई और न ही की गांव में मूलभूत सुविधाएं बाहाल हुई। ढिबरी युग में जी रहे यहां के बच्चे अपने जीवन को रोशन मोमबती और महज एक लीटर मिट्टी तेल के सहारे जद्दोजहद करने में जुटे हैं। मामला सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत अर्जुन टोली गांव की। इस गांव की चिंता न तो सरकार को है और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों को। गांव का विकास करने का ठेका लेने वाले सरकारी बाबुओं के पास तो गांव तक पहुंचने की फुर्सत नहीं है। अब तो ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट चुकी है और उम्मीद की रोशनी भी बुझने लगी है। अर्जुन टोली गांव से महज 200 मीटर



की दूरी से बिजली के खंभे भी और बिजली का तार भी गांव से होकर ही गुजरी है। पर इस तार से गांव में बिजली का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है। इसी बिजली का तार से दूसरे गांव रोशन हो रहे हैं जो अर्जुन टोली गांव के ग्रामीणों का मुंह चिढ़ाने के लिए काफी है। 25 परिवार की आबादी वाले अर्जुन टोली गांव में बल्ब नहीं जलने के कारण सालों भर जंगली हाथियों का आतंक बना रहता है। हाथियों ने कई बार गांव पहुंचकर आतंक मचाते हुए कई घर तोड़ चुके हैं। हाथियों के कारण कई ग्रामीणों का आशियाना उजड़ चुका है। ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए सोलर जलमीनार तो लगाया गया पर इनकी गुणवत्ता सही नहीं रहने के कारण जलमीनार में लगे पानी टंकी फट गई। अब रोजाना इस टंकी से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रही है। बता दें कि आज पूरा भारत देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। पर इस गांव में कैसा आजादी का अमृत महोत्सव। आजादी का अमृत महोत्सव सही मायने में तब पूरा होगा जब अंतिम गांव में विकास की किरणें पहुंचाई जाएगी।

### सूखी नदी में चुआं बना कर गंदा पानी पीने को मजबूर हैं बंधुआडीह के ग्रामीण

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत आदिवासी बहुल गांव बंधुआडीह आजादी के सात दशक बीत जाने के बावजूद आज तक विकास से कोसों दूर है। ढाई सौ आबादी वाले इस गांव के लोग नदी में चुंवा बनाकर गंदे पानी पीने को विवश हैं। गांव में न ही कोई चापाकल ,कुंआ और न ही सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल-जल योजना पहुंच पाई है। ग्रामीणों के मुताबिक चुनाव में बड़े बड़े वादे करने वाले नेता सिर्फ चुनाव में अपनी झलकियां दिखा कर चले जाते हैं और आज तक हम ग्रामीणों की समस्यायों को कोई सुध नहीं लेते । वही यहां की शैक्षणिक व्यवस्था की बात की जाए तो इस गांव में न तो कोई विद्यालय है न ही आंगनबाड़ी केंद्र। स्थानीय निवासी शिकारी मांझी ने बताया कि हमने सुना था कि साउथ अफ्रीका के आदिवासियों की स्थिति दुनिया भर में सबसे बदतर है लेकिन मुझे लगता है कि पूरी दुनिया में हमारी स्थिति सबसे बदतर है। हम लोगों को किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### सभी को जोड़ने का काम करता है जेठ जतरा : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा।** गरजा पंचायत के काटुकोना तिर्रा सीटूटोली में माता मारिया प्रोसेशन सह जेठ जतरा कार्यक्रम मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा और विशिष्ट अतिथि के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखाख्उप प्रमुख सिलबेस्तर बाघवार उपस्थित थे। मौके पर सीटूटोली के ग्रामीणों ने एकल नृत्य, नाटक एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुती की। विधायक भूषण बाड़ा ने मरियम जेठ जतरा को महत्व की जानकारी दी। साथ ही कहा कि जेठ जतरा कार्यक्रम सभी को जोड़ने का काम करता है। साथ ही यह हमारी एकता को भी दशार्ता है। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से गांव के बच्चों का साहस और मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि यह हमारी परम्परा है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ रही है। जो सामजिक हीत में एक साहनीय है। उन्होंने लोगों को एकजुट रहना है और देश विरोधी नीति और पार्टी के लोगो से दूर रहना है। जोसिमा खाखा ने कहा की सीटूटोली गांव की एकता बहुत ही सरहनीय है। ग्रामीण इसी तरह से हर सुख दुःख में भी साथ रहें। यही एकता को सामजिक रूप में खकर आगे बढ़ें। कार्यक्रम में जॉन पीटर बागे, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन, विनय तिग्गा, प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, प्रदीप कुजूर, एल्बिस कुजूर, डिक्सन लकड़ा, अमित तिर्की, पैतृक लकड़ा, अलबिश कुजूर, माधुरी लकड़ा, ईशा कुजूर, माइकल लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### सोगड़ा चर्च परिसर में 85 बच्चों को परम प्रसाद ग्रहण कराया गया



**सिमडेगा।** सोगड़ा चर्च परिसर में रविवार को प्रथम परम प्रसाद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कुल 85 बच्चों ने परम प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मिस्सा बलिदान पल्ली पुरोहित फा शीलबनुश केरकेट्टा की अगुवाई में चढ़ाया गया। उनका सहयोग फा पीयूष ने किया। फा सिलबानुश ने परम प्रसाद ग्रहण करने वालों को संदेश देते हुए प्रभु येसु की भक्ति करने में समय निकालने की अपील की। मौके पर उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि परम प्रसाद संस्कार पवित्र आत्मा के द्वारा विश्वासियों के जीवन में आशीष कृपा का वरदान देता है। कलीसिया के सात संस्कारों में से यह एक संस्कार है। सबसे पवित्र एवं मूल्यवान वरदान खीस्त में विश्वास करना है। उन्होंने कहा कि सशक्त विश्वास से ही खीस्त का जीवन मजबूत होता जाता है। बुराई एवं पापों से हमेशा संस्कार को दूषित नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु हमेशा संकट में विद्यामान रहते हैं। इसका अनुभव एवं द्दढ़ विश्वास करने की आवश्यकता है। जोसिमा ने कहा कि विश्वास को तिरस्कार न करें। परम प्रसाद हमें अच्छे एवं पुण्य कार्य करने तथा पाप एवं गलत कार्य करने से रोकने की प्रेरणा देता है। मौके पर उर्मिला केरकेट्टा, लुसियन मिंज सही काफी संख्या में मसीही विश्वासी उपस्थित थे। जोसिमा ने परम प्रसाद ग्रहण करने वाले कई बच्चों के घर भी पहुंचकर उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

### वन विभाग ने छठ तालाब कुजू में चलाया स्वच्छता अभियान तालाब को प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने की अपील



**रामगढ़ ।** छठ तालाब कुजू में रविवार को मिशन लाइफ व वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रामगढ़ वन प्रमंडल के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभाग के लोगो समेत ग्रामीणों ने श्रमदान कर छठ तालाब से प्लास्टिक कचरा व कूड़े को निकाला। साथ ही विभाग के लोगों ने ग्रामीणों से तालाब को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त रखने की अपील करते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की अपील की। वही लोगों को अपने घर में खाली जगह पर पौधा लगाने की सलाह दी। वही तालाब के किनारे आधे दर्जन से अधिक आम का वृक्षारोपण किया गया। मौके पर प्रभारी वनपाल देवेंद्र धर व आनंद कुमार,वनरक्षी रणजीत कुशवाहा, प्रीतोष तिवारी,रोहित कुमार, पबन कुमार अग्रवाल, कुजू वन समिति अध्यक्ष रंजीत कुमार, श्याम प्रसाद, दिनेश्वर भूईयां, धर्मेंद्र यादव, शौकीन यादव, डालचंद मांझी, अजय टुडू, अमन वर्मा, शिवचरण रविदास, प्रदुमन यादव, सुर्गी देवी, लक्षो देवी, झमनी देवी,मनवा देवी आदि उपस्थित रहे।

**बरही अस्पताल पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल**

## फूड पॉयजनिंग मामले में मरीजों से की मुलाकात, ली घटना की जानकारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बेंदगी गांव के सैकड़ों लोग फूड पॉयजनिंग का शिकार हो गए। शनिवार सुबह से रविवार तक मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिसकी सूचना पाकर हजारीबाग सांसद प्रत्याशी सह मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल रविवार की शाम मरीजों से मिलने अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचे। जहां उन्होंने सभी मरीजों से मुलाकात की और सभी लोगो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथ ही स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा से घटना की जानकारी प्राप्त किया और अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से मरीजों के बेहतर उपचार की बात कही। बता दे की दो दिन पूर्व बेंदगी गांव में अखंड हरि कीर्तन का कार्यक्रम हो रहा था, जिसमे सभी लोग शामिल होकर प्रसाद खाए थे, तब से उक्त समस्या उत्पन्न हुई। श्री पटेल ने घटना की गंभीरता से जांच करने की बात कही ताकि ऐसी घटना का पुनरावृत्ति ना हो सके। मौके पर कांग्रेस वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह, झामुमो केंद्रीय नेता बिनोद विश्वकर्मा, मो वारिस अंसारी, मो असलम, कार्तिक पासवान, जगदीश सिंह, अशोक राणा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**जिग-जैग सिस्टम के बिना संचालित चिमनी को बंद करने के लिए एसडीओ को सौंपा ज्ञापन**

## प्रदूषण और सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर चलाया जा रहा ईंट भट्ठों का कारोबार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेता दिलीप तिर्की ने एसडीओ सुमंत तिर्की को आवेदन देकर जिले में ज़िग जैग सिस्टम के बिना संचालित ईंट भट्ठों को बंद करने की मांग की है। तिर्की ने कहा जिले के ठेठईटांगर प्रखंड के रानीकुदर, धवाईपनी भट्ठे को भ्रमण के दौरान देखा कि भट्ठा पूर्णतया साधारण तरीके से चलाया जा रहा है, इसलिए एसडीओ को दिए गए आवेदन में दिलीप ने कहा है कि सिमडेगा जिले के कई ऐसे ईंट भट्ठा संचालक हैं जो आज भी पुराने ढर्रे पर प्रदूषण और सुरक्षा नियमों को अनदेखा कर अपने ईंट भट्ठा का कारोबार चला रहे हैं। पुराने तरीके से बने सभी ईंट भट्ठा की चिमनी जहरीला धुवां उगलती है। जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या तेजी से बढ़ रही है। साथ हीं ईंट भट्ठा की चिमनी से निकलने वाले ये जहरीली धुवां लोगों को कई बीमारी ला शिकार भी बना रही है। जबकि सरकार के द्वारा हर हाल में जहरीला धुआं उगलने वाले सभी ईट भट्ठा को बंद करने का आदेश दिया है। ईंट भट्ठा सिर्फ जिग-जैग सिस्टम का प्रयोग कर हीं संचालित की जा सकती है। दिलीप ने कहा कि इस नई तकनीक को अपनाने से वायू प्रदूषण में आएगी कमी।

**क्या है जिग जैग सिस्टम**

जिग-जैग सिस्टम में ईंट-भट्ठा की चिमनी ऊंचाई 125 फीट ऊंची हो जाती है। इससे ईंट भट्ठे की चौड़ाई भी बढ़ जाती है और चिमनी भट्ठा के लंबाई में बदलाव होता है। इस बदलाव के बाद ईट भट्ठा से निकलने वाली जहरीली गैस को स्टोर किया जाता है,और काफी कम गैस का उत्सर्जन होता है। साथ ही भट्ठे में पंखे भी लगे होते हैं। इस भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर भी प्रशिक्षित होते हैं। बढ़ते वायू प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने सभी ईट भट्ठों को जिग जैक सिस्टम अपनाने को आदेश दिया है।

**सराहनीय**

**एएनएम स्कूल में मनाया गया लैंप लाइटिंग कैपिंग सेरेमनी**

# मरीजों के लिए नर्सों की सेवा अनुकरणीय : सीएस

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

एएनएम स्कूल मे लैंप लाईटिंग धूमधाम से मनाया गया। मौके पर सीएस डॉ अजीत कुमार खलखो और जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आनंद खाखा ने संयुक्त रुप से फ्लोरेंस नाईटिंगल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सीएस ने अपने संबोधन में कहा कि नर्से हर पल बीमार, घायल और बूढ़ों की सेवा करने के लिए तैयार रहती है। मरीजों के लिए नर्सों की सेवा अनुकरणीय हैं। ये प्यार और ममता के साथ मरीज की देखभाल करती है। ये निःस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा करती है। उन्होंने फ्लोरेंस नाईटिंगल के




जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए मार्ग पर चलकर रोगियों की सेवा करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि फ्लोरेंस नाईटिंगल का जन्म 12 मई 1820 को लंदन में हुआ था। उन्होंने मानवता और नर्सिंग के लिए बहुत कुछ किया। बचपन से ही उनमें गरीबों और बीमारियों के सेवा करने की चाहत थी। सीएस ने बताया कि 1854 में क्रिमिया युद्ध हुआ और उन्हें सेवा का एक अच्छा अवसर मिला। रात में सोने से पूर्व वह हाथ में लैम्प लेकर प्रत्येक वार्ड में घुमती और सैनिकों की सेवा करतीं थी। इसलिए उन्हें लेडी ऑफ द लैम्प कहा जाता है। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर ब्रिटिश सरकार ने 1860 में सेंट टायंस अस्पताल में नर्सिंग के लिए ट्रेनिंग के लिए स्कूल खुलवाया। 13 अगस्त 1910 को भारत में सबसे पहला नर्सिंग ट्रेनिंग स्कूल मद्रास में गोवरमेंट जनरल हास्पिटल के नाम से खोला गया। मौके पर जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आनंद खाखा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर स्कूल की 29वी बैच छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत पेश किया।

### देर से अस्पताल पहुंचने वाले चिकित्सक और कर्मियों को स्पष्टीकरण

**रामगढ़।** रविवार को जांच के दौरान अस्पताल पहुंचने वाले चिकित्सकों और चिकित्साकर्मियों का समय अंकित किया गया। सभी अस्पतालों में चिकित्सक और चिकित्साकर्मी के पहुंचने का कोई समय निर्धारित नहीं पाया गया था। कहीं आधा तो कहीं तीन घंटे देर से अस्पताल पहुंचते चिकित्सक और चिकित्साकर्मी देखे गए। इसे लेकर अब जिले के डीसी चंदन कुमार काफी गंभीर हैं। इसलिए उन्होंने गोला के प्रभारी प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी को देर से पहुंचने वाले चिकित्सक और चिकित्साकर्मियों को स्पष्टीकरण का निर्देश दिया है। डीसी के प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी को दिए गए आदेश में कहा है कि इतने भीषण गर्मी के मौसम में चिकित्सकों व कर्मियों को देर से पहुंचना लापरवाही है।

**चर्च परिसर में 600 बच्चों ने ग्रहण किया दृढ़ीकरण संस्कार**

# खीस्त में विश्वास करना सबसे पवित्र व मूल्यवान वरदान : बिशप

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

बिशप विंसेंट बरवा ने कहा कि सबसे पवित्र एवं मूल्यवान वरदान खीस्त में विश्वास करना है। दृढ़ीकरण संस्कार पवित्र आत्मा के द्वारा विश्वासियों के जीवन में आशीष कृपा का वरदान देता है। आज हमें धर्म के रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। बुरे काम करने वालों का बुरा अंजाम होता है। इसलिए बुराईयों को हमेशा के लिए त्यागना होगा। बिशप संत अन्ना महागिरजाघर सामटोली में आयोजित पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण समारोह में मसीही धर्मावलंबियों को दे रहे अपने संदेश में बोल रहे थे। रविवार को चर्च परिसर में कुल 600 बच्चों ने



दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण किया। दृढ़ीकरण संस्कार की संपूर्ण धर्मविधि बिशप विन्सेंट बरवा की अगुवाई में संपन्न हुई। बिशप का सहयोग विजी फा इग्नासियुस टेटे, फा शैलेस केरकेट्टा, फा एफ्रेम बाः, फा पीयुस डुंगडुंग, फा बिमल, फा थॉमस सोरेंग, फा प्रदीप, फा सुनील सुरीन सहित अन्य पुरोहितों ने किया। बिशप ने कहा कि द्दढ़ीकरण संस्कार होने से बच्चों का आत्मा पवित्र होता है। उन्होंने कहा कि आज दृढ़ीकरण संस्कार ग्रहण करने वाले बच्चों कीसारी बुराई धुल गए और वे पवित्र हो गए है।

## एक नजर

### नए फाउंटेन का सफल ट्रायल, जल्द होगा उद्घाटन

**किरीबुरु।** सेल की किरीबुरु प्रबंधन ने बैंक मोड़, ओपेन थियेटर और बिरसा स्मारक क्षेत्र का सौंदर्यीकरण के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास तेज कर दिया है। इसी क्रम में ओपेन थियेटर व बिरसा स्मारक के बीच में एक आकर्षण फाउंटेन (फव्वारा) लगाया गया है। रंग-बिरंगी लाइटों से लैश इस फव्वारे का बीती रात सफल ट्रायल किया गया। फिलहाल इस स्थान पर अभी सौंदर्यीकरण का काम बाकी है। कार्य संपन्न होने के बाद किरीबुरु के सीजीएम कमलेश राय और महाप्रबंधक (सिविल) डी बी जयकर इस फाउंटेन का विधिवत उद्घाटन करेंगे। बता दें कि बीते कुछ महीनों के दौरान किरीबुरु प्रबंधन अपने टाउनशिप के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस क्रम में टाउनशिप की लगभग सभी सड़कों का निर्माण करा दिया गया है। प्रोस्पेक्टिंग और मुगार्पाडा की कुछ सड़कों का निर्माण होना सिर्फ बाकी है।

### महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद, हत्या की आशंका

**बराकर।** आसनसोल दुगार्पुर पुलिस कमिश्नर के नियामतपुर फाड़ी थाना अंतर्गत जलाशय के समीप एक महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही नियामतपुर फाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। महिला का नाम सुमन कुमारी (37) बताया जा रहा है। उसके परिजनों ने बताया कि बीते 28 तारीख को सुबह घर से निकली थी लेकिन वापस घर नहीं लौटी। खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने नियामतपुर फाडी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। रविवार को शव बरामद हुआ तो इलाके में मातम छा गया। नियामतपुर फाड़ी पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है।

### बीसीसीएल कर्मी की मौत, शव के साथ धरना पर बैठे परिजन

**धनबाद।** बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र संख्या पांच अंतर्गत तेतुलमारी कोलियरी के पीएसटी परियोजना में कार्यरत कोल कर्मी एनुअल अंसारी की मौत हो गई। जिसके बाद रविवार को नियोजन और मुआवजा की मांग को लेकर परिजन शव को लेकर कोलियरी कार्यालय के समीप धरने पर बैठ गए। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों की पहल पर सिजुआ क्षेत्र के एपीएम चन्दन श्रीवास्तव व तेतुलमारी कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पंकज कुमार मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों व यूनियन प्रतिनिधियों से वार्ता की। वार्ता में मृतक के पुत्र को प्रोविजनल नियोजन देने सहित अन्य भुगतान करने की सहमति बनी। वार्ता में विधायक प्रतिनिधि सह एटक नेता शत्रुघ्न महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, छोटू सिंह सहित अन्य यूनियन प्रतिनिधि शामिल थे। बताया जा रहा है कि एनुअल अंसारी पीएसटी परियोजना में टांडेल पद पर कार्यरत थे। गुरुवार को प्रथम पाली में ड्यूटी आने के बाद अचानक तबीयत खराब हो जाने पर सहकर्मी द्वारा उन्हें केंद्रीय अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया गया।

### तेज आंधी ने मचाई तबाही, कई घरों के छप्पर उड़े

**गिरिडीह।** बिरनी प्रखंड के टाटो समेत कई गांवों में शनिवार को आई तेज आंधी ने एक तरफ जहां उमस भरी तेज गर्मी से कुछ राहत दी। वहीं दूसरी तरफ इलाके में जमकर तबाही भी मचाई। तेज आंधी में टाटो समेत बिरनी प्रखंड में कई पेड़ गिर गए। कई जगह बिजली के पोल व घरों को नुकसान पहुंचा है। कई घरों के छप्पर उड़ गए ।

# महासंघ की चुनावी बैठक को सरिया व धरगुल्ली केंद्र ने किया बहिष्कार

**वर्षों से लंबित दर्जनों मामलों का बिना निष्पादन किए महासंघ का चुनाव कराना उनकी नाकामी पर मिट्टी देने का कार्य है**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
सरयूपारीण महासंघ की चुनावी बैठक सरिया में आयोजित की गई थी जिसे सरिया केंद्र व धरगुल्ली केंद्र के सदस्यों ने बहिष्कार किया है। कहा कि वर्षों से लंबित दर्जनों मामलों का बिना निष्पादन किए महासंघ का चुनाव कराना उनके नाकामी पर मिट्टी देने का कार्य किया है जिसे सरिया,धरगुल्ली सहित अन्य केंद्र बहिष्कार करते हुए मामला को जल्द निष्पादन करने का आवाहन किया हैं उसके उपरांत ही महासंघ की चुनावी बैठक कराना समाज के लिए हितकर साबित होगा।

इस बाबत सरिया केंद्र के उपाध्यक्ष केदार पांडेय ने बताया कि समाज न्यायलय के समान है जंहा लोगों की उम्मीद होती हैं कि यंहा न्याय मिलेगी परन्तु रिश्ता मोह के चक्कर मे लोगों को न्याय नही मिलती हैं ,जिससे लोगों को महासंघ के प्रति अविस्वास प्रतीत हुआ है और लोग आज नाखुश है । महासंघ पहले उन मामलों का निष्पादन करें उसके बाद चुनाव आयोग का बैठक करें तब सरिया केंद्र महासंघ के चुनाव बैठक में शामिल होंगे। धरगुल्ली केंद्र के अध्यक्ष दामोदर पांडेय ने कहा की विगत दिनों सरिया में आयोजित बैठक में जिसने महासंघ के समक्ष अभद्रता का व्यवहार किया एवम हरिहर धाम में समाज के कुछ लोगो ने महासंघ को तिलांजलि देने का बात किया उसे महासंघ ने आज की बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में निमंत्रण दिया है।

जिसे देखते हुए धरगुल्ली केंद्र बहिष्कार करते हुए सरिया केंद्र के साथ है महासंघ पहले उन लोगो को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करें तब महासंघ के चुनाव पर चर्चा हो तभी महासंघ के विश्वसता बची रहेगी अन्यथा अगर कार्रवाई नही होती हैं तब हमारा केंद्र महासंघ के चुनाव प्रक्रिया में शामिल नही होगी। बैठक में शुरेश शास्त्री,महेंद्र पांडेय, रविन्द्र पांडेय, राजदेव रंजन, गोविंद पांडेय, प्रकाश पांडेय, बशिष्ठ पांडेय सहित दर्जनों लोग शामिल थे।


## पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह में पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी के कार्यालय में रविवार को एनडीए की समीक्षा बैठक हुआ।
बैठक में पूर्व विधायक शाहाबादी के साथ आजसू के सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव मौजूद थे। बैठक में चार जून को होने वाले मतगणना को लेकर चर्चा की गई। साथ ही मतगणना केन्द्र में बैठने वाले भाजपाईयों के अलावा सांसद सीपी चौधरी के समर्थन में काफी संख्या में भाजपाई भी मंगलवार को बोकारो जायेंगे। जो सांसद की जीत के बाद बोकारो में जीत का जुलूस निकालेंगे। मौके पर दीपक स्वर्णकार, सुरेश सिन्हा, गोपाल विश्वकर्मा, रामकिशोर साहू, चुनमुन राम, सीताराम वर्मा भी बैठक में शामिल हुए।

## नीमडीह प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात फिर शुरू, दहशत में ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। ईचागढ़**
ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात एक बार फिर शुरू हो गया है। हालांकि जंगली हाथी कई दिनों से क्षेत्र में विचरण कर रहे थे, लेकिन किसी प्रकार का अधिक नुकसान नहीं पहुंचा रहे थे। अब जंगली हाथियों का झुंड एक बार फिर से अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराने लगा है। जंगली हाथियों के झुंड ने शनिवार की रात नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने अलग-अलग बंटकर रघुनाथपुर, दुमदुमी, सीधागोड़ा, रामनगर, अमड़ाबेड़ा, जामडीह, घाघरा समेत आसपास के क्षेत्र में मकान व दुकानों को क्षतिग्रस्त किया और अनाज व फसलों को अपना आहार बनाया। रघुनाथपुर में रात



के करीब ढाई बजे अकेले पहुंचे हाथी ने करीब आधा दर्जन लोगों के दुकान व मकान पर धावा बोला।जंगली हाथी ने रघुनाथपुर हाटतोला स्थित ललिता बीज भंडार का दरवाजा तोड़कर धान खाया, अनिल मुदी के खपरैल मकान को क्षतिग्रस्त किया, मनोज स्टोर का शटर और शिल्पी वैराइटी स्टोर के ग्रील को नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा प्रवीर महतो के पेड़ पर लगे कटहल को अपना आहार बनाया। हाथियों के झुंड ने कई लोगों के घर, दुकान, चहारदीवारी को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। लोगों ने बताया कि हाथियों के झुंड भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्र में घुस रहे हैं। ग्रामीणों ने अहले सुबह हाथियों को रामनगर तालाब के पास विचरण करते हुए देखा था। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने के बाद एक बार फिर ग्रामीण दहशत में है। उन्होंने जंगली हाथियों से सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## मतगणना के लिए मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों को किया गया प्रतिनियुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
मतगणना केंद्र में मतगणना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए 16 मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उपायुक्त माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन तथा अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर मजिस्ट्रेटों व पुलिस पदाघिकारियों को प्रतिनियुक्त किया है। यातायात व्यवस्था के लिए 13 मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे। मतगणना स्थल पर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कृषि बाजार के गेट नंबर 1 से गेट नंबर 6 तक, चंदनकियारी, झरिया, निरसा, सिंदरी, धनबाद तथा बोकारो के मतगणना हॉल के इलेक्शन एजेंट प्रवेश द्वार, चंदनकियारी विधानसभा के स्ट्रांग रूम सहित 16 स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं लाठी बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। मतगणना के दिन ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेमको मोड़, कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार, कलेक्ट्रेट पार्किंग स्थल, ड्राइविंग स्कूल से कृषि बाजार समिति मुख्य द्वार तक रूट लाइनिंग, कृषि बाजार से निरंकारी चौक, कमल कटेसरिया स्कूल के कटिंग पॉइंट तक तैनाती रहेगी। पुलिस कंट्रोल रूम व क्यूआरटी रहेगी मौजूद4 जून को, मतगणना कार्य की समाप्ति तक मेमको मोड़ चौक से निरंकारी चौक तक जाने वाली सड़क में आम जनता के लिए वाहन लेकर आवागमन बंद रहेगा।

## दो बाइक में जोरदार टक्कर एक युवक की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**



रविवार को तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत साहोबहियार के हरिजन टोला स्थित नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार बाइक ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार एक युवक को गंभीर चोट आई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है किर युवक बाइक लेकर तोपचांची दिशा की ओर आ रहा था, उसी दौरान अचानक आगे से आ रहे बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर गया। युवक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। वहीं एक बाइक सवार घटना स्थल से भागने में सफल रहा। आसपास के ग्रामीणों ने युवक को सड़क से हटाकर नेशनल हाईवे के डिवाइडर पर लेटा दिया। घटना के बाद ग्रामीणों ने गंभीर रुप से जख्मी युवक को 108 एंबुलेंस के सहारे इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है।

## प्रखंड कार्यालय में राजनीतिक दलों में आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची**
प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में रविवार को तोपचांची प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों ने बैठक की। इस बैठक में तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह, तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, तोपचांची थाना प्रभारी संजय कुमार मौजूद रहे। मौके पर तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोकसभा का चुनाव संपन्न हो चुका है। 4 जून को परिणाम आ जायेगा। चुनाव के बाद राजनीतिक दलों के लोगों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के



नेताओं से अपील की कि आपसी मतभेद को मिटाकर क्षेत्र के विकास में योगदान करें। डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने जनता और राजनीतिक दलों के सभी कैडर से अपने आसपास एक पौधा लगाने की अपील की।

## तेज रफ्तार ट्रक ने खड़े ट्रक में मारी टक्कर, चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। तोपचांची**
तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत वाटर बोर्ड स्थित एनएच ओवरब्रिज पर सड़क हादसा हो गया। यहां देर रात करीब 2:30 बजे तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दिया। इस हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। आनन-फानन में चालक को एसएनएमएमसीएच अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। इधर तोपचांची पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक ट्रक चालक की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। घंटों



ट्रक में फंसा रहा चालक

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पहला ट्रक का टायर पंचर हो जाने के कारण चालक ने उसे ओवरब्रिज पर खड़ा किया था। तभी राजगंज दिशा से आ रही दूसरी ट्रक ने ओवरब्रिज पर खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में चालक घंटों ट्रक के अंदर फंसा रहा। इसके बाद तोपचांची पुलिस व एनएच कर्मियों ने ट्रक चालक को निकालने की कोशिश की। लेकिन वे असफल रहे। इसके बाद वहां से पार हो रहे ट्रक के चालक ने अपनी गाड़ी रोकी और ट्रक में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

## जेएलएन कॉलेज में अब तक नहीं हुई शिक्षकेतर कर्मियों की बहाली

**नवीन मेल संवाददाता। कोल्हान**
कोल्हान विश्वविद्यालय (केयू) के जेएलएन कॉलेज चक्रधपुर में शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पदों का सृजन हो चुका है. राज्य सरकार ने इसकी स्वीकृति वर्ष 2022 में प्रदान कर दी थी, लेकिन बहाली प्रक्रिया अभी तक आरंभ नहीं हुई है। सृजन पद के अनुसार मात्र 20 प्रतिशत ही कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके कारण कार्य में काफी बाधा उत्पन्न हो रही है। अनुबंध पर अस्थायी बहाली कर काम चलाया जा रहा है। तृतीय व चतुर्थ वर्ग में 20 पदों का सृजन किया गया है। इसमें सबसे अधिक चतुर्थ वर्ग कर्मचारी का पद सृजन है। पियून पद में ही 13 पदों की स्वीकृति मिली है। कोल्हान विवि ने राज्य सरकार को पद सृजित कर मंजूरी के लिये भेज चुका है।
राज्य सरकार ने मंजूरी प्रदान कर विवि को अधिकारिक पत्र भेज दिया। इसमें हेड क्लर्क, लाइब्रेरियन, काउंटर क्लर्क व टाइपिस्ट में 1-1 पद का सृजन हुआ है।




एलडी क्लर्क में तीन पदों की स्वीकृति मिली। सभी पदों को तृतीय वर्ग की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, चतुर्थ वर्ग के लिये पियून पद में ही 13 पद निर्धारित किया गया है। इधर कॉलेजों में मात्र तीन से चार स्थायी शिक्षक ही कार्यरत हैं।
बाकी सभी को अनुबंध के आधार पर रखा गया है। कॉलेज प्रशासन अपने इंटरनल सोर्स से इन सबों का भुगतान करना है। इसके अलावा कुछ कर्मचारी ऐसे हैं, जो इंटरमीडिएट विभाग में पदस्थापित हैं, लेकिन उनसे यूजी का भी काम कराया जाता है। कर्मचारियों की भारी कमी की वजह से समय पर विद्यार्थियों का काम नहीं होता है। लगभग 1 हजार से अधिक विद्यार्थी यूजी व पीजी में पढ़ते हैं।

### सुरक्षा गार्ड के पद का सृजन नहीं

कॉलेज प्रशासन की ओर से सुरक्षा गार्ड का पद सृजन पर विवि को प्रस्ताव भेजा था। लेकिन सुरक्षा गार्ड का पद सृजन नहीं हुआ। इधर, विवि ने भी सरकार को सुरक्षा गार्ड समेत अन्य कुछ पदों का नाम जिक्र कर सृजित करते हुए सरकार को भेजा था। लेकिन सरकार ने चतुर्थ वर्ग में सिर्फ पियून पद की संख्या को ही बढ़ा कर पद सृजन किया है। अब सरकार की ओर से कभी भी बहाली प्रकिया शुरू होती तो उक्त सृजन पद के तहत ही होगी।

## न्यूज बॉक्स

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया सुदर्शन चक्र स्नानम अनुष्ठान

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के रेल नगरी पंचमोड़ स्थित भगवान वेंकेटेश्वर बालाजी मंदिर का 41वां वार्षिक ब्रह्मोत्सव समारोह के पांचवें दिन रविवार को सुदर्शन चक्रस्नानम अनुष्ठान किया गया। सबसे पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकेटश्वर, माता पद्मावती और माता आंडालू की प्रतिमा का अभिषेक किया गया। इसके बाद अभिषेक के जल से मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं का महासंप्रोक्षण कराया गया। चक्रस्नानम के बाद ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान गोविंदा-गोविंदा के जयकारे से आस-पास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। इसके बाद आंध्र प्रदेश के तिरुपति से पहुंचे मुख्य पुजारी अनंत नारायण आचार्य नेल्लूर सहित अन्य पुजारियों ने महापूणार्हूति कराया। महापूणार्हूति के बाद अक्षत रोपणम,अर्चकों का सनामान, जजमान आशीर्वाद और तीर्थ प्रसाद का वितरण किया गया। इससे पहले सुप्रभातम, नादस्वरम, तोमल सेवा, विश्वकसेना आराधना, पुण्यवचनम, कुंभ आराधना, नित्य होमम और वसंतोसिवम अनुष्ठान विधिपूर्वक किया गया।

### चोरी के कारण 1000 मेगावाट बिजली अधिक खरीदनी पड़ती है : जीएम


**आदित्यपुर ।** बिजली चोरी और इंफ्रास्ट्रक्चर की वजह से हर माह 1200 मेगावाट बिजली बेकार चली जाती है। इसकी वजह से 1000 मेगावाट बिजली अधिक खरीदनी पड़ती है। उक्त बातें विद्युत जीएम श्रवण कुमार ने शुभम संदेश से कही। उन्होंने कहा कि अगर राज्य में 2003 में गठित इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत अगर हर जिले में बिजली थाना का गठन कर लिया जाता बिजली चोरी रुक सकती थी। चूंकि हर माह बिजली चोरी की वजह से लाइन लॉस 35 से 40 फीसदी होती है, इस पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है जो हम नहीं कर पा रहे हैं। जमशेदपुर एरिया बोर्ड के महाप्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि हमें बिजली चोरी रोकने के लिए समय पर पुलिस प्रशासन का सहयोग नहीं मिल पाता है।अभी गर्मी में ज्यादातर चोरी रात में हुकिंग से हो रही है। हम छापेमारी दिन में करते हैं, जिससे हमें ज्यादा सफलता नहीं मिलती है। इसके बावजूद पूरे एरिया बोर्ड में हम एंटी विद्युत ऊर्जा चोरी अभियान चलाकर हर महीने करीब हजार केस विभिन्न थाना में करते हैं। लेकिन फिर भी बिजली चोरी थम नहीं रही है। विद्युत ऊर्जा की चोरी करने वाले रात में हुकिंग करते हैं जिसे हम प्रशासनिक सहयोग नहीं मिलने की वजह से पकड़ नहीं पाते हैं।

### आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी ने बाथरूम में किया सुसाइड



**बाघमारा।** बाघमारा थाना क्षेत्र के बेनीडीह कोलियरी में संचालित मां अम्बे आउटसोर्सिंग कैंप के बाथरूम में कंपनी में कार्यरत कर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार देर रात की यह घटना बताई जा रही है। मृत कर्मी रोहित राजभर (उम्र 22वर्ष) का शव जब सुबह अन्य कर्मियों ने फंदे से लटका देखा तो हड़कंप मच गया। बाथरूम में टंगा शव देखकर कर्मियों ने इसकी सूचना बाघमारा पुलिस को दी। थाना के एसआई सुमन पाण्डेय सदल बल मौके पर पहुंचे। दरवाजा बंद रहने के कारण शव को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। आत्महत्या की खबर पाकर पहुंचे मृतक के रिश्तेदार व दोस्त ने बताया कि रोहित आत्महत्या नहीं कर सकता है। परिजनों ने पुलिस से मामले की जांच की मांग की है।पुलिस ने मृतक का मोबाइल सहित अन्य समान को जब्त कर लिया है। पुलिस को मृतक कर्मी के मोबाइल में किसी युवती से चैट मिला है। इस कारण पुलिस मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़ कर देख रही है। रोहित राजभर उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सादत का निवासी था। उसके परिजनों एवं दोस्त सोहन मरांडी ने बताया कि रोहित मार्च महीने में मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी में ड्यूटी ज्वाइन की थी। उन्होंने बताया कि रोहित को कोई गलत आदत या नशे की लत नहीं था। पुलिस मामले की जांच करें। इधर पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद किसी नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

### जंगल से भटक कर आए घायल हिरण को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में जंगल से भटक कर आये घायल हिरण को ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंप दिया। ग्रामीण नंदलाल यादव के अनुसार, प्रखंड के खिजुरी पंचायत अंतर्गत निमाडीह गांव के पास रविवार की सुबह करीब 6:30 बजे ग्रामीणों ने जंगल की ओर से एक हिरण आता दिखा। उसे 10-12 आवारा कुत्तों ने घेर लिया था। घायल अवस्था में हिरण अपनी जान बचाता इधर-उधर भाग रहा था। इसके बाद स्थानीय लोगों ने हिरण को कुत्तों से बचाया और उसे पकड़कर रख लिया। इसके बाद तिसरी वन विभाग को मामले की जानकारी दी। सूचना पाकर वनपाल अमर विश्वकर्मा, दिनेश दास सहित अन्य मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से उस हिरण को तिसरी बिट कार्यालय ले आये। इसके बाद पशु चिकित्सक ने घायल हिरण का इलाजा किया। हिरण के शरीर पर जख्म के कई निशान हैं। वनपाल अमर विश्वकर्मा ने बताया कि जांच के बाद वरिय पदाधिकारियों के निर्देश पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### बीडीओ और सीओ की लापरवाही का दंश झेल रहे नोवामुंडी के किसान

**किरीबुरु।** किरीबुरु नोवामुंडी प्रखंड क्षेत्र के कृषकों को अपनी उपजों की खरीद बिक्री नाली के ऊपर अथवा लोगों के आने जाने की संकीर्ण रास्तों व गलियों में बैठकर करनी पड़ती है. वैसे, प्रखंड मुख्यालय में स्थित नोवामुंडी के सप्ताहिक बाजार रविवार को लगता है। अंचल कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक नोवामुंडी बाजार की जमीन लगभग 3 एकड़ 27 डीसमल दर्ज है। परंतु बीडीओ व सीओ की कथित उदासीनता के चलते बाजार की जमीन वर्तमान में महज 14 डीसमल सिकूड कर रह गयी। करीब ढाई एकड बाजार की जमीन पर तथाकथित दबंग लोगों ने कब्जा जमाया है। साथ ही, सहकारिता व अंचल विभाग की ओर से निर्मित लगभग 75 दूकानों पर भी दबंग लोगों ने कब्जा जमा लिया है।

# अलगवादियों का चुनाव लड़ना कैसा संकेत ?

**लोकसभा** चुनावों के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में बन्द खालिस्तानी अलगाववादी अमृतपाल के खडूर साहिब से नामांकन पत्र दाखिल करने की देशभर में चर्चा है। अमृतपाल दिल्ली की सीमा पर चले किसान आंदोलन के एक नेता दीप सिद्धू के अलगाववादी संगठन 'वारिस पंजाब दे' का सर्वेसर्वा है और यह पद उसने सिद्धू की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद प्राप्त किया। अमृतपाल ने कई महीनों तक इस संगठन के मंच से सिख युवाओं के मन में खालिस्तानी व अलगाववादी विष भरा परन्तु अजनाला में थाने पर हमले के आरोप में उसे साथियों सहित गिरफ्तार कर डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। केवल अमृतपाल ही नहीं अमृतसर में शिवसेना के नेता सुधीर सूरी की हत्या करने वाला संदीप सिंह, दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह का बेटा सरबजीत सिंह खालसा भी इस चुनाव में ताल ठोक चुके हैं। इसी वर्ग में शामिल अपने भडकाऊ भाषणों के चलते चर्चा में रहने वाले अकाली दल (अमृतसर) के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान खुद संगरूर की सीट से चुनाव लड़ रहे हैं और वे वहां से वर्तमान सांसद भी हैं। उनके दल के अन्य उम्मीदवार खुशहाल सिंह मान, बलदेव सिंह, अमृतपाल सिंह चंद्रा, मनिन्द्रपाल सिंह क्रमशः आनन्दपुर साहिब, फरीदकोट, लुधियाना व पटियाला से चुनाव मैदान में हैं। पूर्व आईपीएस अधिकारी सिमरनजीत मान खालिस्तान के पक्ष में केवल अपने देश में ही नहीं बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में भारत के खिलाफ विषवमन करते रहे हैं। आखिर इतने सारे खालिस्तानी अलगाववादियों का चुनाव लड़ना किस बात का संकेत है? क्या यह खालिस्तानी आतंक की वैचारिक पराजय है या अलगाववादियों की नई कोई रणनीति। इसीलिए जहां इसका स्वागत किया जाना बनता है वहीं सावधान रहने की भी अत्यन्त आवश्यकता है। असल में खालिस्तान एक विकृत सोच है जिसका जन्म विदेशी पोषण और सिख पंथ की मनमाफिक व्याख्या के अवैध सम्बन्धों से हुआ। इस सोच से न केवल पंजाब में हजारों की संख्या में निर्दोषों को जान गंवानी पड़ी बल्कि देश-विदेश में सिखों की छवि को आघात भी पहुंचा। किसी समय विकास की दौड़ में देश में सबसे आगे दौड़ता दिख रहा पंजाब दो दशकों चले आतंकवाद के दौर में हांफने लगा। खालिस्तान पंजाब के सीने पर ऐसे जख्म का नाम बन चुका है जो रह-रह कर रिसना शुरू कर देता है। चाहे पंजाब के अलगाववादी चुनाव तो लड़ रहे हैं परन्तु अभी तक ये तत्व भारतीय संविधान व यहां के दस्तावेजों को नकारते रहे हैं। अमृतपाल तो यहां तक कहता रहा है कि उसके लिए भारतीय पासपोर्ट तो केवल हवाई यात्रा का दस्तावेज मात्र है। देश की एकता-अखण्डता व सम्प्रभुता को चुनौती देने वाले खालिस्तानी अगर भारतीय संविधान की मर्यादा के अन्तर्गत चुनाव लड़ते हैं तो इस परिवर्तन का स्वागत होना चाहिए। भारतीय संविधान की परिधि में रह कर अलगाववादी तत्व संसद में कुछ भी मांग उठाते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए। स्वागत इसलिए क्योंकि यह भारतीय सार्वभौमिकता और लोकतंत्र की जीत और खालिस्तानी अलगाववाद की सैद्धान्तिक पराजय होगी। ऐसा नहीं कि देश में किसी अलगाववादी संगठन या व्यक्ति ने पहली बार चुनाव लड़ा हो या इस तरह के संगठनों से सरकारों ने समझौते न किए हों। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ही असम में सक्रिय आतंकी संगठन यूनाइटेड लिब्रेशन फ्रण्ट आफ असम (उल्फा), नागालैण्ड में सक्रिय रहे अलगाववादी संगठन नार्थ ईस्ट सोस्लिट आफ नागालैण्ड (एनएससीएन), पिपुल्स डेमोक्रेटिक साउंसिल आफ कार्बी, कार्बी, लॉंगरी नोर्थ ईस्ट हिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कार्बी पिपुल्स लिब्रेशन फ्रण्ट, कुकी लिब्रेशन फ्रण्ट, यूनाइटिड पुपिल्स लिब्रेशन फ्रण्ट सहित अनेक आतंकी व अलगाववादी संगठन विभिन्न समझौतों के तहत देश की मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। पूर्वोत्तर ही क्यों खुद पंजाब व जम्मू-कश्मीर में बहुत से पूर्व आतंकियों का भी प्रत्यक्ष व गुप्त रूप से पुनर्वास किया जा चुका है। अगर अलगाव व आतंक का मार्ग छोड़ कर कोई भटका हुआ नागरिक देश की मुख्यधारा में शामिल होना चाहे तो उसका स्वागत होना चाहिए। इस मार्ग पर चलने वालों को यह भान भी होना चाहिए कि आतंकवाद का मार्ग किसी समस्या का समाधान नहीं, यह देश विभिन्न विचारधाराओं, विविध आस्थाओं का पुष्पगुच्छ है, हां पर किसी को हिंसा व देश को तोड़ने का अधिकार नहीं दिया जा सकता।

अध्यात्म

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प : नरेंद्र मोदी

**मेरे प्यारे देशवासियों,**
लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।
वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरूआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।
कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था। मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।
इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, oneness का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।
**साथियों,**
कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण



एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।
**कश्मीर से कन्याकुमारी...** ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है। कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना 'तिरुक्कुरल' तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।
**साथियों,**
**स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था-** Every Nation Has Message To deliver, a mission to fulfil, a destiny to reach.
भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, 'इदं न मम' यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है। भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आजादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला। आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। **प्रो-पीपल गुड गवर्नेंस,** aspiratio of district, aspirtion of block जैसे अभिनव प्रयोग की आज विश्व में चर्चा हो रही है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुँच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। पूरा विश्व technology के इस democratization को एक शोध दृष्टि से देख रहा है और बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। G-20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन G-20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।
**साथियों,**
नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गँवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

## आपकी बात

### पर्यावरण हितैषी विचार,व्यवहार, वस्तुएं एवं व्यवस्था से ही पर्यावरण में सुधार संभव



डा.मनमोहन प्रकाश

**इस** सत्य से कोई इंकार नहीं कर सकता कि सालों-साल के मानवीय श्रम और बेतहाशा धन राशि खर्च करने के बाद किसी देश और शहर विशेष का विकास होता है, उसे आकर्षक और सर्व सुविधायुक्त बनाया जाता है, वहां के पर्यावरण को भी आकर्षक तथा मानव हितैषी स्वरूप दिया जाता है अर्थात उस शहर की हवा, पानी ,भूमि और जलवायु को मानव तथा अन्य जीव-जंतु, पेड़-पौधों के अनुकूल बनाया जाता है, तब कहीं जा कर एक अच्छा, मानव के रहने योग्य इकोसिस्टम तैयार होता। किन्तु मानव की विवेकहीन तरीके से प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग करने की प्रवृत्ति तथा केवल अपना हित साधने की सोच एवं कृत्य ने आज विश्व में पर्यावरण सहित अन्य कई तरह-तरह की समस्याएं पैदा कर दी हैं। कुछ वैज्ञानिक और विचारक तो प्राकृतिक आपदाओं के लिए भी मानव की भोग-विलास जीवनशैली तथा प्रकृति के साथ उसके अनावश्यक हस्तक्षेप तथा छेड़छाड़ को जिम्मेदार ठहरा रहे है। आज भारत सहित विभिन्न देशों के नदी, जलाशय, झरने, झील, समुद्र, पहाड़, जंगल, शहर, अंतरिक्ष सहित प्रकृति के सभी घटक मानवजनित प्रदूषण का दंश झेल रहे हैं। खेत अपनी उर्वरा शक्ति खो रहे हैं। बढ़ती आबादी अपने आप में एक समस्या है, ऊपर से उसके अनुपात में पेड़-पौधों तथा संसाधनों की संख्या में वृद्धि न होना पर्यावरणीय स्थितियों को और विकट बना रही हैं।

### काव्य कोना

#### अजीब खबर

अजीब खबर सुना हूँ।
निठल्लों की सेना निकली है ,
विश्व विजय को
गिरवी जिनकी अस्मिता,
रोज ही चर्चा नैतिकता मर्यादा की
बगल में झाँक कर
अघाते नहीं, कहते गर्व से
मुझे क्या - क्या मेरा
जो हो रहा, मैं अछूता हूँ।
अजीब खबर सुना हूँ।

- नाग मणि

चिंता

# बदलते सामाजिक परिवेश से डिमेंशिया की गिरफ्त में आ रहे हैं बुजुर्ग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**जैसे**-जैसे बुजुर्गों की संख्या बढ़ने लगी है वैसे ही डिमेंशिया की बीमारी का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। बहुत कुछ आज की सामाजिक व्यवस्था व सामाजिक परिवेश डिमेंशिया का कारण बनता जा रहा है। एक ओर एकल परिवार, अपने में खोये रहना और दिन-प्रतिदिन की भागमभाग है तो दूसरी ओर पढ़ने-पढ़ाने की आदत कम होना, प्रमुख कारण है। गूगल गुरु ने तो सबकुछ बदल कर ही रख दिया है। दुनिया में डिमेंशिया प्रभावितों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अगले 25 साल में डिमेंशिया की रोगियों की संख्या में तीन गुणा बढ़ोतरी हो जाएगी। डिमेंशिया खासतौर से बुजुर्गों की होने वाली बीमारी है। इसमें मनोभ्रांति की स्थिति हो जाती है और भूलने या निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसमें बुजुर्ग धीरे-धीरे अपनी याददाशत

> **विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अगले 25 साल में डिमेंशिया की रोगियों की संख्या में तीन गुणा बढ़ोतरी हो जाएगी। डिमेंशिया खासतौर से बुजुर्गों की होने वाली बीमारी है।**

को खोने लगते हैं। भारत के संदर्भ में यह इसलिए गंभीर हो जाती है कि चीन और जापान की तरह भारत में भी आने वाले सालों में बुजुर्गों की संख्या अधिक हो जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया के देशों में डिमेंशिया की बीमारी से पांच करोड़ लोग जूझ रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार 2050 तक डिमेंशिया से प्रभावितों की संख्या 15 करोड़ से अधिक होने की संभावना है। दुनिया के देशों में हर साल करीब 10 लाख लोग इस बीमारी की गिरफ्त में आ रहे हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार अफ्रीका के उपसहारा क्षेत्र, उत्तरी अफ्रीका और मध्यपूर्व में डिमेंशिया के रोगियों की संख्या अधिक बढ़ रही है। मेलबोर्न के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के अनुसार रुटीन बदलने से काफी हद तक इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है। इसमें खासतौर से बुजुर्ग व्यस्त रह करके डिमेंशिया के असर को कम कर सकते हैं या यों कहें कि डिमेंशिया का खतरा कम हो सकता है। एक बात और कि इसके लिए बुजुर्गों को कुछ खास करने की आवश्यकता भी नहीं है, बस कुछ कुछ आदतों में बदलाव लाने की जरूरत है। दरअसल एक समय लोगों में लिखने-लिखाने और पढ़ने-पढ़ाने की आदत होती थी। किस्सागोई की परंपरा थी तो गांवों-शहरों में चौपालें होती थी। बड़े-बुजुर्ग वहां बैठकर मोहल्ले में घटने वाली घटनाओं पर नजर रखते थे। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



बोधि वृक्ष

# शिरडी साई बाबा का इतिहास



**उन्हें** देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ कि एक लड़का बहुत ही कम उम्र में नीम के पेड़ के नीचे आसन लगाकर कई दिनों तक बिना भोजन और पानी के गहन ध्यान कर रहा है। इससे युवा बाबा के प्रति बहुत जिज्ञासा पैदा हुई। गांव के मुखिया की पत्नी बायजाबाई बचपन में कभी-कभी साईं बाबा के स्वास्थ्य के बारे में पूछती थी। धीरे-धीरे वह बाबा के लिए भोजन लाने लगी। जैसे-जैसे दिन बीतते गए बाबा ने उन्हें अपनी मां की तरह मानना शुरू कर दिया। गांव के मुखिया और पुजारी महालस्पति, जो एक बार भगवान खंडोबा से प्रभावित थे, ने कहा कि यहां एक पवित्र आत्मा है जो साईं बाबा की ओर इशारा कर रही है। बाबा ने नीम के पेड़ की ओर इशारा किया और उसे जड़ से खोदने को कहा। गांव वालों ने बाबा की बात मानकर उसे खोदना शुरू कर दिया। जैसे-जैसे धरती की परतें आगे बढ़ीं, उन्हें पत्थर से बनी एक शिला मिली, बिना तेल के जलते हुए तेल के दीये और हवा भी, जो कि विज्ञान के बिलकुल विपरीत था।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से


Post

Akhilesh Singh
@akhileshsi1

शायर और कांग्रेसी सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने हिंदुस्तान में आलमगीर आलम जैसा ईमानदार नहीं देखा। झारखंड में जनसभाओं में उन्होंने ये बाते कहीं। आलमगीर आलम ही वो मंत्री हैं, जिनके आप्त सचिव के नौकर जहांगीर आलम के यहां से 32.20 करोड़ और कुल 37.54 करोड़ मिले।
आलमगीर आलम ही वो मंत्री हैं, जिनके लिए प्रत्येक ठेके में 1.5 प्रतिशत कमीशन मिलता था। जिनके विभाग में ऊपर से नीचे तक के कर्मियों की कमीशखोरी उनकी ही लिखी डायरियों में दर्ज हैं।

Translate post

राजमहल व दुमका में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता ने की चुनावी सभा
मैंने हिंदुस्तान में आलमगीर जैसा ईमानदार नहीं देखा है : प्रतापगढ़ी

10:09 AM · 31/05/24 From Earth · 2.6K Views

32 Reposts 2 Quotes 80 Likes 2 Bookmarks

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# पर्यावरण हितैषी वाहन है साइकिल



रमेश सर्राफ धमोरा

**भारत** की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। 3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं। भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है।
**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

# इंस्टाग्राम के इस नए फीचर्स का उठा सकते हैं फायदा




वहीं इस फीचर के बारे में इंस्टाग्राम ने आधिकारिक तौर पर अभी कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन आने वाले कुछ हफ्तों में इसे सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जाएगा। फिलहाल ये फीचर टेस्टिंग फेज में है। उम्मीद जताई जा रही हैं कि ये फीचर बेहतरीन ढंग से काम करेगा।
इसके अलावा इंस्टाग्राम एक और नए फीचर पर काम कर रहा है जो कि एआई पावर्ड थीम होगा। वर्तमान में यूजर्स को कस्टमाइजेबल थीम्स का ऑफर मिलता है। **(समाप्त)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# विवशता : यमुना अब तेरा ही सहारा

नई दिल्ली में बेघर लोग चिलचिलाती गर्मी से खुद को बचाने के लिए यमुना नदी के तल पर एक पुल के नीचे आराम कर रहे हैं। इस गर्मी में मां यमुना ही उनका एकमात्र सहारा है।





## आज का राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृषभ** — आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** — विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**धनु** — धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुम्भ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। आय के योग बनेंगे। किसी की सफलता से प्रेरित होंगे।

# प्रधानमंत्री ने की लू से निपटने व मानसून की तैयारियों की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दो महत्वपूर्ण बैठकों में देशभर में जारी लू के कहर और चक्रवाती तूफान रेमल से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई तबाही से जुड़े राहत कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री तूफानी चक्रवात रेमल से प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि प्रभावित राज्यों को केंद्र सरकार पूरा सहयोग देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर देश में पड़ रही भीषण गर्मी की स्थिति और मानसून की शुरूआत की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि आईएमडी के पूवार्नुमान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सामान्य एवं सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है।

प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का अग्नि ऑडिट और विद्युत सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से किया जाना चाहिए।



### जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव पर रखें नजर

उन्होंने कहा कि जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव और बायोमास के उत्पादक उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में वन अग्नि पोर्टल की उपयोगिता के बारे में बताया गया। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव के साथ-साथ पीएमओ और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एक अन्य बैठक में प्रधानमंत्री ने चक्रवात रेमल से प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई जान-माल की हानि और घरों तथा संपत्तियों को हुए नुकसान के बारे में भी चर्चा की। आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। टीमों ने लोगों को सुरक्षित निकालने, एयरलिफ्टिंग और सड़क साफ करने के अभियान चलाए हैं। बैठक के दौरान यह बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है।

# भारत में नामित चीनी राजदूत शू फीहोंग राष्ट्रपति मुर्मू से मिले



**नई दिल्ली।** भारत में चीन के मनोनीत राजदूत शू फीहोंग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए अपना आदर जताते हुए रविवार को उन्हें अपना औपचारिक राजनयिक परिचय पत्र सौंपा। उन्होंने भारत-चीन में मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में सात देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय पत्र सौंपे। चीन के राजदूत भी इनमें से एक रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ की नकदी के साथ युवक गिरफ्तार

एजेंसी

**काठमांडू।** बिहार से सटे भारत-नेपाल सीमा पर एक करोड़ रुपये की नकदी के साथ एक मुस्लिम युवक की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय प्रशासन की नींद उड़ गई है। नेपाल पुलिस आतंकी फंडिंग के ऐंगल से इस मामले जांच कर रही है। नेपाल के सुनसरी सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि सुनसरी जिले के एक नाका से शनिवार रात को एक कार से इरसाद अंसारी नामक युवक को एक करोड़ एक लाख रुपये की नकदी के साथ गिरफ्तार किया गया। सुनसरी के हरिनगर से बिहार के सुपौल जिले की तरफ जा रहे कार को जांच के लिए रोका गया तो उसमें से दो झोले में भरे हुए नोट मिले। दोनों झोले नेपाली 1000 के नोटों की गड्डी से भरे हुए थे। प्रारम्भिक जांच में इरसाद ने यह रकम हवाला का होने की बात कही है।

# दिल्ली सरकार की पड़ोसी राज्यों से पानी की मांग पर सुनवाई आज

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को दूर करने के लिए पड़ोसी राज्यों से अतिरिक्त जलापूर्ति की मांग वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। सर्वोच्च न्यायालय की वेबसाइट के मुताबिक न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ तीन जून को मामले की सुनवाई करेगी। अपनी याचिका में, आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने मांग की है कि इस साल गर्मी के मौसम में तापमान में वृद्धि के कारण शहर में पानी की बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए हरियाणा और हिमाचल प्रदेश को एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया जाए।

इस बीच, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने हरियाणा और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के लिए अतिरिक्त पानी छोड़ने का अनुरोध किया है। इससे पहले, आतिशी ने पानी की कमी के मुद्दे पर केंद्र से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से कहा था कि हरियाणा को यमुना नदी में दिल्ली के हिस्से का पानी तुरंत छोड़ना चाहिए, ताकि नदी का जल स्तर सामान्य हो सके।

आतिशी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को लिखे पत्र में कहा, दिल्ली अपनी पानी की दैनिक मांग को पूरा करने के लिए यमुना नदी के पानी पर बहुत अधिक निर्भर है। लेकिन, हरियाणा की ओर से यमुना में आवश्यक मात्रा में पानी नहीं छोड़ने से वजीराबाद बैराज में जल स्तर में भारी गिरावट आई है।

# बिहार : भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल पर फायरिंग मामले में नौ बनाए गए आरोपी

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव के काफिले पर शनिवार को हुई फायरिंग के मामले में दर्ज प्राथमिकी में नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले की जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। निवर्तमान सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव ने आरोप लगाया है कि शनिवार की शाम मसौढ़ी इलाके में उन पर फायरिंग की गई और एक समर्थक का सिर फोड़ दिया गया। पटना (ईस्ट) के पुलिस अधीक्षक भरत सोनी ने बताया कि इस मामले में सांसद यादव के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। प्राथमिकी में नौ लोगों को आरोपी बनाया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दरअसल, तिनेरी गांव के पास एक मतदान केंद्र पर स्थानीय विधायक रेखा देवी के जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था। इसके बाद आरोप है कि राजद समर्थकों ने मुखिया रीना कुमारी के पति शशि शर्मा पर हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की गई। बताया जाता है कि सांसद मुखिया के पति को देखने के लिए जा रहे थे, तभी उन पर फायरिंग की गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सारण लोकसभा क्षेत्र में भी राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के एक बूथ पर जाने के बाद हंगामा हुआ था, जिसके बाद हिंसक झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और दो लोग जख्मी हो गये थे। पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव का मुकाबला राजद के अध्यक्ष लालू यादव की पुत्री मीसा भारती से है।

### भाजपा शांति व लालू के गुंडा 'गुंडागर्दी' के लिए मशहूर : सम्राट चौधरी

बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामकृपाल यादव पर फायरिंग और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा है कि लालू यादव नहीं बदले। लालू का मतलब गुंडागर्दी, गुंडों को प्रश्रय देने का उनका काम है। सम्राट चौधरी ने लोगों को भरोसा देते हुए स्पष्ट कहा कि कुछ ही दिनों में इन मामलों में कार्रवाई दिखेगी। पूरे मामले में चुनाव आयोग से भी कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा, इस चुनाव में लालू प्रसाद और उनके परिवार ने अराजकता दिखाने का काम किया है। चाहे सारण की घटना हो या पाटलिपुत्र का, साफ है कि यह परिवार पूरी तरह गुंडागर्दी पर उतर गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पूरे बिहार में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया, सिर्फ सारण और पाटलिपुत्र में हंगामा हुआ, जहां लालू यादव की बेटियां चुनाव लड़ रही थीं।

## कलंबा जेल में कैदियों ने की मुंबई बम धमाके के सजायाफ्ता कैदी की हत्या

**मुंबई।** कोल्हापुर जिले में स्थित कलंबा जेल में मुंबई बम धमाके के सजायफ्ता कैदी की रविवार सुबह मामूली विवाद के बाद कैदियों ने हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। इस घटना की जांच ओल्ड पैलेस पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार मुन्ना उर्फ मोहम्मद अली खान उर्फ मनोज कुमार भवरलाल गुप्ता वर्ष 1993 मुंबई ब्लास्ट का आरोपित था और कलंबा जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। रविवार सुबह करीब 7.30 बजे जेल में स्थित स्नानगार में नहाने गया तो वहां उसकी अन्य कैदियों से बहस हो गई। इसके बाद प्रतीक उर्फ पिल्या, सुरेश पाटिल, दीपक नेता खोत, संदीप शंकर चव्हाण, ऋतुराज विनायक इनामदार, सौरभ विकास सिद्ध नामक कैदियों ने ड्रेनेज पर लगे लोहे के ढक्कन से मुन्ना की जमकर पिटाई की। इस पिटाई में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही जेलकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और मुन्ना का शव बरामद कर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# छांग ए-6 ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर नमूना संग्रह मिशन लॉन्च किया

**बीजिंग।** छांग ए -6 रविवार सुबह चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर अंटार्कटिक-ऐटकेन बेसिन पूर्व-चयनित लैंडिंग क्षेत्र पर सफलतापूर्वक उतरा। जिसने चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर मानव जांच द्वारा किया गया पहला नमूना संग्रह मिशन लॉन्च किया। चंद्रमा पर मानव अन्वेषण के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है। 3 मई को कक्षा में लॉन्च होने के बाद से छांग ए-6 जांच ने पृथ्वी-चंद्रमा स्थानांतरण, निकट-चंद्रमा ब्रेकिंग और चंद्रमा की परिक्रमा जैसी प्रमुख गतिविधियों के बाद चंद्रमा की लगभग 30 दिनों की यात्रा का अनुभव किया है। इसने एक अद्भुत लैंडिंग पूरी की जिसने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया। चंद्रमा के सामने वाले हिस्से पर उतरने की तुलना में चंद्रमा के पिछले हिस्से पर उतरना एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अच्छी पहल / आपात स्थितियों में वैश्विक रोकथाम एवं निगरानी मजबूत होगी

# डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों में किया संशोधन

एजेंसी

**बीजिंग।** विश्व स्वास्थ्य सभा ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (2005) में एक पैकेज का संशोधन पारित किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी देश एक व्यापक और सुदृढ़ सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली स्थापित करें और महामारी जैसी सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए वैश्विक रोकथाम, निगरानी और प्रतिक्रिया को मजबूत करें। यह संशोधन 'महामारी आपातकाल' की परिभाषा प्रस्तुत करता है। इसका उद्देश्य उन घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिए अधिक प्रभावी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है जो महामारी बन सकती हैं या बन चुकी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि महामारी आपातकाल की परिभाषा मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (2005) तंत्र पर आधारित है और उच्च स्तर की चेतावनी का प्रतिनिधित्व करती है। संशोधन में समन्वय वित्तीय तंत्र की स्थापना भी शामिल है, जो विकासशील देशों को वित्तीय सहायता मजबूत किया जाएगा और उनकी मुख्य क्षमताओं और महामारी की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमताओं के निर्माण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा, डब्ल्यूएचओ के सदस्य देश महामारी समझौते के प्रारूप पर वार्ता जारी रखने पर सहमत हुए।




### नया इन्फ्लूएंजा वैक्सीन विकसित करने का मार्ग प्रशस्त

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने इन्फ्लूएंजा बी के खिलाफ ह्यूमन मोनोक्लोनल एंटीबॉडी को अलग कर लिया है। यह एक ऐसी बीमारी के लिए यूनिवर्सल वैक्सीन का मार्ग प्रशस्त कर सकती है जो मुख्य रूप से बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर इम्यून सिस्टम वाले लोगों को प्रभावित करती है। वांडरबिल्ट यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर (वीयूएमसी) के शोधकर्ताओं ने इन्फ्लूएंजा के खिलाफ पहले से वैक्सीन (टीका) लगाए गए एक व्यक्ति के अस्थि मज्जा (बोन मैरो) से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी के दो समूहों को अलग किया, जो इन्फ्लूएंजा बी की सतह (सरफेस) पर इन्फ्लूएंजा वायरस के एक प्रमुख सतह ग्लाइकोप्रोटीन, न्यूरामिनिडेस के अलग-अलग हिस्सों से जुड़े थे।

## अहमदाबाद में 7 जुलाई को निकलेगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 07 जुलाई (आषाढ़ी दूज) को निकाली जाएगी। रथयात्रा और मंदिर की सुरक्षा को लेकर रविवार को अहमदाबाद शहर पुलिस आयुक्त जीएस मलिक ने जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में मंदिर के ट्रस्टियों और प्रमुख पुजारी के साथ बैठक की। उन्होंने भगवान जगन्नाथ का दर्शन भी किया। पुलिस आयुक्त के साथ क्राइम ब्रांच के जेसीपी, डीसीपी समेत कई अधिकारी भी थे। रथयात्रा अहमदाबाद के जमालपुर स्थित जगन्ननाथ मंदिर से निकलती है, जिसमें लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस आयुक्त और अहमदाबाद क्राइम ब्रांच के अधिकारी जमालपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर के महंत दिलीपदास महाराज और ट्रस्टी महेन्द्र झा के साथ बैठक की।

# आज से केवल तेलंगाना की राजधानी है हैदराबाद

- *आधिकारिक तौर पर आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं*


एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे व्यस्त शहरों में से एक हैदराबाद रविवार से दो प्रदेशों की राजधानी नहीं रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के मुताबिक रविवार से हैदराबाद अब केवल तेलंगाना की राजधानी है, जो कि अब तक आंध्र प्रदेश की भी हुआ करता था। 2 जून 2014 में जब आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद तेलंगाना राज्य बना था। तभी से हैदराबाद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों ही प्रदेशों की लगभग 10 सालों तक राजधाना बना रहा। आंध्र प्रदेश पुनर्गठन के मुताबिक हैदराबाद 10 साल से ज्यादा



समय के लिए दोनों राज्य की राजधानी नहीं रह सकता है। उपधारा (1) में दी गई समय अवधि के बाद हैदराबाद केवल तेलंगाना की राजधानी है, जबकि आंध्र प्रदेश के लिए नई राजधानी बनाई जाएगी। फरवरी 2014 में संसद में आंध्र प्रदेश पुनर्गठन विधेयक पास किया गया और 2 जून 2014 को देश में नया राज्य तेलंगाना बना। तेलगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने पिछले महीने ही अधिकारियों को सरकारी गेस्ट हाउस आंध्र प्रदेश से वापस लेने के लिए कहा था, जो कि आंध्र प्रदेश को 10 सालों के लिए दिया गया था।

# हम अभी तक बल्लेबाजी लाइन अप तय नहीं कर पाए हैं : रोहित शर्मा



14 महीने से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले पंत ने मौके का पूरा फायदा उठाया।

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**
भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को अभ्यास मैच में बांग्लादेश पर 60 रन से आसान जीत के बाद कहा कि टी 20 विश्व कप के लिए उनकी बल्लेबाजी लाइन अप अभी तय नहीं हो पाई है।

नियमित ओपनर यशस्वी जायसवाल कप्तान के साथ पारी की शुरूआत करने नहीं उतरे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने रोहित के साथ ओपनिंग की जिम्मेदारी संभाली। सैमसन एक रन बनाकर पारी के दूसरे ओवर में आउट हो गए। ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर उतरे क्योंकि विराट कोहली बल्लेबाजी करने नहीं आये।

14 महीने से अधिक समय के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले पंत ने मौके का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने चार छक्के और चार चौके उड़ाते हुए 32 गेंदों पर 53 रन ठोके और रिटायर आउट हुए। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने तेज-तर्रार पारियां खेलते हुए क्रमशः 18 गेंदों पर 31 रन और 23 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाये जिससे भारत ने 20 ओवर में 182/5 रनों का मजबूत स्कोर बनाया।

19 गेंदों पर 23 रन बनाने वाले कप्तान रोहित ने कहा,जिस तरह से चीजें हुई हैं उससे मैं खुश हूँ , हम जो इस मैच से चाहते थे, वह हमें मिला। परिस्थितियों, नए स्थल, नए मैदान और ड्राप इन पिच से अभ्यस्त होना महत्वपूर्ण था।" पंत को तीसरे नंबर पर उतारने पर रोहित ने कहा कि हम उन्हें मौका देना चाहते थे। हम अभी तक बल्लेबाजी लाइन अप तय नहीं कर पाए हैं। हम सभी खिलाड़ियों को मैदान में समय बिताने का मौका देना चाहते थे।

गेंदबाजी विभाग में, तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शुरूआती दो विकेट लेकर बांग्लादेश को मैच में बैकफुट पर ला दिया। वह अपने तीन ओवरों में 2-12 के आंकड़े के साथ लौटे, जबकि शिवम दुबे ने भी अपने तीन ओवर के स्पैल में दो विकेट लेकर बांग्लादेश को 20 ओवरों में 122/9 पर रोक दिया।

रोहित ने तेज गेंदबाज अर्शदीप के प्रयास की सराहना की और टूर्नामेंट के लिए उनका समर्थन किया। रोहित ने कहा, ₹उसने हमें दिखाया है कि उसके पास अग्रिम और अंतिम स्तर पर भी कौशल है, उसके पास बहुत अच्छा कौशल सेट है। हमारे पास यहां अच्छे 15 खिलाड़ी हैं, बस परिस्थितियों को समझने और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने की जरूरत है। भारत अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगा।

### विराट कोहली को मिला आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**न्यूयॉर्क।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला और उन्हें आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर 2023 भी चुना गया। आईसीसी के आधिकारिक हैंडल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें विराट को ट्रॉफी और कैप दी, जो उनके बल्ले से 2023 में अविश्वसनीय प्रदर्शन के लिए आभार है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने कुछ वर्षों के असंगत फॉर्म और बड़े स्कोर के लिए संघर्ष के बाद 2023 में अपने शानदार करियर का एक और बड़ा शिखर देखा। उन्होंने 27 वनडे में 24 पारियों में छह शतक और आठ अर्द्धशतक के साथ 72.47 की औसत और 99.13 की स्ट्राइक रेट से 1,377 रन बनाए जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 166 रहा।

### संजू सैमसन से बेहतर विकेटकीपर हैं ऋषभ पंत : सुनील गावस्कर

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कमेंटेटर सुनील गावस्कर को लगता है कि ऋषभ पंत टी20 विश्व कप 2024 में आयरलैंड के खिलाफ अपने शुरूआती मैच में भारत की ओर से शुरूआती एकादश में शामिल होंगे। पंत और सैमसन दोनों को मौजूदा टूनामेंट के लिए विकेटकीपर के तौर पर भारत की टीम में चुना गया है। हालांकि पंत ने टूनामेंट की अच्छी शुरूआत की और अभ्यास मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाया।बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों पर 53 रन बनाए और अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए। दूसरी ओर सैमसन बल्ले से प्रभावित करने में विफल रहे और उन्होंने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करते हुए सिर्फ 1 (6) रन बनाए। मैच के बाद सुनील गावस्कर ने कहा कि भारत पंत के साथ शुरूआत करने की संभावना है क्योंकि वह सैमसन से बेहतर विकेटकीपर हैं। पूर्व क्रिकेटर ने यह भी कहा कि सैमसन के हाल के कम स्कोर ने संतुलन को पंत के पक्ष में और मोड़ दिया है। गावस्कर ने कहा, 'हां, मुझे लगता है कि अगर आप विकेटकीपिंग की क्षमताओं की तुलना करें तो ऋषभ पंत सैमसन से बेहतर विकेटकीपर हैं। हम यहां बल्लेबाजी की बात नहीं कर रहे हैं, बल्लेबाजी का पहलू भी मायने रखता है। लेकिन पिछले कुछ मैचों में ऋषभ पंत ने वाकई अच्छी बल्लेबाजी की है। दूसरी ओर, संजू सैमसन ने आईपीएल सीजन की शानदार शुरूआत की, मनचाही पारी खेली और गेंद को मैदान के हर कोने में मारा।' गावस्कर ने आगे कहा कि अभ्यास मैच में सैमसन की अच्छी पारी से उन्हें शुरूआती मैच में जगह मिल जाती। उन्होंने कहा, 'पिछले दो-तीन मैचों में उन्होंने रन नहीं बनाए। इसलिए बांग्लादेश के खिलाफ मैच उनके लिए एक मौका था।



### टेबल टेनिस का पांच दिवसीय समर कैंप शुरू

# खिलााड़ियों का फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होना चाहिए : अलखनाथ




**गढ़वा के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने काम किया है : धनंजय कुमार सिंह**

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वाधान में वन विभाग के सामुदायिक भवन में पांच दिवसीय समर कैंप का उद्घाटन रविवार को संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह, नंदकुमार गुप्ता ,सचिव आनंद सिन्हा और बालिका उच्च विद्यालय के प्राचार्य रेयाज अहमद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कियो इस मौके पर संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस खेल में लोगो ने बड़ा सपना देखा है और उस सपने को पूरा करना आप सभी खिलाड़ियों की है।संघ आपको हर संभव मदद करने को तैयार हैं। आप सपने को तभी पूरा कर सकते हैं जब आपका फिजिकल एनर्जी और स्टेमिना बेहतर होगा `वहीं सभी खिलाड़ी को एनर्जेटिक रहना होगा तभी आप बेहतर कर सकते है। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप लोग का निरंतर प्रयास से आपके खेल में लगातार सुधार हो रहा है वही आपके खेल की बदौलत गढ़वा जिला का नाम टेबल टेनिस के क्षेत्र में बहुत आगे जा रहा है। उपाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने काम किया है आप लोग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के नाम को आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सिमडेगा जिले के जामबहार की अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रोकनी कुमारी ने सरकारी नौकरी मिलने के बाद पहली बार अपने गांव पहुंची और उसने हॉकी प्रशिक्षण केंद्र में खेल कीट उपलब्ध कराई और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया । हम चाहेंगे कि गढ़वा में खिलाड़ी खेल की बदौलत नौकरी हासिल करे और जामबाहर की तरह आप लोग भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को बनाएं और अपने नये खिलाड़ियों को अपने अनुभव का लाभ दें। नंदकुमार गुप्ता ने कहा कि समर कैंप के माध्यम से आपको टेबल टेनिस की तकनीकी की जानकारी दी जाएगी जिसका आप लाभ उठाए। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की समर कैंप के माध्यम से खिलाड़ियों को टेबल टेनिस खेल के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है ताकि गर्मी छुट्टी का लाभ बच्चे उठा सके और टेबल टेनिस के तकनीक और खेल के बारे में जानकारी हासिल करें। टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष सह कोच कमलेश कुमार दुबे ने कहा कि जिले के 18 खिलाड़ी नेशनल खेल रहे है, कम संसाधन में यहां के लोग बेहतर खेल रहे हैं उन्हें और संसाधन उपलब्ध करने की जरूरत है। प्राचार्य रेयाज अहमद ने कहा की ईमानदारी से मेहनत किया जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। खेल के क्षेत्र में कैरियर के अपार संभावनाएं हैं।इस मौके पर संघ के सदस्यअभय कुमार, बालिका उच्च विद्यालय के फिजिकल शिक्षक सुशील तिवारी, रामासाहु के फिजिकल शिक्षक प्रदीप कुमार सिंह, सिनियर खिलाड़ी ऋषभ राज सहित कई अभिभावक मौजूद थेकार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने किया।

# डॉर्टमुंड को हरा रियल मैड्रिड बना चैंपियन



**एजेंसी। लंदन**
स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूरोपियन फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता। रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड को 2-0 से एकतरफा अंदाज में हराते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

शनिवार देर रात लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रियल मैड्रिड ने टीम जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। हालांकि, मैच की शुरूआत दोनों टीमों के बीच धीमी रही और किसी भी टीम ने ज्यादा रिस्क नहीं लिया। यही कारण था कि पहला क्वार्टर खत्म होने के बावजूद स्कोर 0-0 रहा।

रियल मैड्रिड और डॉर्टमुंड ने कई मौके जरूर बनाए, लेकिन वे गोल दागने में सफल नहीं रहे।

डॉर्टमुंड के लिए 23वें मिनट में निकलस फुलक्रुग ने शानदार मौका बनाया लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकराकर आ गई। पहला हाफ गोलरहित खत्म होने के बाद दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रमण तेज कर दिया। लेकिन डॉर्टमुंड ने अपने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। एक समय ऐसा लगा कि मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा है। मगर फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ और रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कावार्हाल ने 74वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया लेकिन इसका उन्हें लाभ नहीं मिला। मैच के 83वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड की बढ़त डबल कर दी। इस तरह रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। मैड्रिड के कोच कार्लो एन्सेलोटी ने कहा, आप कभी भी इसके आदी नहीं हो सकते। यह जितना हमने सोचा था उससे कहीं अधिक कठिन था। पहले हाफ में हमें परेशानी उठानी पड़ी, दूसरे हाफ में हमने वापसी की और बेहतर खेला लेकिन अब ये सब छोटी-छोटी बातें हैं।

# राजेंद्र मिश्र मेमोरियल वूडबॉल प्रतियोगिता में रांची के 70 खिलाड़ियों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची जिला वूडबॉल संघ एवं डांस वांस के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राजेंद्र प्रसाद मिश्र मेमोरियल वूडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया। रांची जिले के विभिन्न इलाकों से आए 70 वुडबॉल खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन जी सी बासुकी, जितेंद्र भदानी एवम मानवेंद्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा स्ट्रोक लगाकर किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता पी के लाला, समाजसेवी जय शंकर मिश्र , समाजसेविका लक्ष्मी मिश्रा, गरिमा फाऊंडेशन कि अध्यक्षा सोहनी राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, झारखंड राज्य वूडबॉल संघ के सचिव गोविंद झा, युवा नाट्य संगीत अकाडमी के निदेशक ऋषिकेश लाल,सूरज पांडेय, मरांग गोमके जयपाल सिंह खेल संघ के अध्यक्ष दीपक वर्मा, सक्षम मनोहरण, साक्षी प्रिया सहित सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरवर अंसारी , बंटी टोप्पो, अजीत कुमार दुबे, सौरभ नायक , नेहा कुमारी सहित कई गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार**

| मिक्स इवेंट में | सीनियर बालक वर्ग में | सीनियर बालिका वर्ग में |
|---|---|---|
| पियूष कुमार | अंकित कुजूर | नीतू मांझी |
| प्रिंस कुमार | शुभम कुमार शर्मा | प्रभा मंझी |
| शानवी सिंह | आशुतोष कुमार | अनीशा कुजूर |

**बेस्ट स्कोरर रहे अंकित कुजूर**

### अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**बैंकॉक।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालीफिकेशन मुक्केबाजी टूनामेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियू को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# व्हाट्सएप ने भारत में 71 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन किए

**एजेंसी। नई दिल्ली**
व्हाट्सएप ने देश के कानूनों का उल्लंघन करने के लिए अप्रैल महीने में भारत में 71 लाख से ज्यादा अकाउंट बैन कर दिए। कंपनी ने शनिवार को कहा, बैन किए गए 7,182,000 व्हाट्सएप अकाउंट में से 1,302,000 को यूजर्स की ओर से कोई रिपोर्ट मिलने से पहले ही एक्टिव रूप से ब्लॉक कर दिया गया। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप के भारत में 550 मिलियन से ज्यादा यूजर्स हैं। उसे देश भर से 10 हजार 554 शिकायतें प्राप्त हुईं और जिन पर कार्रवाई की गई उनकी संख्या मात्र छह थी। नए भारतीय आईटी नियम 2021 के अनुसार, इसकी मासिक अनुपालन रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाट्सएप को देश में शिकायत अपीलीय समिति से भी दो आदेश मिले और उसने दोनों का अनुपालन किया। कंपनी ने कहा, हम अपने काम में पारदर्शिता बनाए रखेंगे। भविष्य की रिपोर्टों में अपने प्रयासों के बारे में जानकारी शामिल करेंगे। ज्ञात हो कि मार्च में व्हाट्सएप ने भारत में 79 लाख से ज्यादा अकाउंट को बैन कर दिया था। मार्च में प्लेटफॉर्म को रिकॉर्ड 12,782 शिकायतें मिली थी और इनमें से 11 पर कार्रवाई की गई। कंपनी इन प्रयासों की देखरेख के लिए इंजीनियरों, डेटा वैज्ञानिकों, विश्लेषकों, शोधकताओं और कानून प्रवर्तन, ऑनलाइन सुरक्षा और प्रौद्योगिकी विकास के विशेषज्ञों की एक टीम को नियुक्त करती है। व्हाट्सएप ने कहा कि हम यूजर्स की प्रतिक्रिया पर पूरा ध्यान देते हैं। गलत सूचना को रोकने, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और चुनावी निष्पक्षता को बनाए रखने में विशेषज्ञों के साथ जुड़ते हैं।

# अडानी ला सकतें है पेमेंट और शॉपिंग ऐप




**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत डिजिटल ऑनलाइन पेमेंट की संख्या में लगातार इजाफा दर्ज किया जा रहा है। हर माह ऑनलाइन पेमेंट करने वाले यूजर्स की संख्या बढ़ रही है। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग का ट्रेंड बढ़ रहा है। ऐसे में ऑनलाइन शॉपिंग और ऑनलाइन पेमेंट के सेक्टर में नए प्लेयर की एंट्री होने जा रही है।

**पेटीएम में खरीद सकता है हिस्सेदारी**

रिपोर्ट की मानें, तो इस मामले में अडानी ग्रुप की ONDC से बातचीत चल रही है, जो एक ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म है। हालांकि अडानी समूह की ओर से इस बारे में कोई ऑफिशियल ऐलान नहीं जारी किया गया है। कुछ रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अडानी समूह पेटीएम ग्रुप में अपनी हिस्सेदारी खरीद सकता है। बता दें कि भारतीय यूपीआई पेमेंट सेक्टर में फोन पे और गूगल पे के बाद पेटीएम तीसरा सबसे बड़ा खिलाड़ी है। हालांकि पेटीएम पेमेंट बैंक पर लगे प्रतिबंध के बाद पेटीएम के शेयर की कीमत गिरी है। ऐसे में अडानी समूह पेटीएम में कम इन्वेस्टमेंट करके बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के मूड में है।

**सिंगल ऐप में मिलेंगी ढेर सारी सुविधाएं**

रिपोर्ट की मानें, तो अडानी समूह आडनी सुपर ऐप में यूपीआई और ई-कॉमर्स जैसी सर्विस को रोलआउट कर सकता है। ऐसे में फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म की टेंशन बढ़ सकती है। इस ऐप को साल 2022 में पेश किया गया था। मौजूदा वक्त में इस ऐप से फ्लाइट और ट्रेन टिकट बुकिंग की जा सकती है। साथ ही अडानी समूह इस ऐप से कई नई समूह ऑनलाइन सर्विस को रोलआउट कर सकता है।

रिपोर्ट की मानें, तो गौतम अडानी की तरफ से ऑनलाइन यूपीआई पेमेंट ऐप लॉन्च किया जा सकता है। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया जा सकता है।

# वॉट्सऐप ला रहा है चैट फिल्टर फीचर




**एजेंसी। नई दिल्ली**
वॉट्सऐप पर रोजाना ढ़ेर सारे मैसेज और कॉल आते हैं, लेकिन इसमें से कुछ जरूरी कॉल और मैसेज होते हैं। जैसे अगर आपके घर से पत्नी या फिर गर्लफ्रेंड का कॉल आ जाए, तो उसे मिस नहीं किया जा सकता है। इसके लिए वॉट्सऐप चैट फिल्टर फीचर रोलआउट करने जा रहा है। इसकी मदद से वॉट्सऐप यूजर्स अपने पर्सनल, प्रोफेशनल मैसेज को अलग कर पाएंगे। साथ ही मैसेज या कॉल आने पर आपको अलर्ट मिलेगा कि जरूरी मैसेज या कॉल आया है।

**जल्द लॉन्च होगा नया फीचर**

वॉट्सऐप एक पॉपुलर मैसेजिंगऐप है, जिसे जल्द ही चैट फिल्टर फीचर दिया जा सकता है। इससे यूजर एक्सपीरिएंस बेहद शानदार हो जाएगा। वॉटसऐप जल्द नया फीचर लॉन्च करेगा, जो आपको फेवरिट चैट को ऐड करने का ऑप्शन देगा। रिपोर्ट की मानें, तो मेटा एक नए फीचर पर काम कर रहा है, जो फिलहाल डेवलपिंग फेज में है। कंपनी जल्द अपकमिंग फीचर का टीजर रोलआउट कर सकती है। रिपोर्ट की मानें, तो वॉट्सऐप की ओर से अनरीड मैसेज को ग्रुप फिल्टर में लॉन्च कर सकती है।

**कैसे काम करेगा नया फीचर**

यह नया फीचर यूजर्स को सबसे ज्यादा की जाने वाले चैट कॉन्टैक्ट को सेलेक्ट करने का ऑप्शन देगा। साथ ही उस फेवरिट कॉन्टैक्ट लिस्ट में शामिल करना होगा। यह ऑप्शन आपकी पसंदीदा चैट को बाकी चैट से अलग करेगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में पिन चैट की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। बता दें कि मौजूदा वक्त में तीन चैट को पिन करने की सुविधा दी जाती है। जिसकी संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

**मिलेंगे ये नए फीचर**

वॉट्सऐप कई नए फीचर लाने की तैयारी में है। इसमें कम्यूनिटी टैब को नया लुक दिया जा सकता है। इसके अलावा वॉटसऐप की ओर से स्टेटस अपडेट में वॉइस मैसेज की लिमिट को बढ़ाया जा सकता है। इसे आधे मिनट से बढ़ाकर पूरे एक मिनट किया जा सकता है। कर दिया है।

# मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूलों से प्रशिक्षण लेने वालों को टेस्ट से छूट




**मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन चलाने में प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों के लाइसेंस और नियम का प्रावधान है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने शनिवार को स्पष्ट किया कि एक जून से मान्यता प्राप्त ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्रों (एडीटीसी) और ड्राइविंग स्कूलों के मौजूदा नियमों में कोई बदलाव नहीं होगा। इसके पहले मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि आवेदकों को अब क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में ड्राइविंग टेस्ट से गुजरने की आवश्यकता नहीं हो सकती है। वे मान्यता प्राप्त निजी ड्राइविंग स्कूलों में ड्राइविंग टेस्ट करा सकते हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि मौजूदा नियमों में एक जून से कोई बदलाव नहीं होगा। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया था कि निजी ड्राइविंग स्कूलों में परीक्षा पास करने के बाद आवेदकों को एक प्रमाण पत्र मिलेगा। इसका उपयोग आरटीओ में जांच के बिना ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने के लिए किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा कि मोटर वाहन (एमवी) अधिनियम, 1988 के तहत मोटर वाहन चलाने में प्रशिक्षण देने के लिए स्कूलों के लाइसेंस और नियम का प्रावधान है। ये स्कूल सफल प्रशिक्षण पर प्रमाणपत्र जारी करते हैं। लेकिन यह प्रमाणपत्र धारक को ड्राइविंग टेस्ट की आवश्यकता से छूट नहीं देता है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने का अधिकार लाइसेंसिंग प्राधिकरण के पास होगा।

## एक नजर

### वज्रपात की चपेट में आने से एक बच्ची की घटनास्थल पर मौत

**लातेहार।** लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के माल्हन पंचायत के तोड़ार गांव से शनिवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक किशोरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। चारों बच्चियां कक्षा नौ की छात्रा हैं। शनिवार दोपहर दो बजे के आसपास क्षेत्र में आंधी चलने पर घर से लगभग तीन किमी दूर तोड़ार में आम चुनने गई थीं। इसी बीच गर्जना के साथ वज्रपात हुआ जिसमें यह घटना घटी।सभी घायलों को परिजनों द्वारा नीजि वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। यहां उनका इलाज चल रहा था।

### नक्सली मृत्युंजय भुइयां के घर पर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार

**गढ़वा।** गढ़वा जिला के भंडरिया थाना कांड संख्या 77/2019 एवं 79/2019 के अभियुक्त नक्सली मृत्युंजय भुइंया, पिता बाबूलाल भुइंया के घर एवं गांव के चौक पर पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है। छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज सिंह ने बताया कि नक्सली मृत्युंजय भुइंया लातेहार जिला के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरू पंचायत के नवाडीह गांव का रहने वाला है। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय द्वारा इस्तेहार निर्गत किया गया था। इस कांड के अनुसंधानकर्ता किशोर कुमार ने भंडरिया थाना एवं छिपादोहर थाना पुलिस बल के सहयोग से गांव के चौकझचौराहों पर इस्तेहार चिपकाया है।

### गरीबों व असहायों के सहायक थे दिवंगत भुनेश्वर राम : किशोर

**नावाबाजार/ पलामू।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय ने भुनेश्वर राम के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट किया है। साथ हीं कहा कि स्वर्गीय भुनेश्वर राम गरीबों के आवाज थे। वे हमेशा सामाज में सामाजिक जागरूकता फैलाने, समाज सुधार व समस्याओं का समाधान व लोगों के लाभ के लिए सेवा भाव से सामाजिक कार्य किया करते थे। दिवंगत राम समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, गरीबी निवारण, मानवाधिकार, सहित सेवा के अन्य क्षेत्रों में समर्पित भाव से काम करते थे। बताया कि स्वर्गीय राम बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व बसपा के संस्थापक सदस्य भी रहे थे। विदित हो कि भुनेश्वर राम का निधन रविवार की सुबह उनके पैतृक निवास स्थान नावा बाजार थाना के राजहरा कोठी गांव स्थित पैतृक आवास पर हुआ है। उनके निधन से समाज के दबे कुचले व निहायत जरूरत मंदों की आवाज सदा के लिए खामोश हो गया। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है।

# आजसू अध्यक्ष ने जांच के दौरान स्कूल बाउंड्री के निर्माण में पाया भारी गड़बड़ी

*उपायुक्त से प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कराए जाने का किया मांग*



नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड अंतर्गत गेरेंजा स्कूल में हो रहे चार दिवारी निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच करने पहुँचे आजसु प्रखंड अध्यक्ष शंकर उरांव ने निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठाये कई सवाल । कहा यह योजना डीएमएफटी फंड से लाखों रुपए की लागत से बनाई जा रही है बिना बोर्ड लगाए काम किया जा रहा है,बंगला भट्ठा का ईंटा उपयोग किया जा रहा है और बाउंड्री में पानी भी नहीं पटाया जा रहा है । कॉलम और पीलिंथ बीम में रिंग का दूरी 150 एमएम के जगह पे 200 से 250 एमएम का दूरी में दिया जाता रहा है। कॉलम और पीलिंथ बीम का (आरसीसी) ढलाई 10एमएम का कॉक्रीत से किया जा रहा है कॉलम रड लाईपिंग जीरो एमएम का दिया गया है पीलिंथ बीम में रड 12 एमएम के जगह पर 6 एमएम का डाला गया है और इस प्रकार ठीकेदारों द्वारा मनमानी काम किया जा रहा है इस तरह भारी गड़बड़ियों को देखते हुए आजसू प्रखंड अध्यक्ष ने कार्य स्थल से ही तुरन्त प्रखंड विकास पदाधिकारी फोन लगाकर अनियंत्रिता की जानकारी दी। और जिले पदाधिकारीयों को फोन कर मामले से अवगत कराते हुवे जिला उपायुक्त से इस जन उपयोगी योजना का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाने की मांग किया।

## टेपों हटाने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट के बाद तनाव

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के चौखड़ा गांव में शुक्रवार की रात करीब आठ बजे टेपों हटाने को लेकर हुए मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मार पीट हुई थी। जिसने एक बुजुर्ग की जान भी चली गई। रविवार को प्रशासन की उपस्थिति में अलखदेव साव का दाहसंस्कार कराया गया। अन्य घायल हैं। जानकारी के अनुसार चौखड़ा गांव निवासी अजित साव अपने घर के कुछ दूरी पर स्थित सरकारी आहर के पास प्रतिदिन ऑटो लगाता था। वहां से गांव के ही दूसरे पक्षों ने ऑटो हटाने को बोला। इसी में दोनो पक्ष के बीच मारपीट हो गई। जिसमें अजित प्रसाद साव, विनोद साव, गोपाल कुमार गुप्ता, राजू सिंह, राजन सिंह, बबलू कुमार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही अलखदेव साव की मौत इलाज के दौरान हो गई। पुलिस ने दोनों पक्ष के बीच तनाव को देखते हुए शनिवार से कैंप कर रही थी।

## न्यूज बॉक्स

### 4 जून को देश की राजनीतिक में बदलाव आने की संभावना : रंजन पाठक



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक का कहना है कि 4 जून को देश की राजनीतिक में बदलाव आने की प्रबल संभावना है। उन्होंने कहा इस बार लोकसभा का मतदान गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी और देश में फैले नफरत के खिलाफ किया गया है। उन्होंने आशा जताया की 4 जून को भारत के प्रजातंत्र और मजबूत होगा। उनका ये भी कहना हैं कि 4 जून को नए सवेरे के साथ सूरज उगेगा देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है जो 2014 में आए थे वह 2024 में निश्चित रूप से सरकार से जा रहे हैं देश की जनता ने जनादेश इंडिया गठबंधन के पक्ष में किया है। पाठक का कहना हैं पलामू चतरा के साथ-साथ पूरे झारखंड लोकसभा में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। इस बार देश के मतदाता बेरोजगारी, महंगाई , अत्याचार, संविधान बचाने के लिए लोकतंत्र कायम करने के लिए अपना मत दिया है। इसी को देखते हुए 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है देश की जनता को एग्जिट पोल पर विश्वास नहीं 4 जून के परिणाम का देश के 140 करोड़ जनता इंतजार कर रही है। क्योंकि देश से मोदी सरकार जाने वाली है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है।

### व्यवसायी सह समाजिक कार्यकर्ता को पितृ-शोक

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के जवाहिर साव की गली निवासी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी सह समाजसेवी संतोष कश्यप के 81 वर्षीय पिता बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (कसौधन) का हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, वहीं उनका दाह- संस्कार रविवार की देवरी के सोन नदी के तट पर किया गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर पाकर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (कसौधन) जी का आकस्मिक निधन हो जाना, सामाजिक क्षति के साथ- साथ उनके लिए व्यक्तिगत क्षति भी है। उन्होंने कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। एवं परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें। बैजनाथ प्रसाद गुप्ता (कसौधन) के निधन पर भाजपा नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, अशोक कुमार सिंह, युवा कांग्रेसी नेता धनंजय कुमार तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, राजकुमार कश्यप, राजेंद्र पाल, रंजन कुमार,देवेंद्र नाथ गुप्ता समेत कई लोगों का नाम शामिल है।

### क्रशर प्लांट से उड़ रही धूल, आंदोलन की चेतावनी

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र में करीब एक दर्जन भर स्टोन क्रेशर प्लांट संचालित हैं। इन प्लांटों में सरकार के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ रहीं हैं। इसे लेकर ग्रामीणों ने रविवार को बरदाग गांव के समीप बैठक की। जिसकी अध्यक्षता एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने किया। जिसमे विभिन्न गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्रामीणों ने कहा कि पास में बस्ती के लोग क्रेशन के प्रदूषण से त्रस्त हो चुके हैं, लेकिन क्रेशर संचालक अपनी मनमानी पर उतारू है। क्रेशर प्लांट से उड़ेने वाली धूल डस्ट से फसलों को भारी नुकसन हो रहा है। वही भूमि भी बंजर हो रही है। नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। ग्रामीणों ने क्रेशर से उड़ रही धूल को बंद कराने प्रशासन से मांग की है। साथ ही कहना है कि धूल कण से पूरा क्षेत्र प्रदूषित हो गया है। क्रशर मालिक की ओर से सड़क पर पानी का छिड़काव सिर्फ खानापूर्ति किया जाता है। दिनभर सैकडों हाइवा गाड़ियों का आवागमन होने से इस क्षेत्र में रहना मुश्किल हो गया है। स्थानीय प्रशासन को बार-बार कहने के बावजूद भी किसी प्रकार की कोई पहल नहीं होती है। क्रशर के वाहनों के गुजरते समय उड़ती धूल जहां राहगीरों व आसपास के ग्रामीणों को रोगी बना रही है। धूल से सड़क के किनारे खेतों व पेड़ पौधों का बुरा हाल है। पत्थर खदान एवं क्रशर मशीन से उड़ने वाले धूल कण की परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने आंदोलन की रणनीति बनाई गयी। ग्रामीणों ने कहा कि इन खदानों को बंद करने की मांग को लेकर विधायक, सांसद व वरीय पदाधिकारियों से मिलकर समस्या से अवगत कराया जाएगा।

# मुर्दे से भी भू-माफियाओं ने लिखवा लिया 4.30 एकड़ जमीन



नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** भू - माफियाओं का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे मुर्दों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। मरने के कई साल बाद भी भू- माफियाओं ने मुर्दे से भी जमीन लिखवा ले रहे हैं। यही नहीं अधिकारियों की मिली भगत से भू - माफिया कानून को दरकिनार करते हुए जमीन का मोटेशन करवा कर रसीद भी कटवा ली। वहीं जमीन का मूल रैयत न्याय पाने लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। बल्कि भू - माफियाओं के द्वारा मूल रैयत को जान मारने की खुलेआम धमकी दी जा रही है और अधिकारी इस पर चुपी साधे बैठे हैं। सबसे बड़ी बात है की अपर समाहर्ता के आदेश के बाद भी संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बल्कि मूल रैयत को ही उल्टे कानून का पाठ पढ़ा रहे हैं। यह पूरा मामला तरहसी प्रखंड क्षेत्र के टरिया पंचायत के तिरौंधा गांव का हैं। दरअसल पलामू जिले के नीलांबर पितांबरपुर (लेस्लीगंज) थाना क्षेत्र के कमलकेड़िया निवासी बैद्यनाथ शुक्ला ने तरहसी सीओ को पत्रांक 372 दिनांक 05.07.2023 और पलामू उपायुक्त पत्रांक 1414/ 13.10.2023 को जमीन का जमाबंदी स्थगित करने का आवेदन दिया था। उपायुक्त को दिए आवेदन में बैद्यनाथ शुक्ला ने कहा है कि उनका जमीन तरहसी थाना क्षेत्र के तिरौंधा गांव के खाता 26 प्लॉट 83, 180, 241, 246, 252, 271, 272, 283, 311, 319, 320, 332 जिसका कुल रकबा 4.52 एकड़ भूमि हैं। टिरवा गांव निवासी विद्या पांडेय पिता बेलास पांडेय, शांति देवी, पति विद्या पांडेय, तेलडीहा निवासी सच्चिदानंद पांडे पिता स्वर्गीय आदित्य पांडेय ने फर्जीवाड़ा कर कुल 4.30 एकड़ जमीन अपने नाम पर करवा लिया। विद्या पांडेय पिता बेलास पांडेय 2.04 एकड़, शांति देवी, पति विद्या पांडेय 0.38 एकड़ और सच्चिदानंद पांडे पिता स्वर्गीय आदित्य पांडेय 1.89 एकड़ खरीदा है। बैद्यनाथ शुक्ला का आरोप है कि भू माफिया गलत तरीके से जमीन की खरीद की है। बैद्यनाथ शुक्ला ने बताया कि विद्या पांडेय, शांति देवी आदि भू माफियाओं ने समुंद्री देवी से 1999 में जमीन खरीदी किया है। जबकि समुंद्री देवी की मृत्यु 16 साल पहले 1983 में हो चुकी है।

# 18 मतदान कर्मियों को प्रशासन ने दिया कारण बताओ नोटिस

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू प्रशासन ने 18 मतदान कर्मियों को कारण बताओं नोटिस भेजा है।ये वो 18 मतदान कर्मी हैं जिन्होंने न तो चुनाव की ट्रेनिंग ली और नहीं ही मतदान की ड्यूटी ही की। यह दोनो सरकारी कार्य से भागे रहे। इन 18 मतदान कर्मी भागे रहे चुनाव की ट्रेनिंग से और मतदान करने की ड्यूटी से भी जो एक बड़ी मुश्किल इन 18 के लिए खड़ा कर सकता है। अब इन से प्रशासन ने पूछा है। की ऐसा इन लोगो ने क्यों किया कारण बताओ नोटिस के द्वारा। इन 18 को इसी शनिवार तक अपना जवाब भेज देना है। कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी कुंदन कुमार ने इस बात की पुष्टि की है। कि प्रशासन ने 18 लोगों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है जो ना तो चुनाव की ट्रेनिंग की और ना ही मतदान करने की ड्यूटी ही और इस प्रकार दोनों सरकारी काम से भागे रहे। कुंदन कुमार ने कहा कि यह एक घोर अनुशासन हीनता है इससे बड़ी लापरवाही और कोई दूसरी नहीं हो सकती जो यह 18 लोगों ने किया यह 18 लोग पलामू लोकसभा और चतरा लोकसभा की ड्यूटी से गायब रहे। पलामू लोकसभा के मतदान 13 मई को हुआ था जब की चतरा लोकसभा के मतदान 20 मई को। इनमें से किसी ने भी किसी अधिकारी को कोई लिखित सूचना तक नहीं दी के वे चुनाव की ट्रेनिंग और मतदान करने की ड्यूटी से क्यों गायब है। कुंदन कुमार ने कहा कि प्रशासन ने इन 18 लोगों की गैर जिम्मेदार हरकत को बहुत गंभीरता से लिया है आने वाले दिनों में इन 18 पर एफआईआर भी किया जा सकता है कहां कार्मिक कोषांग के नोडल अधिकारी ने।

# युवक के कंकाल बरामदगी के सात दिन बाद भी आरोपियों की नहीं हुई गिरफ्तारी



**नवीन मेल संवाददाता। विश्रामपुर** छिपादोहर गांव निवासी युवक राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के नर कंकाल बरामदगी के 7 दिन बाद भी पुलिस के द्वारा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई। परिजन न्याय के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। इतना ही नहीं पूछने पर पुलिस पदाधिकारियों का भी कोप-भाजन का शिकार हो रहे हैं। पीड़ित परिवार व युवक के परिजन पूरी मामले को लेकर पलामू एसपी व डीआईजी से मिलने की इच्छा प्रकट की। जहां मिलकर सभी न्याय की गुहार लगाएंगे। वहीं विश्रामपुर थाना के द्वारा नामजद आरोपियों के गिरफ्तारी को लेकर हर संभावित ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है। उनके द्वारा बहुत जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कहीं गई। विदित हो कि विश्रामपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह ओपी स्थित महुआखाला-पचघारा के जंगल से 27 मई को एक नरकंकाल बरामद किया गया था। जिसकी पहचान छिपादोहर गांव निवासी चंद्रशेखर मिश्रा उर्फ डब्लू मिश्रा के 25 वर्षीय पुत्र राकेश मिश्रा उर्फ मोनू मिश्रा के रूप में किया गया। परिजनों के अनुसार मोनू 10 मई को घर से निकला था। जिसके बाद वह घर नहीं लौटा। युवक का मोबाइल भी बंद पाया जाता रहा। परिजनों के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार 11 मई को उसे बगल के गांव में देखा गया था। इसके बाद फिर कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिला। युवक का मोबाइल लगातार बंद पाया गया। थक हार कर परिजनों के द्वारा किसी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए नावाडीह ओपी सहित विश्रामपुर थाना में लिखित शिकायत की गई। आवेदन में स्पष्ट रूप से पिता चंद्रशेखर मिश्र के द्वारा लिखा गया है कि मुकेश यादव वह गोविंद यादव के द्वारा मेरे बेटे की हत्या कर शव को कही छुपाया गया है। इसकी बावजूद भी विश्रामपुर थाना के द्वारा कोई भी संजिदगी नहीं दिखाई गई। समय रहते पुलिस के द्वारा सक्रियता दिखाई जाती तो शायद युवक को बचाया जा सकता था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। युवक के लापता होने के 17 दिनों बाद यानी 27 को घर से थोड़ी दूर पर जंगल में युवक का नर कंकाल बरामद किया गया। जिसे पुलिस के द्वारा बरामद कर फॉरेंसिक जांच को ले रांची रिम्स स्थित लैब में भेज दिया है।

> **1 :** बरामद नर कंकाल की फोरेंसिक जांच को लेकर रांची रिम्स गए थे। जहां से शनिवार को लौटा हूं। आगे की कार्रवाई के लिए विश्रामपुर थाना पुलिस के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। हत्या के कारण व इसमें संलिप्त लोगों की पहचान करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **2 :** नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। बहुत जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उसके बाद हीं हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। हत्या में शामिल लोगों को किसी भी स्थिति में बख़्शा नहीं जाएगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**मेदिनीनगर ।** लाल कोठ स्थित डॉ बी आर अंबेडकर पार्क में मारवाड़ी युवा मंच डाल्टनगंज शाखा ने डायबिटिक क्लब स्वास्थ्य जागृति शिविर लगाया आज इस कैंप में लगभग 80 लोगों ने अपने स्वास्थ्य का निशुल्क जांच का लाभ लिया । शहर के विख्यात डॉक्टर राजेश कुमार से परामर्श लिया उन्होंने बताया लगभग 40-50 लोगों का नया और 30 लोगों का पुराना पर्चा देखा गया। मारवाड़ी युवा मंच के सचिव सज्जन शंघई ने बताया कि महीने के पहले रविवार को डॉक्टर बी आर अंबेडकर पार्क और तृतीय रविवार को गांधी मैदान में यह शिविर लगाया जा रहा है। मंच के डायबिटिक क्लब के प्रभारी रवि कामदार ने बताया प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय रविवार को आप अपने स्वास्थ्य की जांच जैसे( हाई बीपी, शुगर, वजन ) के निशुल्क जांच का लाभ उठाएं । इस कैंप में नीरज कामदार, सौरभ सर्राफ, अरुण शंघई, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, निशांत सिंघानिया, केशव लाठ, रवि कामदार, प्रभात अग्रवाल, मनोज भिवानिया, संजय अग्रवाल, शिवम खेतान, सदस्य उपस्थित रहे।

# ट्रक पुल पर फंसा, जाम से दोनों ओर लगी लंबी कतार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मुख्यालय को गढ़वा जिला से जोड़ने वाले एक मात्र शाहपुर कोयल नदी पुल रविवार को वाहनों की लंबी कतारों से घंटो जाम लगा रहा। जाम के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वाहनों की लंबी कतार व जाम में फंसे आम लोगों को निकालने के लिए चैनपुर थाना पुलिस को आगे आना पड़ा। चैनपुर थाना की पुलिस ने वन वे रास्ता के माध्यम से वाहनों को निकालने के साथ आम लोगों को जाम से बाहर निकाला। लगभग ढ़ाई घंटा जाम लगा रहा। पुलिस ने सबसे पहले वालवाहक वाहनों को धीरे-धीरे बाहर निकालना शुरू किया। बता दें कि शाहपुर कोयल नदी का पुल मालवाहक वाहनों के कारण अक्सर जाम लगा रहता है। जाम के कारण लोग एक से दो घंटा तक जाम में फंसे रहते हैं।

# आजसू के आंदोलन से लातेहार महिला डिग्री कॉलज में नामांकन शुरू : अभिषेक



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आजसू के आंदोलन और प्रभार में आए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का मेहनत का फल मिल ही गया। इस वर्ष महीला डिग्री कॉलेज मे हुआ नामांकन प्रारंभ। छात्र नेता अभिषेक राज का कहना है कि महीला डिग्री कॉलेज मे पढ़ाई सुरू कराने मे पूर्व कुलपति तपन शांडिल्य का अहम योगदान रहा है। आजसू पिछले वर्ष से ही लगातार नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरु करने हेतु आंदोलन कि थी। जिसके परिणाम स्वरुप इस वर्ष से डिग्री कॉलेज में नामांकन की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है। आजसू ने पिछले वर्ष नवम्बर में छात्र छात्राओं के साथ लातेहार के सड़क पर उतरकर सरकार को जगाने का काम किया था। आजसू द्वारा लातेहार में स्थित महिला डिग्री कॉलेज शुरु कराने के लिए उपयुक्त कार्यालय में एकदिवसीय धरना भी दिया था। दो साल से सभी नवनिर्मित डिग्री कॉलेज बनकर तैयार पड़े थे। मगर उसे चालू नहीं किया जा रहा था जिससे वहां के अस्थायी छात्र - छात्राओं को लम्बी दुरी तय कर पढ़ाई करने जाना पड़ता था । लातेहार के छात्र मेदिनीनगर में नामांकन लेते थे जिसका परिणाम यह होता था की छात्र - छात्राएं रोज महाविद्यालय कक्षा के लिए नहीं पहुंच सकते थे। सिर्फ परीक्षा के दौरान की उनका आना संभव हो पता था। वो भी बड़ी मुश्किल से आजसू के तत्कालीन विश्व विद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने इस विषय में तत्कालीन कुलपति तपन कुमार शांडिल्य से इस विषय में चिंता व्यक्त की थी और कुलपति शांडिल्य ने भी मामले मे तत्काल संज्ञान लेते हुए राजभवन से नवनिर्मित डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरु कराने के लिए पत्राचार किया था। अभिषेक राज का कहना है कि कुलपति ने खुद सभी नवनिर्मित डिग्री कॉलेज का निरक्षण भी किया था। बाद में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम लातेहार में होना था। तब आजसू ने विरोध के स्वर भी बुलंद किये, जिसके लिए लातेहार जिला अध्यक्ष समेत कई आजसू कार्यकर्ताओ को हिरासत में ले लिया गया था । इसके विरोध में पुरे पलामू प्रमंडल में हेमंत सोरेन का पुतला दहन आजसू कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया था। अभिषेक राज का कहना है कि अब छात्र - छात्राओं को पढ़ने के लिए अधिक दुरी तय नहीं करनी पड़ेगी।

# 85 लोगों का फाइलेरिया जांच के लिए रक्त संग्रह किया गया

नवीन मेल संवाददाता



**बरवाडीह।** 1 जून से 10 जून तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रखंड के आदर्श नगर मोहल्ला में शनिवार रात्रि इसकी शुरूआत किया गया। कार्यक्रम के तहत चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जयंत लकड़ा की देखरेख में शनिवार रात्रि 8 बजे से 12तक मेडिकल टीम द्वारा चिकित्सा शिविर लगा कर फाइलेरिया जांच हेतु 20वर्ष से अधिक उम्र के 85 से अधिक लोगो का फाइलेरिया जांच हेतु रक्त संग्रह किया गया।इस सम्बंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयंत लकड़ा ने बताया कि बीते रात्रि रक्त पट्ट संग्रह एनबीएस फाइलेरिया कार्यक्रम का आयोजन प्रखण्ड क्षेत्र के सेंटीमेंट साइट रेंडम साइट पर किया जाना है।इसके अंतर्गत 20 वर्ष से ऊपर आयु के लोगों का रक्त संग्रह रात्रि आठ बजे से बारह बजे तक होना है। इसके आधार पर लोगों में माइक्रो फाइलेरिया का पता किया जा सकेगा। जिससे प्रखंड स्तर पर विशेष उपचार एवं लोगों में फैल रहे इस बीमारी की रोकथाम में विभाग को विशेष लाभ मिलेगा। जांच में फाइलेरिया पॉजिटिव पाए जाने के बाद उक्त मरीज को निशुल्क दवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 दिनों तक इस अभियान को लगातार चलाया जाएगा और प्रखंड के सभी क्षेत्रों में रात्रि 8:00 बजे के बाद शिविर लगाकर सभी लोगों का रक्त संग्रह किया जाएगा।

# मौसम ने ली करवट, गर्मी से लोगों को मिली राहत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में पिछले एक सप्ताह से उमस व गर्मी के प्रचंड वेग से परेशान लोगों को मौसम के बदले मिजाज से राहत मिली है। हवा में नमी व ठंडापन के कारण लोग राहत महसूस कर रहे हैं। जिले में शनिवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री के उपर था। रविवार को अधिकतम तापमान चार डिग्री की कमी दर्ज की गई। अधिकतम 41.1 व न्यूनतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया। शनिवार की शाम जिले के सतबरवा प्रखंड सहित अन्य क्षेत्रों में हल्की वर्षा से मौसम खुशनुमा हो गया। नौतपा के प्रभाव से नौ दिनों तक लोगों को प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ा। जिले अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री पहुंच गया था। हीट वेब के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। मौसम विभाग की माने तो जिले वासियों को भीषण गर्मी से फिलहाल राहत मिलेगी। तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होगी, लेकिन अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण रविवार को पूरे दिन लोग सड़कों पर निकले।




# लोस चुनाव : सर्वे के बाद अब ज्योतिषियों की भविष्यवाणी

ब्यूरो । नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव का परिणाम तो 4 जून को आयेगा। लेकिन 1 जून को सातवें चरण का मतदान समाप्त होने के बाद चुनावी सर्वे एजेंसियों द्वारा जो अनुमान लगाए गए हैं, उसने जो परिणाम बताए हैं, उनमें ज्यादातर वर्तमान केन्द्रीय सत्ता की लाइन वाले हैं। अब कुछ ज्योतिषियों की राय से भी अवगत हो लेते हैं।

## पीएम मोदी के बारे में क्या कहा

**अजय लूथरा:** भाजपा ने जिस नक्षत्र में 400 पार का नारा दिया था, उसके हिसाब से मौजूदा ग्रह-नक्षत्र इसके आसार कम बता रहे हैं। मोदी की कुंडली के अनुसार छठा लग्न उन्हें जीत दिलवाएगा। सूर्य जब सातवें स्थान पर हो स्थिति थोड़ी जटिल हो जाती है। भाजपा का अपना आंकड़ा 270 के लगभग रह सकता है। आज भारत में सूर्य, शुक्र जैसे ग्रह लग्न में हैं। 4 जून को नतीजे हैं और 5-6 जून को अमावस्या है। ऐसे में आने वाले समय में निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।




**मंजू शर्मा:** ग्रह नक्षत्र कहते हैं कि भाजपा+ का आंकड़ा 350 पार जा सकता है। भाजपा के ग्रह-नक्षत्र अभी मजबूत हैं। प्रधानमंत्री की कुंडली मजबूत है। उनके ग्रहों की दशा भी अनुकूल है। इस तरह से मंजू ने वही बताया जो भाजपा की लाइन है।

**आचार्य इशिका:** मोदी की कुंडली में मंगल अपने ही स्थान पर है। गुरु की वजह से लोगों का प्यार उन्हें मिलता रहेगा। गज केसरी योग, शंख योग भी उनकी कुंडली में है। मौजूदा स्थिति बताती है कि उनकी वजह से आने वाली सरकार का आत्मविश्वास बढ़ेगा। इन्हें ऐतिहासिक जीत मिलने के आसार हैं। भाजपा को 300 से 325 सीटें और एनडीए को 350-390 सीटें मिल सकती हैं। इस तरह से इनकी भी लाइन भाजपा वाली है।

**राज रानी:** नेताओं की कुंडली वैसी नहीं होती, जैसी सबके सामने होती है या बताई जाती है। सभी की समय की अलग-अलग गणना होती है। यदि जन्म का समय नहीं है ,तो चंद्र का समय देखा जाना चाहिए। मोदी की कुंडली के मुख्य बिंदुओं को देखें तो वहां कुछ गतिरोध नजर आते हैं। मोदी का बुध यानी वाणी और गुरु यानी ज्ञान वक्री हैं। वक्रत्व जब ग्रहों में आता है तो वह असाधारण होता है। यह उनके व्यक्तित्व को निखारेगा, लेकिन इसका आगे असर क्या होगा, यह देखना होगा। एनडीए का 400 पार जाना मुश्किल है, इसमें कुछ कमी रह सकती है।

## राहुल गांधी के बारे में क्या कहा

**मंजू शर्मा:** राहुल गांधी के ग्रह बताते हैं कि मौजूदा राजनीति में उन्हें सफलता मिल पाना थोड़ा मुश्किल है। आने वाले समय में वे बड़ी जिम्मेदारी निभाते नजर आ सकते हैं। वायनाड से जीत संभव है, लेकिन रायबरेली से उनकी जीत के आसार कम दिख रहे हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें तो अखिलेश यादव की कुंडली में राजयोग थे, इसलिए वे मुख्यमंत्री रहे। कन्नौज की सीट पर उनकी जीत के आसार हैं, लेकिन कांग्रेस से हाथ मिलाने पर उनकी पार्टी को बहुत ज्यादा फायदा मिलेगा, यह नहीं कहा जा सकता।



**अजय लूथरा:** 2009 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब राहुल गांधी को प्रधानमंत्री पद नहीं दिया गया। राहुल के मौजूदा ग्रह अच्छे हैं, लेकिन जब तक उनके साथ के लोग उनकी प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी का समर्थन नहीं करते, उनका उस पद पर पहुंचना मुश्किल है। राहुल गांधी को अपनी अलग छवि बनाने की जरूरत है।

**आचार्य इशिका:** राहुल गांधी की कुंडली में प्रधानमंत्री बनने के योग अभी नजर नहीं आ रहे। शनि की स्थिति अभी उन्हें निर्णायक स्थिति में नहीं ला पा रही है। राहु पांचवें स्थान पर होने से यह स्थिति कमजोर हो जाती है। राहुल वायनाड में जीत सकते हैं, लेकिन रायबरेली के बारे में कहना मुश्किल है।

**राज रानी:** जब अयोध्या का विवाद हुआ, तब कुछ ज्योतिषाचार्यों ने कहा कि वहां मंदिर कभी नहीं बनेगा, लेकिन प्रारब्ध कुछ और था और मंदिर बन गया। लिहाजा राहुल गांधी के बारे में आप ये नहीं सकते कि वे कभी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल गांधी ने जो भारत जोड़ो यात्रा की थी, उससे उनका शनि मजबूत होगा। राज योग सिर्फ अखिलेश की कुंडली में नहीं, राहुल गांधी की कुंडली में भी है। उनका परिवार और उनकी पार्टी सत्ता में रहेगी। कितना राज योग मिलेगा, यह देखना होगा।

## केजरीवाल को कुकर्मों की सजा मिलनी चाहिए : विज

एजेंसी

**अंबाला।** लोकसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान साधना करने पर कांग्रेस आग बबूला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि ये नाटक क्यों? खरगे के बयान पर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान हर किसी को अलग-अलग तरीके से साधना करने की इजाजत देता है। दो तरह के लोग हैं, एक तरह के लोग क्लब जाते हैं, मदिरा पीते हैं, मांस खाते हैं और दूसरे सात्विक होते हैं, इसलिए उन्हें ये जानकारी नहीं है। 295 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत के दावे को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ होने वाला नहीं है। झूठ की जो कढ़ाही चढ़ाई थी, उसमें सब कुछ जल चुका है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से राहत नहीं मिली है। उन्हें तिहाड़ में सरेंडर करना पड़ेगा। इस पर विज ने कहा कि माननीय अदालत ने चुनाव कैंपेन के लिए उन्हें जमानत दी थी। वो कर लिया, अब चुनाव खत्म हो गए अब जेल में रहें। सरेंडर करने से पहले उन्होंने मैसेज दिया है कि मेरे प्राण भी चले जाएं तो गम मत करना। इस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि जान किसी की क्यों जाए, इससे तो वो मुक्त हो जायेंगे। इन्होंने जो कुकर्म किए हैं, उसके लिए इनको सजा मिलनी है।



# लोकसभा की 295 सीटें जीतेगा आईएनडीआईए : राहुल गांधी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि उनका गठबंधन आईएनडीआईए लोकसभा की 295 सीटें जीतेगा। पार्टी मुख्यालय में एक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राहुल ने एग्जिट पोल को सिरे से नकारा। उन्होंने इसे मोदी मीडिया पोल करार दिया। उन्होंने एक सवाल पर कहा कि सिद्धू मूसेवाला के 295 गानों की संख्या जितनी सीटें विपक्षी गठबंधन जीतेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी मुख्यालय में अपने लोकसभा उम्मीदवारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। इस बैठक में राहुल और महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल के नेता समेत कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एग्जिट पोल फर्जी है, पीएम साबरमती आश्रम में करें आत्मचिंतन : पवन खेड़ा

**नई दिल्ली।** एग्जिट पोल के आंकड़े जारी होने के बाद प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है। विपक्ष के तमाम नेता एग्जिट पोल को गलत बता रहे हैं। इन नेताओं का कहना है कि देश में एनडीए की नहीं, इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इसी बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि एग्जिट पोल के आंकड़ों को कोई नहीं मान रहा है। यही एंकर और रिपोर्टर जब हमसे ऑफ रिकॉर्ड बात करते हैं तो कहते हैं कमाल है, ऐसा नहीं हो सकता है। पूरा देश नहीं मान रहा है, तो हम क्यों मान लें। ये सट्टा मार्केट के लिए किया गया है, शेयर मार्केट के लिए या फिर भाजपा कुछ और बड़ा षड्यंत्र रच रही है। भाजपा भक्त को छोड़कर देश का हर नागरिक इस एग्जिट पोल को फर्जी मान रहा है। 'एग्जिट पोल आने के बाद कांग्रेस वेंटिलेटर और बीजेपी एक्सीलेटर पर है', भाजपा के इस बयान पर उन्होंने कहा कि अभी इस तरह की डायलॉग बाजी करेंगे। इसी तरीके से 10 साल निकाल दिए हैं। प्रधानमंत्री से कहिए अब आराम करें, साबरमती आश्रम जाकर आत्मचिंतन करें, अब वक्त आ गया है। इंडिया गठबंधन को 295 से ज्यादा सीट मिलेगी और राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के इस दावे पर उन्होंने कहा कि अपने मन की बात सब सामने रख रहे हैं, स्वतंत्र हैं।



## जयराम रमेश के दावे पर चुनाव आयोग हुआ सख्त, मांगा जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश के दावे पर उनसे तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। जयराम रमेश ने दावा किया था कि मतगणना से पूर्व, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देश के 150 जिला अधिकारियों (डीएम) को फोन किया है। आयोग ने कहा कि किसी भी डीएम की ओर से अभी इस तरह की जानकारी नहीं दी गई है। चुनाव आयोग ने जयराम रमेश को लिखे पत्र में कहा है कि आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के दौरान सभी अधिकारी आयोग के अंतर्गत कार्यरत होते हैं। ऐसे में वह किस तरह से इस तरह का दावा कर रहे हैं। इसके बारे में आज शाम 07 बजे तक जानकारी दें। जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस तरह का दावा किया था। उन्होंने कहा था कि गृहमंत्री अमित शाह डीएम को कॉल कर रहे हैं और अब तक 150 से बातचीत हो चुकी है। यह भाजपा की हताशा को दिखाती है। चार जून को देश में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी। ऐसे में अधिकारियों को संविधान को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इसी संदर्भ में चुनाव आयोग ने जयराम रमेश से अधिक स्पष्टीकरण मांगा है। आयोग ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, वोटों की गिनती की प्रक्रिया प्रत्येक निर्वाचन अधिकारी के लिए एक पवित्र कर्तव्य है और आपके द्वारा दिए गए ऐसे सार्वजनिक बयान संदेह पैदा करते हैं इसलिए व्यापक सार्वजनिक हित में इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। पत्र में आयोग ने आगे कहा कि किसी राष्ट्रीय पार्टी के जिम्मेदार, अनुभवी और बहुत वरिष्ठ नेता ने मतगणना के दिन से ठीक पहले ऐसा सार्वजनिक बयान दिया है जो उनके अनुसार तथ्यों/सूचनाओं पर आधारित है।



## अरुणाचल प्रदेश में भाजपा का मत प्रतिशत 40 साल में 46 फीसदी बढ़ा

एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की 60 सीटों में से 46 जीतकर भारतीय जनता पार्टी ने लगातार तीसरी बार राज्य में अपना परचम लहराया है। चालीस साल में राज्य में भाजपा का वोट 46.89 फीसदी बढ़ गया है। वर्ष 1984 में विधानसभा चुनाव में मात्र एक सीट जीत कर अपना अभियान शुरू किया था। इस चुनाव में भाजपा को 7.69 फीसदी वोट मिला था, जो वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में 54.58 प्रतिशत तक पहुंच गया है। भाजपा की लगातार दो बार रही सरकार की लोकप्रियता का राज्य में यह आलम रहा कि मुख्यमंत्री समेत पार्टी के 10 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे। अरुणाचल के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीते 10 वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर इस चुनाव में मतदान किया।

अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से राज्य में भाजपा की स्थिति काफी मजबूत हुई है। वर्ष 1984 में हुए राज्य के 60 विधानसभा सीटों के चुनाव में से भाजपा ने 7.69 फीसदी वोट प्राप्त करके केवल एक सीट जीती थी। वर्ष 1990 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपने उम्मीदवार ही नहीं उतारे थे। वर्ष 1995 और 1999 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा को कोई सीट नहीं मिली। हालांकि वर्ष 1999 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 10.83 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे, जबकि वर्ष 2004 के चुनाव में पार्टी ने नौ सीटें जीतीं। वहीं वर्ष 2009 के चुनाव में पार्टी को सिर्फ तीन सीटों पर ही सिमट कर रहना पड़ा। इसके बाद वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा को 30.97 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे।

## रेवंथ रेड्डी सरकार करेगी सभी गारंटी पूरी : सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** तेलंगाना राज्य की स्थापना के 10 वर्ष पूरे होने पर देशभर से नेताओं की बधाई संदेश मिल रहे हैं। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने इस अवसर पर एक वीडियो संदेश में राज्य के लोगों को बधाई दी और कांग्रेस पार्टी के अलग राज्य बनाने में दिए गए योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य की रेवंथ रेड्डी सरकार सभी गारंटी पूरी करेगी। सोनिया ने कहा कि उन्होंने 2004 में करीम नगर में लोगों से वादा किया था कि कांग्रेस पार्टी उनके अलग राज्य के सपने को पूरा करेगी। तमाम परेशानियों के बावजूद हमने इसे पूरा किया।

## चुनाव आयोग से मिला विपक्षी प्रतिनिधिमंडल कहा, डाक मतपत्रों के नतीजे पहले हों घोषित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्षी पार्टियों का एक प्रतिनिधिमंडल डाक मतपत्रों की गिनती पहले पूरी कर नतीजे घोषित किए जाने के मुद्दे पर रविवार को चुनाव आयोग से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से कहा कि उसी का वैधानिक आदेश (स्टेट्यूटरी आर्डर) है कि पोस्टल बैलट (डाक मतपत्रों) के नतीजे पहले घोषित होने चाहिए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग से मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का यह वैधानिक आदेश रहा है कि डाक मतपत्रों की गिनती पहले की जाती है और ईवीएम से पहले ही उसके नतीजे भी बताए जाते हैं। सिंघवी ने कहा कि डाक मतपत्र अक्सर कई बार चुनाव के नतीजे पलटने की क्षमता रखते हैं। हाल ही में चुनाव आयोग ने गाइडलाइन के जरिए इस नियम को हटाया है।



हमारा मानना है कि इस तरह के नियमों को गाइडलाइन के माध्यम से नहीं पलटा जा सकता। समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए यह नियम बेहद जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल में डी. राजा, सीताराम येचुरी, द्रमुक नेता टीआर बालू, समाजवादी पार्टी नेता राम गोपाल यादव शामिल थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com